हरिभूमि

# संस्कारधानी भूमि

रायपुर, बुधवार 28 जनवरी 2026





## अग्निशमन एवं औद्योगिक सुरक्षा प्रशिक्षण द्वारा 10th/ 12th/ स्नातक छात्राओं के लिए रोजगार का सुनहरा अवसर

भिलाई। संस्था फायर एवं सेफ्टी प्रशिक्षण केंद्र निजी संस्थान है, भिलाई में रोजगार मुखी प्रशिक्षण हेतु भर्ती योग्यता 10वीं 12वीं एवं स्नातक एवं स्नाकोत्तर किसी भी संकाय आयु 17 से 40 वर्ष फायर एवं औद्योगिक सुरक्षा डिग्री डिप्लोमा कार्यरत कर्मचारी पार्ट टाइम फुल टाइम प्रशिक्षण कर सकते है, मान्यता प्राप्त प्रशिक्षण संस्थान एवं रोजगार विकास हेतु पंजीकृत FSDMI BHILAI मान्यता प्राप्त संस्था द्वारा विशेष प्रशिक्षण अग्निशमन एवं औद्योगिक सुरक्षा प्रबंध पाठ्यक्रम संचालित किया जा रहा है प्रशिक्षण कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य छात्र-छात्राओं को रोजगार उपलब्धत कराना है, फायर एवं औद्योगिक सुरक्षा की नियुक्ति फायर स्टेशन, कारखाने, खदानों, माइनिंग, पावर प्लांट, कार्गो हब फैक्ट्री कारखाने सरकारी एजेंसी, इंश्योरेंस कंपनी एवं अन्य जगहों में फायर अधिकारी, ट्रेनर, फायरमैन, औद्योगिक सुरक्षा निरीक्षक, सेफ्टी मैनेजर, फायर सुपरवाइजर, टीम लीडर जैसे अन्य पदों हेतु अवसर मिलते हैं तथा भविष्य में पदोन्नति की भरपुर संभावनाएं होती है साथ ही फायर एवं सेफ्टी ऑफिसर स्वयं रोजगार के लिए समर्थ होते हैं अनुमानित जानकारी के अनुसार छत्तीसगढ़ राज्य में बने नए जिलों में अनुमानित लगभग 2000 फायरमैन एवं अग्निशमन वाहन चालक की भर्तियां आने की संभावना है, संस्था से प्रशिक्षण प्राप्त कर छात्र-छात्राएं

**इच्छुक छात्र- छात्राएं आवेदन करें**

**फायर सेफ्टी के कोर्स**



1. एक वर्ष फायर सेफ्टी
2. एक वर्षीय इंडस्ट्रियल सेफ्टी
3. बी.एस.सी. फायर सेफ्टी
4. सेनेटरी हेल्थ इंस्पेक्टर
5. (ADIS) एडवांस्ड डिप्लोमा इंडस्ट्रियल सेफ्टी
6. (PDIS) पोस्ट डिप्लोमा इंडस्ट्रियल सेफ्टी
7. सर्टिफिकेट कोर्स फायर एवं सेफ्टी

विभिन्न कंपनियों जैसे रक्षा मंत्रालय भारत सरकार (DRDO), भिलाई स्टील प्लांट, रेल मंत्रालय ब्रेथवेट कंपनी लिमिटेड, पावर प्लांट, सीमेंट प्लांट, स्टील प्लांट, एवं अन्य कंपनियों में ठेकेदारी बेस से कार्यरत कर रहे है संस्था FSDMI भिलाई में चल रहे 6 माह, 1 वर्षीय, फायर एवं सेफ्टी प्रशिक्षण की जानकारी सूचना केंद्र में बताई जाएगी, संस्था द्वारा उपलब्ध सुविधाएं प्रशिक्षण के दौरान आत्मनिर्भरता के लिए सुविधा अनुसार पार्ट-टाइम, फुल-टाइम नौकरी दिलवाने में सहायता की जाती है जिससे छात्र-छात्राएं अपनी प्रशिक्षण की शुल्क एवं रहने और खाने क्या खर्च स्वयं से निकाल सकते हैं, प्रशिक्षण प्राप्त उम्मीदवारों एवं सफल अभ्याथियों को सरकलो प्रमाण पत्र प्रदान किया जाएना प्रशिक्षण उपरांत छात्रों को निजी कंपनियों में नौकरी लगने में सहायता की जाती है, सभी जाति वर्ग के (SC, ST, OBC, GENERAL) संस्था के द्वारा प्रशिक्षण शुल्क में विशेष छूट दी जाएगी। अधिक जानकारी के लिए संपर्क करें: मो. 7697212782 **पता: फायर सेफ्टी डिजास्टर मैनेजमेंट इंस्टीट्यूट, (निजी संस्थान) इंदिरा गांधी इंग्लिश मीडियम स्कूल, नजदीक गदा चोक, सुपेला भिलाई, दुर्ग (छ.ग.)**

Advt.


# चलते-फिरते तीर्थ थे आचार्य श्री, उनके दिखाए मार्ग का करें अनुशरण: शिवराज

## डोंगरगढ़ स्थित चंद्रगिरी तीर्थक्षेत्र पहुंचे केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान आज चंद्रगिरि तीर्थक्षेत्र डोंगरगढ़ के विद्यासागरोदय समाधि स्थल में संत शिरोमणि आचार्यश्री 108 विद्यासागर जी महामुनिराज के द्वितीय समाधि स्मृति महामहोत्सव कार्यक्रम में शामिल हुए। उन्होंने समाधि स्थल पर पहुंचकर पूजा-अर्चना की। इस अवसर पर उन्होंने आचार्यश्री विद्यासागर महाराज के नाम से 210 डाक लिफाफे का विमोचन, भारत सरकार द्वारा चांदी के सिक्के का विमोचन किया। साथ ही विद्यासागर संग्रहालय का शिलान्यास एवं भूमिपूजन तथा पौधरोपण किया।

केन्द्रीय मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा कि डोंगरगढ़ की धरा पर आकर मैं धन्य हो गया। आज यहां आकर मन में दो भाव आ रहे हैं कि काश यहां आकर मुझे बोलने का नहीं, बल्कि उनको सुनने का अवसर मिलता। आज यहां डोंगरगढ़ में उनके बिना सूना महसूस हो रहा है, लेकिन दूसरी तरफ यह भाव भी महसूस हो रहा है कि आचार्यश्री विद्यासागर महाराज की उपस्थिति का अहसास हर जगह हो रहा है। इस अवसर पर सांसद संतोष पांडे, डोंगरगांव विधायक दलेश्वर साहू, कोमल सिंह राजपूत, पूर्व विधायक रामजी भारती, संजय बडज़ात्या, मनीष जैन, अशोक जैन एवं जनप्रतिनिधि तथा जैन समाज के प्रबुद्धजन, स्कूली बच्चे व नागरिकगण उपस्थित थे। इस अवसर पर केंद्रीय मंत्री श्री चौहान ने आचार्य श्री विद्यासागर जी महाराज के नाम से किया गया 210 डाक लिफाफे का विमोचन, भारत सरकार द्वारा चांदी के सिक्के का विमोचन भी किया।

### डोंगरगढ़ अद्भुत स्थान

केंद्रीय मंत्री ने कहा कि डोंगरगढ़ अद्भूत स्थान है, यहां एक ओर चंद्रगिरि जैन तीर्थ स्थल है तो दूसरी ओर मां बम्लेश्वरी का मंदिर है। वहीं प्रज्ञागिरि में बौद्ध तीर्थ स्थल है। यहां तीन मार्गों का संगम है। इस अवसर पर कलेक्टर जितेन्द्र यादव ने छत्तीसगढ़ का इतिहास तथा पुलिस अधीक्षक अंकिता शर्मा ने छत्तीसगढ़ पर्यटन किताब उन्हें भेंट की।



### तीर्थ स्थान के रूप में होगा विकसित

स्कूल शिक्षा मंत्री गजेन्द्र यादव ने कहा कि संत शिरोमणि आचार्यश्री 108 विद्यासागर जी महामुनिराज के द्वितीय समाधि स्मृति महामहोत्सव के अवसर पर यहां आने का सौभाग्य मिला है। उनका एक पल यदि हम अपने जीवन में उतार लें तो हमारा जीवन सार्थक हो जाएगा। आने वाले समय में यह स्थान जैनियों के लिए तीर्थ स्थान के रूप में विकसित होगा।

### बच्चों ने दी मनमोहक प्रस्तुति

भारत सरकार द्वारा विद्यासागर जी महाराज के प्रारंभ किए गए मूकमाटी ट्रेन को प्रतीक स्वरूप प्रदर्शित किया गया। प्रतिभास्थली ज्ञानोदय विद्यापीठ डोंगरगढ़ के बच्चों ने आत्मनिर्भर भारत प्राचीन गौरव गीत पर मनमोहक सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति दी। पूज्य मुनि द्वारा रचित सचित्र पुस्तक संस्कृति शासनाचार्य एवं लोक्कोत्तर महापुरूष का अलौकिक दर्शन तथा सांसद गिरिधर गमांग तथा डॉ. कर्नल दस द्वारा रचित लॉस्ट जैन ट्राईब्स ऑफ ट्रीकलिंगा का अनावरण किया गया।

## खबर संक्षेप

### जुआ खेलते 8 पकड़ाए 1.85 लाख रुपए जब्त

**राजनांदगांव।** ग्राम घुमका में एक बाड़ी के पास कुछ लोग एकत्र होकर जुआ खेल रहे थे। जिसकी सूचना पर पुलिस ने मौके पर दबिश दी। इस दौरान आठ आरोपी पकड़े गए। फड़ से नगदी रकम 1,85,000 रुपए व ताशपत्ती जब्त किया गया। पुलिस सूत्रों के अनुसार घुमका थाना क्षेत्र अंतर्गत 26 जनवरी को घुमका पुलिस को मुखबीर से सूचना मिली थी कि ग्राम घुमका के चौरसिया बाड़ी के पास 52 पत्ती ताश के साथ कुछ लोग जुआ खेल रहे हैं। इस सूचना पर पुलिस के वरिष्ठ अधिकारियों के मार्गदर्शन में पुलिस की संयुक्त टीम गठित कर ग्राम घुमका के चौरसिया बाड़ी के पास 52 पत्ती ताश में जुआ खेल रहे जुआरियों पर रेड कार्रवाई की गई। इस दौरान आरोपी मुकेश तिवारी, मनोज बघेल, शैलेन्द्र वर्मा, प्रमोद वर्मा, राकेश वर्मा, देवा वर्मा, फागूराम यादव, खेमचंद वर्मा ऊर्फ पप्पू सभी निवासी ग्राम घुमका थाना घुमका से कुल 1.85 लाख रुपए नगदी व चार नग एंड्रायड फोन कीमती 40000 रुपए जुमला कीमती 2.25 लाख रुपए को जब्त कर छग जुआ प्रतिषेध अधिनियम 2022 की धारा 3(2) के तहत कार्रवाई किया गया है। आरोपियों के विरूद्ध पृथक से धारा 170, 126, 135(3) बीएनएसएस के तहत कार्रवाई किया गया है।

## मॉय एंगल




### छह घंटे के भीतर पुलिस ने मामले को सुलझाया, आरोपी गिरफ्तार

# शादी का दबाव बना रही प्रेमिका की प्रेमी ने हत्या कर बांध में फेंका शव

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

**बांध के करीब ही बैग में मिला मृतिका का सामान, उसी से हुई पहचान**

प्रेम-संबंध के बाद शादी ना कर आरोपी ने युवती की हत्या कर दी। शव को हरडुवा जलाशय में फेंक दिया था। इस मामले में पुलिस ने 6 घंटे के भीतर अंधेकत्ल को सुलझा लिया है। आरोपी को गिरफ्तार कर कार्रवाई की गई है।

पुलिस सूत्रों के अनुसार 26 जनवरी को दोपहर करीब 12 बजे थाना ठेलकाडीह पुलिस को सूचना मिली कि किसी अज्ञात महिला का शव हरडुवा जलाशय के निकासी गेट के पास पानी में तैर रहा है। सूचना पर तत्काल ठेलकाडीह पुलिस द्वारा वरिष्ठ अधिकारियों को सूचित कर मौके पर पहुंचकर सूचना की तस्दीक किया गया। सूचना सही पाया गया। पुलिस टीम द्वारा त्वरित रूप से कार्रवाई करते आसपास के लोग एवं ग्रामीणों से अज्ञात शव की पहचान के संबंध में पतासाजी की जा रही थी। इसी दौरान पानी में थोड़ी दूर पर एक कैरी बेग में मृतिका का आधार कार्ड, चप्पल एवं अस्पताल के उपचारी दस्तावेज तैरते पाए गए। जिसके पश्चात मृतिका रूपा साहू 21 साल निवासी रामनगर मुक्तिधाम सुपेला का पहचान होने से उनके परिजनों को सूचना देकर मौके पर तलब किया गया एवं हत्या होना प्रतीत होने से धारा 103(1)-238 बीएनएस कायम कर विवेचना में लिया गया।



### लाश को छिपाने पत्थर से बांधकर पानी में फेंका

पुलिस के अनुसार पूछताछ में आरोपी ने बताया कि वह लड़की से पीछा छुड़ाना चाहता था। शादी करना नहीं चाहता था और लड़की बार-बार शादी करने के लिए दबाव बना रही थी। उसे मोटर साइकिल में बैठाकर घटनास्थल ले जाकर पत्थर से उसके सिर में वार कर हत्या कर दिया और लाश को छुपाने के लिए दो गमछा से कमर में बांधकर बड़े पत्थर से पानी में फेंक दिया था। आरोपी के निशादेही पर घटना में प्रयुक्त पत्थर, आरोपी के पहने हुए कपड़े, जिसमें खून लगे हुए हैं एवं मोटर साइकिल को जब्त कर लिया गया है। आरोपी को गिरफ्तार कर 27 जनवरी को न्यायिक रिमांड पर भेजा गया।

### पीएम रिपोर्ट से हुआ हत्या का खुलासा

पुलिस के मुताबिक शव का पंचनामा कर सीएचसी घुमका से पीएम कराया गया। जिसमें डॉक्टर द्वारा हार्ड एंड ब्लंड आबजेक्ट से सिर में कई चोंट आने से अत्याधिक रक्तस्राव होने से मृत्यु होना लेख किया गया है। परिजनों को पूछताछ करने पर बताए कि मृतिका का प्रेम संबंध हरडुवा निवासी आनंद वर्मा के साथ था, जो शादी करने से मना कर दिया था। तीन-चार माह पहले युवती आरोपी आनंद वर्मा के घर शादी करने के लिए आई थी, लेकिन आरोपी द्वारा उसे मारपीट कर भगा दिया गया था। 25 जनवरी को भी आरोपी के घर शादी करने बोलने के लिए ही आई होगी, बताने पर आरोपी का पतासाजी किया गया। आरोपी घर में मिलने पर कड़ाई से पूछताछ करने पर घटना करना स्वीकार किया।

# कर्मियों की हड़ताल से बैंक का कामकाज ठप 4 दिनों से सेवा प्रभावित

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

सप्ताह में 5 दिन बैंकिंग वर्किंग कार्य की मांग को लेकर आज सभी राष्ट्रकृत बैंकों के कर्मचारी हड़ताल पर रहे। शहर के स्टेट बैंक के मुख्य शाखा के सामने आज कर्मचारियों ने धरना प्रदर्शन करते सरकार के खिलाफ नारेबाजी की।




सप्ताह में 5 दिन बैंक का कार्य दिवस लागू करने की मांग को लेकर सभी बैंक कर्मचारी मंगलवार को हड़ताल पर रहे। स्टेट बैंक के सामने प्रदर्शन करते बैंक कर्मियों ने केंद्र सरकार से 5 दिन वर्किंग को लागू करने मांग की। अपने हड़ताल को लेकर विजय नुमने और दिनेश जतेरे ने कहा कि वेतनमान में समझौता करते 5 दिन बैंकिंग की सहमति सरकार द्वारा बनाई गई थी, लेकिन इसे लागू करने में देर किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि यह हड़ताल देशभर में की जा रही है। हड़ताली कर्मचारियों ने कहा कि अगर यह मांग पूरी नहीं होती है तो सभी अनिश्चितकालीन हड़ताल पर चले जाएंगे।

### सभी काम अटके

बैंक कर्मचारियों ने कहा कि उनके हड़ताल से आम लोगों को दिक्कत ना हो, इसलिए सभी एटीएम के माध्यम से लेनदेन की व्यवस्था सुनिश्चित की गई थी। वहीं बैंक के भीतर होने वाला कार्य हड़ताल के चलते प्रभावित हुआ है। इधर चार दिनों से बैंक बंद होने के चलते शहर के कुछ एटीएम में कैश खत्म होने जैसी समस्याओं से लोगों को गुजरना पड़ा।

**काम प्रभावित, उपभोक्ता परेशान:** शनिवार व रविवार अवकाश के बाद सोमवार को गणतंत्र दिवस की छुट्टी के चलते तीन दिनों तक बैंक में कामकाज प्रभावित रहा। मंगलवार से बैंकिंग कार्य को लेकर लोगों ने अपनी तैयारी की हुई थी, लेकिन सभी बैंकों के कर्मचारी अपनी मांग को लेकर हड़ताल पर चले गए। जिससे लगातार चार दिनों तक बैंक का कार्य ठप हो गया है।

# घर में लगाई आग, आरोपी गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

पेट्रोल डालकर घर में आग लगाने की सूचना पर बसंतपुर पुलिस ने मामले की जांच पड़ताल करते आगजनी की घटना में संलिप्त आरोपी एवं विधि से संघर्षरत बालक के विरुद्ध त्वरित एवं प्रभावी कार्रवाई की।

पुलिस सूत्रों के अनुसार बसंतपुर थाना क्षेत्र अंतर्गत प्रार्थी द्वारा थाना उपस्थित होकर लिखित आवेदन प्रस्तुत किया गया कि 27 जनवरी को रात्रि लगभग 12 बजे आरोपी कपिल धीवर एवं एक अन्य विधि से संघर्षरत बालक द्वारा पेट्रोल डालकर उसके घर में आग लगा दी गई। उक्त सूचना पर थाना बसंतपुर में अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया। इस मामले में वरिष्ठ पुलिस अधिकारियों के निर्देश एवं मार्गदर्शन में बसंतपुर थाना प्रभारी एमन साहू के नेतृत्व में त्वरित कार्रवाई करते सूचना के आधार पर आरोपी कपिल धीवर एवं आगजनी में शामिल विधि से संघर्षरत बालक को अभिरक्षा में लेकर पूछताछ की गई। जिसमें दोनों द्वारा अपराध स्वीकार किया गया। तत्पश्चात आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया गया, जहां से जेल वारंट प्राप्त होने पर उसे न्यायिक अभिरक्षा में जेल भेजा गया।

# पश्चिमी विक्षोभ का असर, प्रदेश में सबसे गर्म रहा नांदगांव जिला

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

**31.5 डिग्री पहुंचा अधिकतम पारा**

वेस्टर्न डिस्टरबेंस के प्रभाव के कारण अंचल सहित प्रदेशभर में मौसम का मिजाज बदल गया है। जिसके चलते न्यूनतम तापमान में बढ़ोत्तरी दर्ज की गई है। आलम यह है कि प्रदेश में कुछ स्थानों पर तापमान 2-5 डिग्री सेल्सियस तक सामान्य से अधिक ऊपर चला गया है। जिसमें राजनांदगांव जिला भी शामिल है। यहां पिछले एक सप्ताह के दौरान लगभग पांच डिग्री का इजाफा अधिकतम तापमान में देखने को मिला है। मंगलवार को नांदगांव जिला प्रदेश में सबसे गर्म जिला रहा।

मौसम विभाग द्वारा जारी बुलेटिन के अनुसार एक पश्चिमी विक्षोभ उत्तर पाकिस्तान और उसके आसपास स्थित है। एक फ्रेश पश्चिमी विक्षोभ 30 जनवरी को उत्तर-पश्चिम भारत को प्रभावित करने की संभावना है। प्रदेश में कल 28 जनवरी को मौसम मुख्यतः रहने की संभावना है। उत्तर छत्तीसगढ़ में सरगुजा संभाग और उससे लगे बिलासपुर संभाग के एक-दो जिलों में, एक-दो स्थानों पर बहुत हल्की वर्षा हो सकती है। प्रदेश में न्यूनतम तापमान कोई विशेष परिवर्तन होने की संभावना नहीं है, किन्तु सरगुजा संभाग और उससे लगे जिलों न्यूनतम तापमान में गिरावट 28 और 29 जनवरी को हो सकती



### बारिश की भी बनी आशंका

इधर मौसम विभाग के मुताबिक 28-29 जनवरी को प्रदेश के उत्तरी इलाके यानी सरगुजा, बलरामपुर, कोरिया, जशपुर में हल्की बारिश की संभावना है। वहीं कहीं-कहीं गरज-चमक की संभावना है। हालांकि इसका असर अंचल में देखने को नहीं मिलेगा। वहीं इसके पश्चात 30 जनवरी को नया पश्चिमी विक्षोभ गुजरने के बाद उत्तर छत्तीसगढ़ में ठंड बढ़ेगी। न्यूनतम तापमान में 1 से 3 डिग्री सेल्सियस की गिरावट हो सकती है।

### न्यूनतम तापमान भी चढ़ा

मौसम विभाग द्वारा मंगलवार को जारी जिलेवार तापमान के आंकड़ों के अनुसार जहां 31.5 डिग्री के साथ राजनांदगांव जिला प्रदेशभर में सबसे गर्म जिला रहा। वहीं इसका न्यूनतम तापमान भी चढ़कर 12.5 डिग्री सेल्सियस पर पहुंच गया है। जबकि दुर्ग, रायपुर, बिलासपुर सहित जगदलपुर और अंबिकापुर शहर के तापमान 30 डिग्री के नीचे बने हुए हैं।

# ट्रक ने बाइक सवारों को ठोंका, दो की मौत

- एलबी नगर के पास दर्दनाक सड़क हादसा

हरिभूमि न्यूज ⏭ चिचोला

बाइक में सवार होकर जा रहे तीन युवकों को ट्रक ने ठोकर मार दिया। जिससे मौके पर ही दो युवकों की मौत हो गई। वहीं एक युवक गंभीर रूप से घायल है। घटना की रिपोर्ट पर पुलिस ने आरोपी वाहन चालक के खिलाफ मामला दर्ज किया है।

पुलिस सूत्रों के अनुसार चिचोला पुलिस चौकी क्षेत्र अंतर्गत 25 जनवरी को एक बाइक में सवार होकर खिलेश्वर यादव, रमन यादव एवं सौरभ देवांगन जा रहे थे। वे रात्रि लगभग 9 बजे एलबी नगर राईस मिल के सामने पहुंचे ही थे कि उसी समय सामने से आ रही ट्रक के चालक ने तेज गति एवं लापरवाही से वाहन चलाते हुए ठोकर मार दिया। बताया गया कि बाइक को ठोकर मारने के बाद ट्रक एक किराना दुकान के ईंटा सीढ़ी को ठोकर मारते हुए घुस गई। जिससे सीढ़ी क्षतिग्रस्त हो गई। इधर इस घटना से बाइक में सवार खिलेश्वर यादव व रमन यादव दोनों को गंभीर रूप से चोंटे आई थी और मौके पर ही उनकी मृत्यु हो गई।




### घायल उपचार हेतु भर्ती

पुलिस के अनुसार घटना में सौरभ देवांगन गंभीर रूप से घायल हो गया, जिसे उपचार हेतु मेडिकल कॉलेज ले जाया गया, जहां से रायपुर चिकित्सालय के लिए रिफर किया गया है। उक्त घटना से एलबी नगर में इस घटना से शोक की लहर व्याप्त हो गई है। घटना की रिपोर्ट पर पुलिस ने आरोपी वाहन चालक के खिलाफ मामला दर्ज किया है।


**बेचना हैं**

रिवर न्यू फार्म हाउस भूमि नदी किनारे डूंडेरा से मुड़पार से होकर डोंगरगढ़ जाने वाली डामर रोड पर स्थित भूमि बेचना है।

- संपर्क करें -
Mo. 9243901653

**जमीन बेचना हैं**

कमर्शियल (व्यावसायिक) जमीन तुमड़ीबोड़ से डोंगरगढ़ जाने वाली मुख्य मार्ग पर ग्राम डूंडेरा में स्थित है।

- संपर्क करें -
Mo. 7770999355

**संजीवनी नर्सिंग होम**

**हार्ट एवं न्यूरो केयर सुपर स्पेशलिटी हॉस्पिटल**

**24 घंटे आपात चिकित्सा**
- एक्सीडेंट
- जहर का सेवन
- लीवर फेलयर
- किडनी फेलयर
- हार्ट अटैक
- ब्रेन हेमरेज
- पीलिया • लकवा

**स्त्री एवं प्रसूति रोग विशेषज्ञ**
- बच्चेदानी का ऑपरेशन
- बांझपन का ईलाज
- मासिक धर्म की अनियमितता का ईलाज
- गर्भाशय संबंधी सभी प्रकार के रोगों का ईलाज
- नार्मल व सीजिरियन डिलीवरी मात्र 10000/-

24/7 Emergency सेवा उपलब्ध

OPD 10 AM to 4.00 PM

आयुष्मान कार्ड से ईलाज हेतु अधिकृत हॉस्पिटल

पुलिस थाना के सामने, चिखली, राजनांदगांव (छ.ग.)

24/7 Help Line 07744-299988, 82699-24365, 88279-24365






## उल्लास के साथ मनाया गया राष्ट्रीय पर्व, सांस्कृतिक कार्यक्रमों में दिखी विकास की झलक

# देश की रक्षा का संकल्प, शहर और गांवों में फहरा तिरंगा

हरिभूमि न्यूज ⏭ डोंगरगढ़

डॉ अम्बेडकर विद्यालय में धूमधाम से गणतंत्र दिवस मनाया गया। मुख्य अतिथि पार्षद डॉ रेखा राघोते, विशेष अतिथि डॉ राजेश राघोते थे। अध्यक्षता प्रभारी प्राचार्य सूर्यवता तुरे ने की। ध्वजारोहण के बाद छात्रों ने राष्ट्रगान प्रस्तुत किया। अतिथियों ने डॉ बाबा साहब अम्बेडकर, महात्मा गांधी के चित्र के समक्ष दीप प्रज्वलित कर माल्यार्पण किया। कार्यक्रम में ए ब्राह्मणकर, आर मोहने, बी पोद्दार, एस पटेल, टी भावे, एम गजभिए, डी दुतारा, एच यादव, आर सक्सेना, जे बनाफर, पी बॉम्बडे, पी भास्कर आदि शामिल हुए। छात्र छात्राओं ने गीत, भाषण, कविता, नृत्य आदि प्रस्तुत किया। हीरालाल टेंभुरकर ने संविधान गीत प्रस्तुत किया। इस मौके पर गो विज्ञान परीक्षा में प्रथम, द्वितीय, तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले छात्रों को प्रमाण पत्र दिया गया।

आजाद चौक गोल बाजार में शहर ब्लॉक कांग्रेस कमेटी ने कार्यक्रम आयोजित किया। विधायक हर्षिता स्वामी बघेल ने ध्वजारोहण



किया। संदेश वाचन जितेंद्र भाटिया ने किया। इस मौके पर नवाज खान, थानेश्वर पटिला ने सभा को संबोधित किया। अंत में आभार प्रदर्शन शहर कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष हरीश भंडारी ने किया। इस दौरान विनोद तिवारी, धीरेंद्र प्रताप सिंह, धीरज मेश्राम, सुदेश मेश्राम, संध्या देशपांडे, नलिनी मेश्राम, मांगलिनबाई, लक्ष्मी शांडिल्य, रेखा खोबरागड़े, निशा निर्मलकर, खेमिनबाई, बिंदाबाई, ललिता साखरे, मधु श्रीवास्तव, फूलबाई, मेहतरिनबाई, रितु निर्मलकर, कौशल्या, लीला चौधरी, शिल्पा सहारे, पुष्पा इंदुरकर, रिमी भाटिया, प्रदीप शर्मा, संदीप गहरवार, विजय अग्रवाल, डॉ दिलीप नशीने, विजय राज सिंह, अनिल गट्टानी, सनी भाटिया, नरेश करसे, दशरथ ठाकुर, गणेश प्रसाद, संजय यादव, अश्विनी फुले, मतीन खान, रूपचंद खोबरागड़े, संजय फुले, एडमिन हैदर, जगतारण यादव, केशव टांडी, गणपत रजक, दुलीचंद बडोले एसके स्माइल, मयूर हथेल, प्रमोद टेंभूलकर, शिव निषाद, भगवत चौधरी, युवराज सेन, छगन साहू, रामजी तराने, अमन उजवने, भाऊदास मेश्राम, प्यारेलाल शर्मा, दिनेश साकरे, अनिल मेश्राम, संजीव गुप्ता, रवि वाघमारे, प्रकाश महानदी, मो अकील कुरैशी, बबलू खोबरागड़े, धन्नालाल, गणेश साहू, परदेसी साहू, गजेंद्र साहू, मनोज साहू ,कमल किशोर शर्मा, निधि गजभिए आदि उपस्थित थे।

गणतंत्र दिवस के मौके पर तहसील पेंशनर इकाई के पदाधिकारियों ने पूर्व माध्यमिक



प्राथमिक शाला कलकसा पहुंच कर डिंपल कुंजाम, ऐश्वर्य, कुलेश्वर, प्रियांशी, तन्वी, पुष्पांजलि को स्कूल बैग प्रदान किया । माता, पिता विहीन डिंपल कुंजाम, नरेंद्र को स्कूल बैग एवं 500- 500 रूपए नगद प्रदान किया। इस मौके पर हेमंत साहू, जगमोहन हिरवानी, कन्हैया दास, जगीन चंद्रवंशी, मंथीर साहू, कांता कांडे, कुलदीप साहू, सरपंच उमा धुर्वे , सचिव केदान सिन्हा, नरोत्तम कुंजाम, जितेश्वरी मंडावी, पूजा मंडावी, ढेला बाई, शिक्षक माया सोमकुंवर, मडामे, प्रभा श्रीवास्तव, सीमा वैद्य, मन्हारण गायकवाड़ उपस्थित थे।

शहर भाजपा ने गणतंत्र दिवस का भव्य आयोजन किया। आत्मानंद स्कूल से निकली



प्रभात फेरी एवं परेड को भाजपा नेताओं एवं कार्यकर्ताओं ने सलामी दी। ध्वजारोहण कर राष्ट्रध्वज को नमन किया गया। इस अवसर पर भाजपा के पदाधिकारी, जनप्रतिनिधि, कार्यकर्ता एवं बड़ी संख्या में नगरवासी उपस्थित थे। अंत में मिष्ठान वितरण किया गया।

सेवा सहकारी समिति अछोली में प्राधिकृत



अधिकारी कमल किशोर साहू ने ध्वज फहराया। ध्वजारोहण के पश्चात राष्ट्रगान किया गया। कार्यक्रम में ग्रामवासी, विद्यार्थी एवं शिक्षक शामिल हुए। कांग्रेस नेता विष्णु लोधी ने लोधी पेट्रोलियम में ध्वजारोहण किया। इस अवसर पर तिरंगे को सलामी देकर राष्ट्र की एकता, अखंडता एवं संविधान की सर्वोच्चता के प्रति निष्ठा व्यक्त किया। इस अवसर पर कर्मचारियों एवं नागरिकों ने देश के प्रति कर्तव्य निभाने का संकल्प लिया।

थाना चौक में आयोजित समारोह में विधायक हर्षिता स्वामी बघेल शामिल हुई। ध्वजारोहण के



पश्चात राष्ट्रगान गाया गया। कार्यक्रम में जनप्रतिनिधि, अधिकारी, पुलिस विभाग के अधिकारी-कर्मचारी बड़ी संख्या में शामिल हुए।

माँ बम्लेश्वरी मल्टी स्पेशलिटी चिकित्सालय परिसर में उत्साह के साथ गणतंत्र दिवस का



आयोजन किया गया। ट्रस्ट अध्यक्ष मनोज अग्रवाल, सदस्य, चिकित्सालय प्रबंधन, डॉक्टर, नर्सिंग स्टॉफ एवं कर्मचारियों की उपस्थिति में ध्वज फहराया गया। राष्ट्रगान गाया गया। कार्यक्रम में उपस्थितजनों ने संविधान के आदर्शों को आत्मसात करने एवं समाजहित में कार्य करने का संकल्प लिया गया।

### डॉ. आलोक एवं स्नेहा सम्मानित

गणतंत्र दिवस के मौके पर डॉ आलोक कलचुरी



होम्यो चिकित्सा अधिकारी को होम्यो चिकित्सा के क्षेत्र में उत्तम सेवा एवं पीएमश्री जवाहर नवोदय विद्यालय की शिक्षक स्नेहा अग्रवाल को मैथ्स पार्क के नवाचार शिक्षण विधि के लिए जिला स्तरीय गणतंत्र दिवस समारोह में विधानसभा अध्यक्ष डॉ रमन सिंह ने प्रशस्ति पत्र प्रदान कर सम्मानित किया। प्राचार्य श्री सिंह, उप प्राचार्य एसके मंडल, श्री पॉल आदि ने उन्हे बधाई दी है।

**डोंगरगांव।** शहर और अंचल में देशभक्ति के



जज्वे के साथ गणतंत्र दिवस मनाया गया। विभिन्न शासकीय कार्यालय, स्कूलों सहित सार्वजनिक स्थानों पर ध्वजारोहण किया गया। मुख्य कार्यक्रम आत्मानंद स्कूल मैदान में आयोजित हुआ। जनपद अध्यक्ष रंजिता पडौती ने मुख्यमंत्री के संदेश का वचन किया। इस दौरान जिला पंचायत के पूर्व अध्यक्ष दिनेश गांधी, मंडल भाजपा अध्यक्ष दीना पटेल, अंजू त्रिपाठी, रोहित गुप्ता, रामकुमार गुप्ता, गुलशन हिरवानी, प्रफुल्ल जैन, संतोष यादव, योगेश पटेल सहित अन्य मौजूद थे।

### आमंत्रण कार्ड में खामियां

शहर में आयोजित कार्यक्रम का नगर प्रशासन ने कार्ड बांटकर लोगों को आमंत्रित किया था। इस कार्ड में वार्ड एक की कांग्रेस पार्षद गीता सलामे, वार्ड तीन के प्रियंक जैन, वार्ड आठ की नफीसा बड़गुजर, वार्ड 14 के पुरुषोत्तम साहू के नाम त्रुटिपूर्ण प्रकाशित हुआ था। कार्ड वितरण के पूर्व त्रुटियों पर किसी का ध्यान नहीं गया।

**अर्जुनी।** प्राथमिक शाला सुखरी में उल्लास के साथ गणतंत्र दिवस मनाया गया। सुबह स्कूली



बच्चों ने प्रभातफेरी निकालकर गांव का भ्रमण किया। इस दौरान गांव के विभिन्न स्थानों पर ध्वजारोहण किया गया। प्राथमिक शाला परिसर में मुख्य कार्यक्रम आयोजित किया गया। यहां सरपंच सुरेन्द्र गिर गोस्वामी आदि ने झंडोत्तोलन किया। इस मौके पर प्रधानपाठक सपना भरतद्वाज, सरस्वती साहू, गिरजा शाहू, निर्भयराम, महेश्वरी निषाद, दुलारी, ज्योति, दीनी बाई आदि मौजूद थे। संचालन बसंत साहू एवं सपना भरतद्वाज ने किया। इस दौरान खुशी मानिकपुरी, शिवानी तिवारी, नव्या साहू, देवहूति साहू, अन्नू धनकर, जिज्ञासा साहू, सुहानी साहू, खुशिका, जास्मिन, तनूजा साहू, काव्या यादव, योगिता यादव, गामिनी, होशिका निषाद, चुनिंदा, रोशनी, प्रेरणा निषाद ने विविध कार्यक्रम पेश किए।

नवीन महाविद्यालय अर्जुनी में गणतंत्र दिवस



का आयोजन गरिमामय वातावरण में किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत ध्वज फहराने के साथ हुई। इसके पश्चात राष्ट्रगान व राष्ट्रीय गीत का सामूहिक गायन किया गया। कालेज की खुशबू देवांगन, योगेश निषाद, गोवर्धन, रितु, टिकेश्वरी ठाकुर, रेणुका ने देशभक्ति की भावना व्यक्त की तथा संविधान की गरिमा, स्वतंत्रता सेनानियों के त्याग एवं राष्ट्रीय एकता पर अपने विचार रखे। अतिथि व्याख्याता चांदनी पराते, योगिता ठाकुर, चंद्रकांत कुंभकार, ज्ञानेश्वर देवांगन, लव कुमार वर्मा, ओमप्रकाश सहारे ने संविधान के महत्व, राष्ट्र की एकता एवं अखंडता बरकरार रखने तथा देश के प्रति अपने दायित्वों का निर्वहन करने छात्रों को प्रेरित किया। प्राचार्य डॉ अंजना ठाकुर ने शिक्षा अनुशासन एवं सकारात्मक सोच के माध्यम से राष्ट्र निर्माण में योगदान देने का आव्हान किया। उन्होंने बीएससी अंतिम के योगेश निषाद, बीकाम अंतिम की खुशबू देवांगन सहित अन्य प्रतिभागियों को सम्मानित किया।

### सरपंच अजय पंसारी सम्मानित

**खुज्जी।** गणतंत्र दिवस के अवसर पर जनपद



पंचायत ने स्थानीय सरपंच अजय पंसारी, सचिव लोकनाथ यदु को मनरेगा, भूजल सरंक्षण, ग्राम विकास कार्यों का क्रियान्वयन, उत्कृष्ट प्रशासनिक कार्य एवं जनहित में सराहनीय योगदान के लिए सम्मानित किया। ग्रामवासियों ने सरपंच पंसारी को बधाई दी है।

**टेड़ेसरा।** स्थानीय सरस्वती शिशु मंदिर में गणतंत्र



दिवस हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। सर्वप्रथम सुबह भैया बहनों ने वीरांगना रानी लक्ष्मीबाई, दुर्गावती, रानी चेन्नमा, सावित्रीबाई फुले, रानी कर्णावती, रानी पद्मावती, छत्तीसगढ़ महतारी, भारतमाता, स्वामी विवेकानंद, डॉ. भीमराव अम्बेडकर की वेशभूषा धारण कर प्रभातफेरी निकाला। मुख्य अतिथि आरपी द्विवेदी थे। अध्यक्षता अनिल साहू ने की। विशेष अतिथि खिलेश्वर साहू, संध्या पाण्डेय, सिया सैनी, नरसिंह साहू, अमित साहू, पी दोमैय्या, देवकुमार साहू थे। अतिथियों ने दीप प्रज्जवलित कर ध्वजरोहण किया। भैया बहनों ने गीत, कविता, भाषण, एकल अभिनय, सूर्य नमस्कार, समता, निःयुद्ध, योगचाप, आसन, व्यायाम योग, पिरामिड, खेल, ताली योग का प्रदर्शन किया गया। अंत मे प्रधानाचार्य धनीराम यादव ने आभार व्यक्त किया। इस दौरान मोनिता साहू, मेनका निषाद, तिरंजा बिसेन, प्रेमा गंजीर, तिलोका यादव, रूपा साहू, योगेश्वरी वर्मा, चाकेश्वरी साहू, हिना यादव, भावना यादव, चंपा साहू मौजूद थी।



**मोहला।** जिले में गणतंत्र दिवस उल्लास के साथ मनाया गया। जिला मुख्यालय के मिनी स्टेडियम में आयोजित समारोह में सांसद संतोष पाण्डेय ने झंडा फहराया। राष्ट्रगान के बाद बटालियन, पुलिस बल, एनसीसी कैडेट्स एवं स्काउट गाइड्स की टुकडिया ने सलामी दी। सांसद श्री पाण्डेय ने मुख्यमंत्री के संदेश का वाचन किया। समारोह में भुनेश्वर कश्यप, सुरेन्द्र नेताम के नेतृत्व में आईटीबीपी, जिला पुलिस बल, एनसीसी और स्काउट गाइड के छात्र-छात्राओं की टुकडियों ने आकर्षक मार्च पास्ट किया। स्कूली बच्चों ने सांस्कृतिक कार्यक्रमों की मनमोहक प्रस्तुतियां दी। विभिन्न विभागों ने योजनाओं का जीवंत प्रदर्शन करते हुए झांकियां निकाली। इस दौरान शहीदों के परिजनों को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम उत्कृष्ट कार्य करने वाले अधिकारी-कर्मचारियों को सम्मानित किया गया। समारोह में जिपं अध्यक्ष नम्रता सिंह, सदस्य नरसिंग भंडारी, गजेंद्र पुरामे, दिलीप वर्मा, गुलाब गोस्वामी, राजेश जैन, श्री गुजराती, अरुण यादव, विजय जैन, राजकिशोर खंडेलवाल, ढालसिंग कौशिक, अनिल गुप्ता, उमाकांत बाजपेई, रमेश हिड़मे, अमित श्रीवास्तव, प्रवीण मंडावी, राजीव तिवारी, कलेक्टर तुलिका प्रजापति, सीईओ जिपं भारती चन्द्राकर, एसपी यशपाल सिंह, डीएफओ दिनेश पटेल, अपर कलेक्टर जीआर मरकाम, अपर कलेक्टर मिथलेश डोंडे सहित अन्य उपस्थित थे।

### बच्चों ने दी मनमोहक प्रस्तुति

कस्तूरबा गांधी बालिका आवासीय विद्यालय पेंदाकोड़ा, प्री.मै.कन्या छात्रावास मोहला, स्वामी आत्मांनद स्कूल मोहला, डीएनटी पब्लिक स्कूल मोहला, पो.मै.कन्या छात्रावास मोहला एवं लाल श्याम शाह इंग्लिश मीडियम स्कूल मोहला के बच्चों ने देशभक्ति से ओत-प्रोत कार्यक्रम की प्रस्तुति दी। प्रथम स्थान स्वामी आत्मांनद स्कूल मोहला, द्वितीय पो.मै.कन्या छात्रावास मोहला एवं तृतीय स्थान पर लाल श्याम शाह इंग्लिश मीडियम स्कूल मोहला का रहा।



### कलेक्टर ने फहराया तिरंगा

कलेक्टर तुलिका प्रजापति ने गणतंत्र दिवस पर्व पर कलेक्टोरेट में ध्वज फहराया। कलेक्टर ने राष्ट्रपिता महात्मा गांधी और छत्तीसगढ़ महतारी की प्रतिमा पर पुष्प अर्पित किया। इस अवसर पर अपर कलेक्टर जीआर मरकाम, अपर कलेक्टर मिथलेश डोंडे, एसडीएम हेमेन्द्र भुआर्य सहित अन्य उपस्थित थे।

**अंबागढ़ चौकी।** एनएसएम पब्लिक स्कूल चिल्हाटी रोड में झंडावंदन प्राचार्य डॉ.सूर्यकांत मिश्रा ने किया। इसी अवसर पर वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिता में बेहतर प्रदर्शन करने वाले खिलाडियों को सम्मानित किया गया। गणतंत्र दिवस के अवसर पर सुबह स्कूल प्रांगण में तिरंगे झंडे को नमन किया गया। शाला परिसर में बच्चों ने देश भक्ति से जुड़ी सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दीं। झंडावंदन के पश्चात वार्षिक खेलकूद में प्रथम , द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त बच्चों को क्रमशः गोल्ड , सिल्वर एवं ब्रोंच मेडल प्रदान किया गया। तीन से अधिक खेलों में प्रथम आए दो विद्यार्थियों को ट्रॉफी दी गई । चैंपियनशिप अवॉर्ड के हकदार प्री - प्राइमरी वर्ग के जियांश कचलामे तथा प्राइमरी वर्ग के उमैर खान बने। अंत में मिठाई वितरण किया गया।

**पटेवा।** ग्राम सहित अंचल में गणतंत्र दिवस हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। आजाद चौक में योगेश साहू, पंचायत भवन में सरपंच लक्ष्मी वर्मा, प्राथमिक शाला में उपसरपंच विरेन्द्र हिरवानी, माध्यमिक विद्यालय में दानेश्वर यदु ने झंडा फहराया। इस दौरान कमलेश्वरी, जेआर साहू, बिरेन्द्र हिरवानी, प्रमोद दुबे, डीआर साहू, प्रमिला साहू, दीपक साहू, दुर्गा साहू, योगेश्वर साहू उपस्थित थे। इसी प्रकार उपस्वास्थ्य केंद्र में दशरथ साहू, आंगनबाड़ी केंद्र में भुपेंद्र देवांगन, महिला भवन में अंजू शर्मा, साहड़ा देव में एलएल साहू, दुर्गा मंच में रोहित निर्मलकर, उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में अध्यक्ष राकेश साहू, शीतला मंदिर में बगस बैगा ने झण्डारोहण किया। मुख्य आयोजन में मुख्य अतिथि सरपंच लक्ष्मी वर्मा थी। अध्यक्षता राकेश साहू ने की। विशिष्ट अतिथि जेआर साहू, प्राचार्य माया पैथकर थे। बच्चों ने भाषण, कविता एवं कार्यक्रमों की प्रस्तुति दी।



**तुमडीबोड।** गणतंत्र दिवस के अवसर पर गांव के सभी चौराहों, पंचायत भवन, शिशु मंदिर, मदरसा में ध्वजारोहण किया गया। कार्यक्रम के दौरान उपस्थित ग्रामीणों एवं युवाओं ने राष्ट्रध्वज फहराकर भारत माता का जयकारा लगाया। इस अवसर पर ग्रामीणों और युवाओं ने देश की एकता, अखंडता और लोकतांत्रिक मूल्यों को बनाए रखने का संकल्प लिया।



**मुरमुंदा।** प्राथमिक शाला भरूहाटोला में गणतंत्र दिवस हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। सुबह स्कूली बच्चो एवं शिक्षको द्वारा प्रभात फेरी निकालकर गली भ्रमण किया। इस दौरान चौराहे एवं आंगनबाड़ी मे ग्राम प्रमुखों ने झण्डा फहराया। विद्यालय प्रांगण में अतिथियों ने ध्वज फहराया। बच्चों ने गीत, कविता एवं नृत्य प्रस्तुत किया। उल्लास मेला के तहत हिन्दी- गणित के सात स्टाल लगाए गए जिनका अतिथियों ने अवलोकन किया।इस मौके पर नवसाक्षरो ने कुर्सी दौड़ मे भाग लिया। अतिथियो ने नव साक्षरों को सम्मानित किया। बच्चों को पेन प्रदान कर पुरस्कृत किया गया। इस अवसर पर हेमदास उईके, केशव मंडावी, जमुना ठाकुर, साधुराम साहू, सीताराम साहू, गोपाल मंडावी, खेमचंद साहू, यशवंत साहू, भगवानी मंडावी, तिलोचन साहू, गौतम वर्मा, फलिता साहू, भेदबाई वर्मा, वेनू वर्मा, अन्नपूर्णा साहू, सातो मंडावी, बिन्दा मंडावी, पेलू मंडावी, बसंत पटोती, तमेश साहू, दीपक वर्मा, कुमारी बाई, सिरमोतिन, मनभा, कमला,अनिता, सुनिता,सुरेश साहू, दिनेश्वरी गोंड, तारा साहू आदि उपस्थित थे। संचालन संजीव चन्द्रवंशी एवं आभार प्रदर्शन धनुष राम कंवर ने किया।



**छुईखदान।** शहीद नगरी में गणतंत्र दिवस हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। नगर के शहीद गार्डन में नम्रता गिरिराज किशोर वैष्णव ने ध्वजारोहण कर मुख्यमंत्री के संदेश का वाचन किया। नगरवासियों ने झंडारोहण के पश्चात जय स्तंभ चौक पहुंचकर 1953 ने हुए शहीदों को याद कर पुष्प अर्पित किया। इस दौरान स्कूलों द्वारा प्रभात फेरी निकालकर नगर भ्रमण किया। इस दौरान नगरवासी अपने घर के सामने खड़े होकर बच्चों को निहारते हैं लेकिन पीएमश्री स्वामी आत्मानंद स्कूल का जुलूस अकेले ही नगर भ्रमण पर निकला जो चर्चा का केंद्र रहा।

### स्कूलों से नदारद रहे शिक्षक

ग्रामीण क्षेत्र के स्कूलों में शिक्षकों की अनुपस्थिति से ग्रामीणों में नाराजगी देखी जा रही है।कुछ स्कूलों में गणतंत्र दिवस के दौरान शिक्षकों के नहीं पहुंचने की शिकायतें सामने आईं है। गणतंत्र दिवस के मौके पर जामा मस्जिद और दरगाह शरीफ में जिला मुस्लिम समाज के अध्यक्ष सज्जाक खान ने झंडा फहराकर सलामी ली। इस मौके पर मुतवल्ली शेख निजामुद्दीन, शेख इब्राहिम सहित अन्य उपस्थित थे । प्रेरणा संस्था में संरक्षक शान्तिलाल जैन और काली मंदिर मार्केट में इसराईल सोलंकी ने झंडा को सलामी दी। जल संसाधन संभाग छुईखदान में वि मरकाम ने झंडा फहराकर झंडे को सलामी दी। कृषि महाविद्यालय में डीन अविनाश गुप्ता, शिक्षा विभाग में बीईओ गिरेंद्र सुधाकर, तहसील कार्यालय में एसडीएम अविनाश सिंह ठाकुर, थाना में निरीक्षक शक्ति सिंह ने झंडा फहराया। विद्युत कार्यालय में सहायक अभियंता मदालसा विश्वकर्मा, पशु विभाग में डा टंडन, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में जिला चिकित्सा अधिकारी डा आशीष शर्मा, पुराने अस्पताल में नेत्र सहायक डॉ विनय रामटेके, लोक निर्माण विभाग के एसडीओ गजपाल, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग में एसडीओ, नगर पंचायत में अध्यक्ष नम्रता गिरिराज वैष्णव ने झंडा फहराया।

### शान से लहराया तिरंगा

**सड़क अतरिया।** गणतंत्र दिवस के मौके पर सरकारी एवं नीजि विद्यालय, औषधालय, डाकघर, बचत बैंक, पंचायत भवन, आंगनबाड़ी, चिकित्सालय आदि में तिरंगा शान से लहराया। सेवा सहकारी समिति



कुकुरमुड़ा अतरिया एवं हाईस्कूल घिरघोली में रोहित जंघेल ने वीर सपुतों को नमन कर तिरंगा फहराया। इस मौके पर रोहित साहू, चंद्रेश वर्मा, बलदेव मरकाम, संतराम यादव, संतराम यद्धु, रामावतार साहू, मनोज जंघेल, विष्णु जंघेल, रतिराम उपस्थित थे। झुरानदी स्कूल, पंचायत भवन में ध्वजारोहण में जिला पंचायत सदस्य निर्मला विजय वर्मा ने किया। दाऊ गुलाब दास वैष्णव उच्चतर माध्यमिक शाला सड़क अतरिया के छात्रों ने आकर्षक प्रभात फेरी निकाली। शाला समिति के अध्यक्ष राधे मोहन वैष्णव, अशोक जंघेल, प्राचार्य श्री कामड़े, खेमराज सिन्हा, लोमश वैष्णव महेश जैन आदि ध्वज फहराया। छात्रों ने देश भक्ति से ओत प्रोत कार्यक्रम की प्रस्तुति दिया। कार्यक्रम में सोनम वैष्णव, मनोज जंघेल, वीरेन्द्र जंघेल, विष्णु जंघेल, हेमलता वैष्णव, कोमल नारायण वर्मा, शिव पारधी, पुष्पा जंघेल, हेमलता पारधी, अनिता मेरावी, वेदकुमारी पाली, पारसमणी सिन्हा, शोभना बोपचे, सरिता शर्मा, तुकाराम साहू, मिथलेश पटेल, अभिषेक गहिरवार, मीनाक्षी पटेल मौजूद थे। स्वास्थ केन्द्र एवं आयुर्वेद औषधालय में मोतीलाल जंघेल, अश्वनी वैष्णव, कमलेश साहू, आशा देवांगन, पुरूषोत्तम यादव आदि की उपस्थिति में ध्वज फहराया गया। ग्राम पंचायत बुन्देली में सरपंच दिवाकर सोनी ने तिरंगा फहरा कर लोगों को संबोधित किया। इसी प्रकार ग्राम पंचायत पंडरिया के पंचायत भवन, प्राथमिक शाला में जनपद सदस्य ज्योति जंघेल, सरपंच जानकी जंघेल ने ध्वजारोहण किया। इस मौके पर सुरेन्द्र जंघेल, तामेश्वर जंघेल, शिवानी पसीने, राजू जंघेल शामिल हुए। ग्राम पंचायत खैरा नवापारा में सरपंच संघ के अध्यक्ष प्रकाश कुमार जंघेल ने ध्वजारोहण किया। इस मौके पर अमरीका जंघेल, कंसराम पटेल, मुस्तिम बेग, सोनीबाई लोधी, रामावतार लोधी, फूलमत यादव, जगेन्द्र लोधी, दुरपति गोड़, भागबती लोधी, केशव जंघेल, तिलोका लोधी, टोकेन्द्र कुमार जंघेल, संतोषी जंघेल, बेदराम मिर्चे, रामेश्वरी मिर्चे, उत्तर कुमार मौजूद थे। ग्राम पंचायत मानपुर नाका में पंचायत भवन, प्राथमिक, पूर्व माध्यमिक शाला, आंगनबाड़ी भवन में ध्वजारोहण किया गया। इस दौरान सरपंच बोधनसिंह मेरावी, भंवरसिंह मेरावी, कंसराम पटेल, सुशीलाबाई, सुनिता मेरावी, सावित्री साहू, तिलक नेताम, मोतीलाल नेताम, मंगलसिंह मेरावी, इमरान बेग मिर्जा, कुंतीबाई भारती, सावित्री शोरी, परनिया बाई जंघेल मौजूद थी। खैरबना गुमानपुर के पंचायत भवन, प्राथमिक, पूर्व माध्यमिक एवं हाई स्कूल में झंडा फहराया गया। कार्यक्रम में जनपद सभापति डोमार सिंह भेड़िया, सरपंच चंचला धुर्वे, अराधना अचिंत, सुनील वैष्णव, संतोषी जंघेल, संतोषी साहू, धनेश्वरी पटेल, रामचरण साहू, जानकी सिन्हा, घासीराम कलार, टकेन्द्र नायक, गिरजा साहू, बिसुन जंघेल, मोरध्वज जंघेल, गंगा बाई, सुनील जंघेल, परस यादव, सरस्वती जंघेल शामिल हुए। ग्राम पंचायत संड़ी के पंचायत भवन, प्राथमिक पूर्व माध्यमिक शाला में आयोजित कार्यक्रम में सरपंच कैलाश वर्मा, बिशेषर वर्मा, प्रकाश वर्मा, खेलन वर्मा, प्यारेलाल साहू, प्रेम देवांगन आदि शामिल हुए। चकनार में सरपंच वंदना लालचंद पटेल ने ध्वज फहराया। इस अवसर पर प्राथमिक शाला परिसर में छात्रों ने रंगारंग कार्यक्रम की प्रस्तुति दिया। भरदा के पंचायत भवन एवं स्कूल में सरपंच आरती मरई, रोहित जंघेल, हिरामन जंघेल, मोहन भारती, सागर जंघेल ने ध्वज फहराया। गर्ग विद्यालय खैरा नवापारा में प्राचार्य जीआर जंघेल एवं शिक्षको ने तिरंगा फहराया। छात्रों ने देश भक्ति कार्यक्रम प्रस्तुत किए।



## गणतंत्र दिवस पर मीसा बंदियों और शहीदों के परिजनों का सम्मान

# फतेह मैदान में मना गणतंत्र का जश्न

हरिभूमि न्यूज ⏭ खैरागढ़

गणतंत्र दिवस पर मुख्य अतिथि रायपुर पश्चिम के विधायक राजेश मूणत ने जिला मुख्यालय के फतेह मैदान में आयोजित मुख्य समारोह में राष्ट्रीय ध्वज फहराया और तिरंगे को सलामी दी। मुख्य अतिथि सहित कलेक्टर इंद्रजीत सिंह चंद्रवाल और पुलिस अधीक्षक लक्ष्य विनोद शर्मा ने परेड का निरीक्षण किया जिसके बाद सशस्त्र जवानों ने हर्ष फायर कर जयघोष किया।



इस दौरान मुख्य अतिथि ने मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय का प्रदेश की जनता के नाम संदेश का वाचन किया। साथ ही उन्होंने शांति के प्रतीक सफेद कबूतर व हर्ष उल्लास के सूचक तिरंगे गुब्बारों को आकाश की ओर उन्मुक्त किया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि ने स्वतंत्रता संग्राम सेनानी, मीसा बंदी और नक्सल हिंसा में शहीद जवानों के परिजनों को शॉल और श्रीफल भेंटकर सम्मानित किया।

समारोह के जिले के विभिन्न स्कूलों के बच्चों ने पीटी और सांस्कृतिक कार्यक्रमों की आकर्षक प्रस्तुति दी। विभिन्न विभागों द्वारा शासन की फ्लैगशिप योजनाओं और उपलब्धियों पर आधारित आकर्षक झांकियों का प्रदर्शन किया गया। उत्कृष्ट कार्य करने वाले पुलिसकर्मियों व विभागीय कर्मचारियों को भी प्रशस्ति पत्र वितरण कर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम की अंतिम कड़ी में झांकी, सांस्कृतिक कार्यक्रम व मार्चपास्ट में प्रथम, द्वितीय और तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले दल को पुरस्कृत किया गया। झांकी में नई शिक्षा नीति पर आधारित झांकी का प्रदर्शन कर शिक्षा विभाग ने प्रथम, यातायात पलिस ने द्वितीय और जिला पुलिस बल को तृतीय स्थान मिला। किया है। मार्च पास्ट के निशस्त्र वर्ग में पदुमलाल पुन्नालाल बक्शी पहले, सरस्वती शिशु मंदिर बालिका गाइड दूसरे और आत्मानंद बालिका गाइड को तीसरा स्थान मिला। सांस्कृतिक कार्यक्रमो मे आजादी का अमृत महोत्सव पर शानदार प्रस्तुति देकर सरस्वती उमाशा ने पहला, मदराकुही ने बस्तरिहा नृत्य की प्रस्तुति देकर दूसरा और विवेकानंद स्कूल ने आपरेशन सिंदूर पर प्रस्तुति देकर तीसरा स्थान हासिल किया। इस अवसर पर जनप्रतिनिधिगण, गणमान्य नागरिक, वरिष्ठजन, शहरवासी, स्कूली छात्र छात्राओ सहित जिला प्रशासन के अधिकारी कर्मचारी उपस्थित थे।

गणतंत्र दिवस पर कलेक्टर इंद्रजीत सिंह चंद्रवाल ने कलेक्ट्रेट परिसर में राष्ट्रीय ध्वज फहराकर सलामी दी। उन्होंने राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की प्रतिमा व तैलचित्र पर माल्यार्पण किया। इस दौरान सभाकक्ष में आयोजित कार्यक्रम में उन्होंने गणतंत्र दिवस की जिलेवासियों को हार्दिक बधाई दी।

### उत्कृष्ट कार्य करने वालों का हुआ सम्मान

जिला स्तरीय समारोह में मुख्य अतिथि राजेश मूणत द्वारा उत्कृष्ठ कार्य करने वाले जिला और पुलिस प्रशासन के अधिकारी कर्मचारियों को प्रमाण पत्र प्रदान कर सम्मानित किया। पुलिस प्रशासन से अनिल शर्मा निरीक्षक, कैलाश साहू, टैलेश सिंह, सविता वर्मा, आशीष वर्मा, आशुतोष सिंह सहित अन्य को और जिला प्रशासन के जनपद पंचायत से सतीश देशलहरे व वैद्यनाथ वर्मा, शिक्षा विभाग से कन्हैया पटेल, दयालदास बंजारे, केके वर्मा, उद्यानिकी विभाग से भारत सिंह कोमा व अनिल मेश्राम, वन विभाग से अमित कुमार बावले, तीमन भूआर्य, हेमचंद ठाकुर, बलराम तिवारी, देवकुमार सिंहा,देवेंद्र राजपूत, सूरजलाल तारम, नोमेश वर्मा, नारायण वर्मा, महेश यादव, स्वास्थ्य विभाग से मनीषा साहू, प्रियंका मानिकपुरी, कृषि विभाग से धर्मेंद्र वर्मा, अजाजजा विकास विभाग से फत्ते सिंह धुर्वे, सीएसपीडीसीएल से जेईधर्मेंद्र साहू, आबकारी से रमेश सिंहा, सहकारिता विभाग से गीतिका सिंह नरूका, मबाविवि से माधुरी जगत,कलेक्टर कार्यालय से वीरेंद्र धनकर, आयुष विभाग से डॉ श्रुति जैन सहित अन्य को प्रशास्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया।



### विवेकानंद स्कूल में अमर सेनानियों को किया नमन



विवेकानंद पब्लिक स्कूल में हर्षोल्लास के साथ 77 वॉ गणतंत्र दिवस मनाया गया। संस्था संचालक मिहिर झा ने ध्वजारोहण किया और कहा कि आज के ही दिन देश में संविधान लागू हुआ था और उसी संविधान तहत देश और समाज संचालित हो रहा है। देश को आजादी दिलाने और गणतंत्र बनाने में अनेक स्वतंत्रता सेनानियों ने बलिदान दिया। आज हमें किसी तरह की बलिदान देने की जरूरत नहीं है, हमारे लिए यही बलिदान है कि हम अपने देश, समाज और अपने कार्य के प्रति ईमानदार रहें। अपने कर्तव्यों को ईमानदारी से पूरा करें यही वीर शहीदों के लिए सच्ची श्रद्धांजलि होगी। पर्व को लेकर सुबह से ही बच्चों सहित पालक अभिभावक शाला पहुंच गए थे जहॉ सभी ने इस दौरान आयोजित कार्यक्रम का आनंद लिया। बच्चों ने राष्ट्रप्रेम और भक्ति से ओतप्रोत भाषण दिया साथ ही इसी भाव को लेकर रंगारंग सांस्कृतिक प्रस्तुति भी दी। इस दौरान प्राचार्य पूजा पांडेय, मिडिल स्कूल प्राचार्य पूजा ध्रुव, शिक्षक शिक्षिकाओं सहित कार्यालयीन स्टाफ उपस्थित था।

### इन्दिरा कला संगीत विवि में कुलपति ने फहराया तिरंगा

खैरागढ़। इन्दिरा कला संगीत विवि में 77 वें गणतंत्र दिवस पर कुलपति प्रो डॉ लवली शर्मा ने आन बान शान का प्रतीक तिरंगा फहराया। विवि के



संस्थापकद्धय राजा विरेन्द्र बहादुर सिंह व रानी पद्मावती देवी सहित राजकुमारी इंदिरा की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर कार्यक्रम की शुरूआत की गई।

कुलपति प्रो डॉ लवली शर्मा ने कहा कि जैसे संगीत में सातों सुरों का विशेष महत्व होता है, उसी प्रकार हमारे संविधान में प्रत्येक नागरिक, धर्म और संस्कृति का अपना विशिष्ट स्थान है। उन्होंने संविधान को जीवन की लय और ताल प्रदान करने वाला ग्रंथ बताते हुए युवाओं से चरित्र निर्माण और सामाजिक जिम्मेदारी निभाने का आह्वान किया। उन्होंने संगीत विवि को समृद्ध बनाने और आगे बढ़ाने सभी को मिलकर बेहतर कार्य करने कहा। कार्यक्रम में संगीत संकाय के छात्र छात्राओं द्वारा राज्य गीत सहित सुमधुर व संगीतमय गीत की प्रस्तुति दी गई। ललित कला निबंधावली शोध आलेख ग्रंथ का विमोचन भी किया गया। इस अवसर पर कुलसचिव सौमित्र तिवारी, प्रो डॉ राजन यादव, प्रो डॉ नमन दत्त, प्रो डॉ देवमाईत मिंज, डॉ मानस साहू, विजय कुमार सिंह, चंद्र प्रकाश गायकवाड़, राजेश गुप्ता सहित विवि के प्राध्यापकगण, अतिथि शिक्षक, संगतकार, अधिकारी कर्मचारी और विद्यार्थी शोधार्थी उपस्थित थे।

**0 पहली बार हुई नृत्य संकाय की प्रस्तुति**

विवि में नवाचार को प्रोत्साहित करते हुए कुलपति प्रो डॉ लवली शर्मा ने इस वर्ष समारोह में नृत्य संकाय के विद्यार्थियों को विशेष मंच प्रदान किया। विद्यार्थियों की प्रतिभा को राष्ट्रीय पर्व जैसे गरिमामय अवसर पर प्रस्तुत कर उन्हें प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से नृत्य संकाय के विद्यार्थियों द्वारा भरतनाट्यम, ओडिसी व कथक नृत्य की प्रस्तुतियां दी गईं, जिनमें शास्त्रीय परंपरा, भावाभिव्यक्ति और सौंदर्य का अद्भुत समन्वय देखने को मिला।

# अंततः नपा का इंजीनियर रिलीव

हरिभूमि न्यूज ⏭ खैरागढ़

जैम पोर्टल से सामान खरीदी, टेंडर फार्म देने मे आनाकानी, दुकानों की बोली जैसे तमाम आरोपों से घिरे नगर पालिका परिषद प्रशासन ने आखिरकार लंबी जद्दोजहद के बाद दूसरे इंजीनियर को भी रीलिव में रिलीव कर दिया है। हालांकि आदेश को रूकवाने नपा के कतिपय जिम्मेदारों ने एड़ी चोटी का जोर लगा दिया था, लेकिन उसमें वो सफल नही हो पाए।

गौरतलब है कि बीते साल 18 सितंबर 25 को नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग ने प्रशासनिक दृष्टि से 94 अधिकारियों कर्मचारियों का अन्यत्र तबादला कर दिया था इनमे से कुछ तबादला रूकवाने में सफल हो गए तो कुछ ने आदेश को नए कार्यस्थल में नवीन जिम्मेदारी का निर्वहन मानकर अंगीकार कर लिया। कुछ जगहों पर नपा के जिम्मेदारों ने आदेश का पालन नही होने दिया। उक्त सूची में नपा परिषद में पदस्थ उप अभियंता शाहबाज अहमद को नपा दल्ली राजहरा और दीपाली तंबोली को डोंगरगढ़ नपा में कार्यभार ग्रहण करने कहा गया था। आदेश में स्पष्ट लिखा हुआ था कि संबंधित अधिकारी कर्मचारी 15 दिवस के भीतर नई जगह पर कार्यभार ग्रहण कर लेंगे और वर्तमान स्थान से उनका वेतन आहरण नही होगा यदि वेतन आहरण होता है तो नियंत्रण अधिकारी के उपर अनुशासनात्मक कारवाई की जाएगी, लेकिन लगभग तीन महीने तक नपा परिषद के जिम्मेदार अधिकारियों और जनप्रतिनिधियों ने उक्त आदेश के पालन मे रूचि नही दिखाई।

### आदेश के पालन और परिपालन में राजनीति

आदेश के पालन में विलंब की सूचना पर सामान्य प्रशासन विभाग ने आदेश के परिपालन को लेकर 7 जनवरी 26 को नया आदेश निकाला जिसमें स्थानांतरित अधिकारी कर्मचारी को तत्काल कार्यमुक्त करने और नवीन पदस्थापना वाली जगह पर 13 जनवरी तक अनिवार्य रूप से कार्यभार ग्रहण करने कहा गया और कार्यमुक्त व कार्यभार ग्रहण करने संबंधी जानकारी 15 जनवरी तक प्रेषित करने कहा गया इसके साथ ही पत्र में स्पष्ट रूप से तबादला आदेश मे दर्ज उस चेतावनी निर्देश का उल्लेख किया गया जिसमें निर्देशों का पालन नही करने वालों पर अनुशासनात्मक कारवाई की बात लिखी हुई थी। इसके अलावा जनवरी 26 को उनका वेतन भी नई जगह से आहरित करने और ऐसा नही करने पर संवितरण अधिकारी पर कारवाई की चेतावनी दी गई है। शासन के आदेश का हवाला देते हुए उपअभियंता दीपाली तंबोली को 15 जनवरी को ही कार्यमुक्त कर दिया गया जबकि एक अन्य उप अभियंता शाहबाज अहमद को जस का तस रखा गया इसके पीछे नपा प्रशासन में काबिज कुछ कतिपय जिम्मेदारों का स्वार्थ छिपा था। जिन्होंने इंजीनियर को रोकने एड़ी चोटी का जोर लगा दिया था। नपा प्रशासन द्वारा अपने ही सुपीरीयर के आदेश को हल्के में लेने और एक को रिलीव कर दूसरे को रखने के मामले में काफी हो हल्ला मचा जिसके बाद आखिकार कतिपय जिम्मेदारों की मंशा में पानी फेरते हुए नपा प्रशासन ने आज दोपहर दूसरे इंजीनियर शाहबाज अहमद को भी बालोद के लिए रिलीव कर दिया।

- विधायक को अतिथि नहीं बनाने से नाराजगी, कांग्रेस करेगी कार्यक्रम का विरोध

# संगीत विवि दीक्षांत समारोह आज, राज्यपाल डेका आएंगे

हरिभूमि न्यूज ⏭ खैरागढ़



राज्यपाल रमेन डेका की अध्यक्षता में इंदिरा कला संगीत विवि का 17 वां दीक्षांत समारोह आज कैंपस परिसर स्थित प्रेक्षागृह में होगा।

समारोह के मुख्य अतिथि आध्यातिमक गुरू पंडित रविशंकर वर्चुअल माध्यम से जुड़कर दीक्षांत भाषण देंगे। उच्च शिक्षा मंत्री टंकराम वर्मा विशिष्ट अतिथि होंगे। लगभग चार साल की लंबी अवधि बाद हो रहे समारोह की शुरूआत मां सरस्वती और राजकुमारी इंदिरा के समक्ष दीप प्रज्जवलन और माल्यार्पण से होगा। दीक्षांत समारोह में पांच शोधार्थियों को डी लिट, 64 को पीएचडी और 264 विद्यार्थियों को स्वर्ण और चार को रजत पदक दिया जाएगा। समारोह को लेकर विवि ने भव्य तैयारी की है।

संगीत विवि के दीक्षातं समारोह में विधायक यशोदा वर्मा को अतिथि नही बनाए जाने से नाराज कांग्रेसियों ने कलेक्टर को ज्ञापन सौंपकर अतिथियों की सूची में विधायक का नाम दर्ज करवाने की मांग की। शहर अध्यक्ष डॉ अरूण भारद्वाज, विधायक प्रतिनिधि मनराखन देवांगन, सूर्यकांत यादव, पूरन सारथी, रविंद सिंह गहरवार, महेश यादव, यतेंद्रजीत सिंह, अंकिम चोपड़ा, सूरज देवांगन सिहत अन्य कांग्रेसियों ने समारोह में विधायक को अतिथि नही बनाए जाने पर कड़ी नाराजगी जाहिर करते हुए कहा कि निर्वाचित जनप्रतिनिधि सहित पूरे शहर के लोगों का अपमान है।

उन्होंने कलेक्टर इंद्रजीत सिंह चंद्रवाल को बताया कि यदि विधायक को समारोह में बतौर अतिथि शामिल नही किया जाता, तो कांग्रेस इसका विरोध करेगी और समारोह का बहिष्कार करने मजबूर हो जाएगी।

Sparsh automobiles

MARUTI SUZUKI ARENA

RADA EXPO में फायदे ही फायदे

20 JAN. - 5 FEB. 2026

पाईये RTO पर 50% की छूट, कीमत बढ़ने से पहले

CELERIO VXI ₹ 83213
NEW ALTO K10 LXI ₹ 72094
NEW S-PRESSO VXI ₹ 73969
WAGONR VXI ₹ 85733
EECO 5 STR AC ₹ 85866
NEW SWIFT VXI ₹ 96123
NEW DZIRE VXI ₹ 60197
NEW BREZZA LXI ₹ 108461
NEW ERTIGA VXI ₹ 78971
VICTORIS LXI ₹ 123493

| Model | PRICE WITHOUT EXPO | PRICE ON EXPO | EXPO SAVING |
|---|---|---|---|
| Celerio VXI | 593446 | 510233 | 83213 |
| New ALTO K10 LXI | 460131 | 388037 | 72094 |
| New S-PRESSO VXI | 493052 | 419083 | 73969 |
| WagonR VXI | 634115 | 548382 | 85733 |
| EECO 5 STR AC | 640750 | 554884 | 85866 |
| NEW SWIFT VXI | 763556 | 667433 | 96123 |
| NEW DZIRE VXI | 825362 | 765165 | 60197 |
| NEW BREZZA LXI | 946412 | 837952 | 108461 |
| NEW ERTIGA VXI | 1125253 | 1046282 | 78971 |
| VICTORIS LXI | 1222646 | 1099153 | 123493 |



Think Maruti, Think Sparsh

Sparsh automobiles
राजनांदगांव मो.: 9977039992
खैरागढ़ मो.: 8839811678
डोंगरगढ़ मो.: 9827643832
गंडई मो.: 7748881382
छुरिया, अम्बागढ़ चौकी मो.: 9977039992

## शहर सहित हर गांव और कस्बों में निकली प्रभातफेरी, बच्चों ने दी सांस्कृतिक प्रस्तुति

# देशभक्ति कार्यक्रमों के बीच शान से लहराया तिरंगा



हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

जिले में अपूर्व उत्साह एवं हर्ष के साथ गणतंत्र दिवस मनाया गया। गणतंत्र दिवस पर जिला स्तरीय मुख्य समारोह दिग्विजय स्टेडियम राजनांदगांव में आयोजित किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह ने ध्वजारोहण कर संयुक्त परेड की सलामी ली। विस अध्यक्ष डॉ. सिंह ने मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के प्रदेश की जनता के नाम संदेश का वाचन किया गया। उन्होंने उल्लास एवं उमंग के प्रतीक रंगीन गुब्बारे आसमान में छोड़े।

मुख्य अतिथि विस अध्यक्ष डॉ. सिंह ने ध्वजारोहण के बाद समारोह में परेड का निरीक्षण किया। परेड द्वारा हर्ष फायर किया गया। परेड द्वारा तिरंगे को सलामी दी गई। इस अवसर पर विस अध्यक्ष ने उत्कृष्ट कार्य करने वाले विभिन्न विभागों के अधिकारी-कर्मचारियों को प्रशंसनीय कार्य करने प्रशस्ति पत्र एवं स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया कर शुभकामनाएं दी। उन्होंने शहीद जवानों के परिवारजनों को शाल एवं श्रीफल भेंट कर सम्मानित किया। स्वतंत्रता दिवस समारोह की परेड में आर्म्स प्लाटून के साथ-साथ एनसीसी और स्काउट-गाईड की टुकड़ियों तथा सांस्कृतिक कार्यक्रमों में विजेता प्रतिभागियों एवं टीम को पुरस्कार वितरण किया। इस अवसर पर कलेक्टर कलेक्टर जितेन्द्र यादव, पुलिस अधीक्षक अंकिता शर्मा उपस्थित थे।

### आकर्षक मार्चपास्ट का प्रदर्शन

समारोह में परेड का नेतृत्व परेड कमांडर रक्षित निरीक्षक लोकेश कुमार कसेर ने किया। उप निरीक्षक थाना बसंतपुर राकेश पटेल ने परेड टूआईसी का दायित्व निभाया। परेड में 14 प्लाटून ने भाग लिया। परेड में आर्म्स पलाटून में 40वीं बटालियन आईटीबीपी, 8वीं बटालियन सीएएफ, पुलिस प्रशिक्षण विद्यालय (पीटीएस), जिला पुलिस बल महिला, पुलिस प्रशिक्षण विद्यालय (महिला), नगर सेना महिला तथा अनार्म्स प्लाटून में दिग्विजय महाविद्यालय नेवी (नेवल), दिग्विजय महाविद्यालय पुरूष, दिग्विजय महाविद्यालय महिला, कमलादेवी महाविद्यालय, स्टेट स्कूल बालिका, स्टेट स्कूल बालक, डॉ. बल्देव प्रसाद मिश्र शा.उ. मा. विद्यालय बसंतपुर नेवल, एमएलबी स्काउट-गाइड द्वारा आकर्षक मार्चपास्ट का प्रदर्शन किया गया।

### बच्चों ने दी कार्यक्रमों की प्रस्तुति

समारोह में स्कूली बच्चों द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रमों की मोहक प्रस्तुति दी गई। पीएमश्री सर्वेश्वर दास नगर पालिक निगम उ.मा. विद्यालय के बच्चों ने कर्मा नाचे हिलोरी..., नीरज बाजपेयी इंटरनेशनल स्कूल बोरी के बच्चों ने विकसित भारत है..., एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालय पेण्ड्री के बच्चों ने जन जागरूकता एवं देश भक्ति..., महारानी लक्ष्मीबाई आदर्श कन्या उ.मा.विद्यालय के बच्चों ने अनेकता में एकता..., प्रतिभास्थली ज्ञानोदय विद्यापीठ डोंगरगढ़ के बच्चों ने आत्मनिर्भर भारत प्राचीन गौरव... गीत पर मनमोहक सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति दी।

### 13 स्कूलों के बच्चों ने किया व्यायाम का प्रदर्शन

कार्यक्रम में जिले के 13 विद्यालयों के 390 बच्चों द्वारा आकर्षक व्यायाम का प्रदर्शन किया गया। साथ ही 13 विभागों द्वारा शासकीय योजनाओं से संबंधित आकर्षक झांकी का प्रदर्शन भी किया गया। नगर पालिक निगम राजनांदगांव, स्वास्थ्य विभाग, महिला एवं बाल विकास विभाग, कृषि विभाग, वन विभाग, छत्तीसगढ़ राज्य विद्युत वितरण कंपनी मर्यादित, जिला पंचायत, उद्यानिकी विभाग, आदिम जाति एवं अनुसूचित जाति विभाग, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग, यातायात पुलिस विभाग, शिक्षा विभाग, जल संसाधन विभाग ने झांकी के माध्यम से शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं को प्रस्तुत किया।

### जनप्रतिनिधि व अधिकारी रहे उपस्थित

इस अवसर पर किरण वैष्णव, प्रतिमा चंद्राकर, किरण साहू, सचिन बघेल, अभिषेक सिंह, प्रदीप गांधी, रामजी भारती, खूबचंद पारख, कोमल सिंह राजपूत, भरत वर्मा, रमेश पटेल, संतोष अग्रवाल, सौरभ कोठारी, भावेश बैद, बालाजी राव, आयुष जैन, सुरूचि सिंह, सीएल मारकण्डेय, प्रेमप्रकाश शर्मा, एम. भार्गव सहित अन्य जनप्रतिनिधि, अधिकारी, कर्मचारी एवं बड़ी संख्या में नागरिक उपस्थित थे।

### श्रेष्ठ परेड के लिए मिला प्रथम स्थान

इस अवसर पर दिग्विजय स्टेडियम राजनांदगांव में आयोजित परेड में श्रेष्ठ परेड के लिए आर्म्स प्लाटून वर्ग में पुलिस प्रशिक्षण विद्यालय (महिला) को प्रथम एवं 40वीं बटालियन आईटीबीपी को द्वितीय पुरस्कार से नवाजा गया। अनआर्म्स प्लाटून वर्ग में शा.दिग्विजय महाविद्यालय (महिला) ने प्रथम एवं शा.दिग्विजय महाविद्यालय (पुरूष) ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया।

### बच्चों ने दी शानदार प्रस्तुति

समारोह में विद्यालयों के छात्र-छात्राओं द्वारा मोहक सांस्कृतिक कार्यक्रम की प्रस्तुति दी गई। समारोह में पीएमश्री सर्वेश्वर दास नगर पालिक निगम उ.मा.विद्यालय के बच्चों की प्रस्तुति को प्रथम स्थान, प्रतिभास्थली ज्ञानोदय विद्यापीठ डोंगरगढ़ के बच्चों की प्रस्तुति को द्वितीय स्थान तथा महारानी लक्ष्मीबाई आदर्श कन्या उ.मा.विद्यालय के बच्चों की प्रस्तुति को तृतीय स्थान प्राप्त हुआ।




### योजनाओं की दिखी खूबसूरत झलक

समारोह में शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं पर आधारित झांकी में कृषि विभाग को प्रथम स्थान, वन विभाग की झांकी को द्वितीय स्थान तथा जिला पंचायत की झांकी को तृतीय स्थान प्राप्त हुआ।

### कलेक्टर निवास में ध्वजारोहण

कलेक्टर जितेन्द्र यादव ने गणतंत्र दिवस पर शहर के रामकृष्ण नगर स्थित अपने निवास में ध्वजारोहण किया। उन्होंने अधिकारी-कर्मचारियों को गणतंत्र दिवस की शुभकामनाएं दी। इस अवसर पर अपर कलेक्टर सीएल मारकण्डेय सहित अन्य अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित थे।

### प्रवीण और भूपेन्द्र सम्मानित



गणतंत्र दिवस पर दिग्विजय स्टेडियम राजनांदगांव में आयोजित जिला स्तरीय मुख्य समारोह में मुख्य अतिथि विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह ने उत्कृष्ट कार्य के लिए जनसंपर्क विभाग के सहायक सूचना अधिकारी प्रवीण रंगारी एवं भृत्य भूपेन्द्र साहू को प्रतीक चिन्ह एवं प्रशस्ति पत्र प्रदान कर सम्मानित किया।

### जिला कार्यालय में ध्वजारोहण



कलेक्टर जितेन्द्र यादव ने गणतंत्र दिवस पर कलेक्टोरेट परिसर में राष्ट्रीय ध्वज फहराया। इस अवसर पर सामूहिक राष्ट्रगान किया गया। कार्यक्रम में सभी विभागों के अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित थे। कलेक्टर श्री यादव ने कलेक्टोरेट परिसर में स्थापित छत्तीसगढ़ महतारी की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया। साथ ही कलेक्टर ने राष्ट्रपिता महात्मा गांधी एवं संविधान निर्माता बाबा साहेब भीमराव अम्बेडकर की प्रतिमा पर पुष्प अर्पित कर उन्हें श्रद्धांजलि दी। कलेक्टर ने अधिकारी-कर्मचारियों को गणतंत्र दिवस की शुभकामनाएं दी। कलेक्टर श्री यादव ने कहा कि 26 जनवरी 1950 को हमारे देश का संविधान लागू हुआ है। उसे समझने हमें संविधान की प्रस्तावना को समझना चाहिए। देश के संविधान निर्माता जो नागरिकों के लिए करना चाहते थे तथा समाज से अपेक्षाएं, देश के सामाजिक आर्थिक न्याय के लिए संविधान में जो प्रावधान किए गए है, वह प्रस्तावना में निहित है। जिला पंचायत सीईओ सुरूचि सिंह ने सभी को गणतंत्र दिवस की शुभकामनाएं दी। उन्होंने कहा कि हमारा देश विश्व की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था है और देश को आगे बढ़ाने सभी अपने दायित्वों का निर्वहन करें। इस अवसर पर अपर कलेक्टर सीएल मारकण्डेय सहित अन्य अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित थे।

### जिपं अध्यक्ष ने किया ध्वजारोहण



गणतंत्र दिवस पर जिला पंचायत अध्यक्ष किरण वैष्णव ने जिला पंचायत परिसर में ध्वजारोहण किया। उन्होंने अधिकारी-कर्मचारियों को गणतंत्र दिवस की शुभकामनाएं दी। इस अवसर पर जिला पंचायत उपाध्यक्ष किरण साहू, जिला पंचायत सीईओ सुरूचि सिंह सहित जिला पंचायत सदस्य, अधिकारी, कर्मचारी उपस्थित थे।

### एसपी कार्यालय में हुआ ध्वजारोहण



पुलिस अधीक्षक कार्यालय राजनांदगांव में उत्साह, उमंग एवं हर्षोल्लास के साथ गणतंत्र दिवस मनाया गया। पुलिस अधीक्षक अंकिता शर्मा द्वारा पुलिस अधीक्षक कार्यालय परिसर में ध्वजारोहण किया गया एवं अधिकारी-कर्मचारियों को गणतंत्र दिवस की शुभकामनाएं दी गई। कार्यक्रम में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक कीर्तन राठौर, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक पुष्पेन्द्र नायक, नगर पुलिस अधीक्षक वैशाली जैन, नगर पुलिस अधीक्षक अलेक्जेंडर किरो, नगर पुलिस अधीक्षक मंजूलता बाज, उप पुलिस अधीक्षक केपी मरकाम सहित डीएसबी, डीसीबी, डीसीआरबी, नक्सल सेल, दूरसंचार शाखा एवं पुलिस अधीक्षक कार्यालय के समस्त अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित रहे। इसी क्रम में जिले के समस्त थाना एवं चौकियों में भी ध्वजारोहण कर गणतंत्र दिवस मनाया गया।

### कॉन्फ्लुएंस कॉलेज



कॉन्फ्लुएंस कॉलेज में 26 जनवरी को राष्ट्रीय सेवा योजना, बेस्ट प्रैक्टिस एवं आईक्यूएसी के संयुक्त तत्वावधान में गणतंत्र दिवस हर्षोल्लास से मनाया गया। कार्यक्रम की शुरूआत सुबह ध्वजारोहण एवं राष्ट्रगान के साथ हुई। जिसमें शिक्षकगण, कर्मचारी एवं छात्र-छात्राओं ने सहभागिता निभाई। विद्यार्थियों द्वारा देशभक्ति गीत, भाषण, कविता पाठ एवं लघु सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दी गई, जिन्हें उपस्थित जनसमूह ने खूब सराहा। मुख्य अतिथि आशीष अग्रवाल ने कहा कि गणतंत्र दिवस हमें हमारे संविधान के मूल्यों न्याय, स्वतंत्रता, समानता और बंधुत्व को जीवन में आत्मसात करने की प्रेरणा देता है। समारोह के अंत में उपस्थितजनों ने राष्ट्र की एकता, अखंडता एवं संविधान के प्रति निष्ठा बनाए रखने की शपथ ली। कार्यक्रम का समापन धन्यवाद ज्ञापन के साथ हुआ।

### समाजवाद पार्टी




गणतंत्र दिवस पर जिला समाजवादी पार्टी राजनांदगांव द्वारा विवेकानंद स्थित झंडातोलन किया गया। इस अवसर पर संविधान की महत्ता पर अध्यक्ष राजकुमार गुप्ता ने झंड़ातोलन कर सार पंक्ति विचार व्यक्त किए। इस अवसर पर पोषक शर्मा, मोतीलाल यादव, राकेश यादव, पवन ठाकुर, प्रमोद चावड़ा, गोविंद महोबिया, हिरोदी यादव, भीम कोर्राम, राजेन्द्र सुधाकर, लखन लाल, कृष्णातु हलधर, गणेशराम ठाकुर, संतोष कुमार गुप्ता, धनंजय कुमार शामिल रहे। यह जानकारी मीडिया प्रभारी मोतीलाल यादव ने दी।

### शहर सतनामी समाज



शहर सतनामी समाज गुरु घासीदास चौक नंदई में 26 जनवरी गणतंत्र दिवस का आयोजन हर्षोल्लास एवं गरिमामय वातावरण में किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत ध्वजारोहण एवं राष्ट्रगान के साथ हुई। इस अवसर पर वक्ताओं ने कहा कि आजादी के समय से ही सतनामी समाज राष्ट्रप्रेम की भावना के साथ अत्यंत हर्षोल्लास से गणतंत्र दिवस मनाता आ रहा है। इस अवसर पर समाज के पदाधिकारियों एवं वरिष्ठजनों ने बाबा गुरु घासीदास के विचारों को स्मरण करते भारतीय संविधान, समानता, न्याय और भाईचारे के महत्व पर अपने विचार व्यक्त किए। कार्यक्रम में समिति के कांतिलाल टंडन, क्रेम पात्रे, पारस चंदनिया, कृष्णा बघेल, कन्हैया बघेल, किशन जोशी, देवा गेंड्रे, मनीष भारती, राज खरे, दिनेश लहरे, हितेश जोशी, इंद्रकुमार खरे, लक्ष्मी पात्रे, गंगा सोनवानी, सरिता जोशी, नीतू खरे, अनीता राय, संतोषी भारती, शकुनतला कौशिक, कमला कौशिक समेत अन्य लोग शामिल थे।

### सीएसईबी



छत्तीसगढ़ स्टेट पॉवर डिस्ट्रीब्यूशन कंपनी के क्षेत्रीय प्रशासनिक भवन में गणतंत्र दिवस हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। क्षेत्रीय मुख्यालय के प्रांगण में आयोजित गणतंत्र दिवस समारोह में विद्युत कंपनी राजनांदगांव क्षेत्र के कार्यपालक निदेशक शिरीष सेलट द्वारा ध्वजारोहण किया गया। इस अवसर पर अधिकारी-कर्मचारियों ने सामूहिक रूप से राष्ट्रगान गाकर तिरंगे को सलामी दी। कार्यपालक निदेशक श्री सेलट द्वारा अध्यक्ष छत्तीसगढ़ राज्य पॉवर कंपनीज रायपुर के संदेश का वाचन किया गया। इस पावन अवसर पर उत्कृष्ट कार्य करने वाले विद्युतकर्मी शेष कुमारी साहू, प्रकाश सोनटापर, विशाल मोटघरे, सरजूराम मंडावी, संदीप देवदास, विजय कुमार खोब्रागढ़े, वीरेन्द्र कुमार मारकंडे, संतुराम ठाकुर, कैलाश दास मानिकपुरी, राकेश कुमार केवट, हनुमान लाल सोनकर, शिवशंकर साहू, को प्रशस्ति पत्र, पारितोषिक और मेडल प्रदान कर सम्मानित किया गया। प्रदेश स्तर पर न्यूनतम लाइन लॉस की श्रेणी में सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन के लिए खैरागढ़ संभाग को पॉवर कंपनी के अध्यक्ष डॉ. रोहित यादव द्वारा पुरस्कृत किया गया। इस अवसर मंगल तिर्की, एस कंवर, केसी खोटे, एडी टंडन, मुकेश साहू, आलोक दुबे, एनके साहू, सीमा ढ़ील, कौशलेन्द्र पाण्डे, रविकांत शर्मा, कांती नेताम सहित बड़ी संख्या में अधिकारी-कर्मचारीगण उपस्थित हुए। कार्यक्रम का संचालन धर्मेन्द्र शाह मंडावी द्वारा किया गया।

### पुलिस महानिरीक्षक कार्यालय



पुलिस महानिरीक्षक कार्यालय में ध्वजारोहण हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। इस अवसर पर पुलिस महानिरीक्षक बालाजी राव द्वारा पुलिस महानिरीक्षक कार्यालय परिसर में ध्वजारोहण किया गया तथा उपस्थित अधिकारी-कर्मचारियों को गणतंत्र दिवस की शुभकामनाएं दी गई। कार्यक्रम में पुष्पेन्द्र नायक, गीता वाधवानी, अलेकजेंडर किरो सहित पुलिस महानिरीक्षक कार्यालय के समस्त अधिकारी-कर्मचारीगण उपस्थित रहे।

### छमुमो कार्यालय




छत्तीसगढ़ मुक्ति मोर्चा कार्यालय तुलसीपुर में गणतंत्र दिवस पर ध्वजारोहण किया गया। साथ ही राष्ट्रपित महात्मा गांधी, बाबा साहब भीमराव अम्बेडकर की तस्वीरों पर माल्यार्पण किया गया। डॉ. भोला देवांगन द्वारा ध्वजारोहण कर राष्ट्रगान के साथ शहीदों को नमन किया। कार्यक्रम में प्रेमनारायण वर्मा, मेघदास वैष्णव, बसंत साहू द्वारा शहीदों की कुर्बानी को याद करते उनके बताए रास्ते में चलने का संकल्प लिया। कार्यक्रम में भगोली वर्मा, गणेश देवांगन, हीरालाल साहू, केशव वर्मा, रामा साहू, रतिराम साहू, डारनबाई, हरिनारायण साहू, रामजी साहू, रामशंकर साहू, प्रमोद साहू, भुनेश्वर निषाद, विष्णु देवांगन, तालेश्वर देवांगन, गोपाल दास मानिकपुरी, प्रमोद साहू, सुनील देवांगन, अमित सिंह, तामेश्वरी देवांगन, मनोहर साहू, प्रमोद साहू सहित नगर निगम के कर्मचारी बड़ी संख्या में उपस्थित थे।

### गंजपारा स्कूल




शा.प्रा.शाला गंजपारा में राष्ट्रीय पर्व हर्षोल्लास वातावरण में ध्वजारोहण किया गया। कार्यक्रम में शाला के भूतपूर्व वरिष्ठ छात्र कुशलचंद बैद, डॉ. नरेंद्र गांधी, कमलेश बैद, प्रधानपाठिका रबिया शादाब, एसएमसी अध्यक्ष अनिता पाल, सुनील अग्रवाल सहित शाला परिवार की उपस्थिति रही। कार्यक्रम के अंतर्गत प्रातःकाल विद्यार्थियों द्वारा देशभक्ति नारों एवं गीतों के साथ प्रभातफेरी निकाली गई। जिसमें बच्चों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। कार्यक्रम के दौरान विद्यार्थियों द्वारा देशभक्ति गीत, कविता, कहानी एवं भाषणों की प्रस्तुतियां दी गई।

### एनबीआईएस बोरी



नीरज बाजपेयी इंटरनेशनल स्कूल बोरी में गणतंत्र दिवस समारोह धूमधाम से मनाया गया। समारोह में एनबी ग्रुप आफ स्कूल्स के डायरेक्टर नीरज बाजपेयी मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। समारोह का आरंभ सर्वप्रथम मुख्य अतिथि के स्वागत से किया गया। तत्पश्चात श्री बाजपेयी द्वारा ध्वजारोहण किया गया। शाला के छात्रों द्वारा गणतंत्र दिवस की महत्ता को समझाते अंग्रेजी एवं हिन्दी भाषाओं में अपने भावों को भाषणों के माध्यम से सभी से साझा किया गया। आयोजन में डायरेक्टर सोनल बाजपेयी, प्राचार्य एकता गांधी, नितिन चौहान, शिक्षक, छात्र व कार्यालय कर्मचारी उपस्थित रहे।

### अशोका आईटीआई

अशोका ग्रुप ऑफ इंस्टीटयूशन्स ग्राम तोरनकट्टा में गणतंत्र दिवस समारोह हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। सुबह 8.30 बजे आयोजित उक्त आयोजन में



संस्था के अध्यक्ष संतोष बुद्धुन ने मां सरस्वती एवं भगवान श्रीगणेश की पूजा-अर्चना की एवं महाविद्यालय परिसर में ध्वजारोहण किया। तत्पश्चात प्राध्यापकों एवं अशोका आईटीआई के विद्यार्थियों द्वारा सामूहिक राष्ट्रगान गाया गया। श्री बुद्धुन ने विद्यार्थियों को गणतंत्र दिवस की शुभकामना दी। कार्यक्रम में कमलनारायण चन्द्राकर, भूपेन्द्र चन्द्राकर, शेषनारायण चन्द्राकर, शैलेष श्रीवास्तव उपस्थित रहे। अंत में विद्यार्थियों एवं स्टॉफ मेम्बर के लिए स्वल्पाहार की व्यवस्था महाविद्यालय प्रबंधन द्वारा की गई थी। उक्ताशय की जानकारी संस्था के प्रबंधक भूपेन्द्र चंद्राकर ने दी।

### रस्तोगी कॉलेज ऑफ नर्सिंग




रस्तोगी कॉलेज ऑफ नर्सिंग टेडेसरा में सोमवार को गणतंत्र दिवस उत्साह और देशभक्ति के वातावरण में मनाया गया। आयोजन महाविद्यालय परिसर में सुबह 8 बजे किया गया। जिसमें शिक्षक, विद्यार्थी एवं कर्मचारी बड़ी संख्या में उपस्थित रहे। समारोह का शुभारंभ प्राचार्य अरुणा मसीह द्वारा ध्वजारोहण के साथ हुआ। ध्वजारोहण के पश्चात राष्ट्रगान गाया गया। जिससे पूरा परिसर देशभक्ति की भावना के रंग में रंग गया। इसके उपरांत विद्यार्थियों ने देशभक्ति गीत, नृत्य एवं लघु नाटिका प्रस्तुत की। अंत में प्राचार्य ने अतिथियों, शिक्षकों एवं विद्यार्थियों के प्रति आभार व्यक्त किया। समारोह का समापन मिठाई वितरण के साथ हुआ।

### गणतंत्र दिवस पर प्रतियोगिता



तुलसीपुर में गणतंत्र दिवस पर आयोजित डांस और गायन प्रतियोगिता में अजीत जोगी युवा मोर्चा के कार्यकारी प्रदेश अध्यक्ष शमसुल आलम विशिष्ट अतिथि के रूप में शामिल हुए। उन्होंने कहा कि "भारत का लोकतंत्र, जनता का जनता के लिए और जनता द्वारा चलाया जाने वाला शासन है। यह हमारी संस्कृति की पहचान है। हमें अपने संविधान को बचाना होगा, क्योंकि संविधान ही हमें समानता का अधिकार प्रदान करता है। उन्होंने प्रतियोगिता में भाग लेने वाले प्रतिभागियों का हौसला अफजाई करते उन्हें और मेहनत करने की प्रेरणा दी। अंत में विजेताओं को पुरस्कृत किया गया।

### गंडई में मना गणतंत्र पर्व



**गंडई पंडरिया।** नगर में गणतंत्र दिवस की 77 वीं वर्षगांठ हर्षोल्लास के साथ मनाई गई। सरकारी संस्थानों, शैक्षणिक केंद्रों में तिरंगा फहराया गया। तिरंगा चौक पर नगर पंचायत अध्यक्ष लाल टारकेश्वर शाह खुसरो ने ध्वजारोहण कर परेड की सलामी ली। मुख्यमंत्री के संदेश का वाचन किया। महाविद्यालय में डॉ डीपी कुर्रे, थाना में एसडीओपी मानकराम कश्यप, कृषि उपज मंडी में सचिव दीनदयाल सोनवानी, वन विभाग में एसडीओ एमएल खूंटे, लोक निर्माण विभाग में सब इंजीनियर राधेश्याम वर्मा, पीएम श्री विद्यालय में प्राचार्य पवन ददरिया, संजय राजपूत अध्यक्ष कन्या हायर सेकेंडरी स्कूल, संध्या पात्रिकर प्राचार्य एवं रवि भावनानी अध्यक्ष मिडिल स्कूल गंडई में कौशल सिंह राजपूत संकुल समन्वयक एवं शाला विकास समिति अध्यक्ष ने ध्वजारोहण किया। प्रेस क्लब गंडई में अध्यक्ष विनोद नामदेव ने ससम्मान झंडा फहराया। इस अवसर पर नगर विकास को लेकर सार्थक चर्चा हुई। भाजपा मंडल अध्यक्ष राकेश ठाकुर ने बताया कि क्षेत्र में नवोदय विद्यालय के लिए भूमि चयन प्रक्रिया जारी है, जिससे जल्द ही छात्रों को बड़ी सुविधा मिलेगी। नगर पंचायत अध्यक्ष खुसरो ने अपने कार्यकाल का रिपोर्ट कार्ड पेश करते हुए बताया कि अटल परिसर और स्काई लिफ्ट वाहन जैसे करीब 2 करोड़ के विकास कार्य पूरे किए गए हैं। उन्होंने सड़क चौड़ीकरण से नगर पंचायत कार्यालय प्रभावित होने पर नए नगर पंचायत भवन निर्माण की जानकारी दी। तिरंगा चौक में कार्यक्रम का संचालन भाजपा नेता नारायण शर्मा और अधिवक्ता सतीश सिंघानिया ने किया। अंत में उपस्थित नागरिकों और जनप्रतिनिधियों ने एक स्वर में नगर के सर्वांगीण विकास के लिए समर्पित रहने का संकल्प लिया। इस अवसर पर बड़ी संख्या में नगरवासी उपस्थित थे।

### फुटकर व्यापारी संघ



राजनांदगांव फुटकर व्यापारी संघ में गणतंत्र दिवस पर राष्ट्रीय ध्वज तिरंगा का ध्वजारोहण छत्तीसगढ़ अल्पसंख्यक आयोग के पूर्व उपाध्यक्ष अधिवक्ता हफीज खान के मुख्य आतिथ्य, पूर्व पार्षद प्रज्ञा पंकज गुप्ता की अध्यक्षता व अमित चंद्रवंशी, अभिमन्यु उदय मिश्रा, संदीप सोनी के विशेष आतिथ्य व अध्यक्ष कादिर अंसारी की उपस्थिति में किया गया।

### अशोक स्तंभ चौक



शहर के अशोक स्तंभ में गणतंत्र दिवस पर ध्वजारोहण शहर कांग्रेस अध्यक्ष जीतेन्द्र मुदलियार के मुख्य आतिथ्य व विवेक वासनिक की अध्यक्षता व अन्य अतिथियों सेवकराम मेश्राम, बुद्धिमित्रा वासनिक, चेतन भानुशाली, लक्ष्मण साहू, संदीप सोनी, अभिमन्यु उदय मिश्रा के विशेष आतिथ्य व पूर्व पार्षद प्रज्ञा पंकज गुप्ता की उपस्थिति में फहराया गया।

### महाराष्ट्रीयन तेली समाज स्टेशनपारा



महाराष्ट्रीयन तेली समाज राजनांदगांव द्वारा स्टेशनपारा स्थित सामाजिक भवन परिसर पर स्थापित समाज के संत संताजी जगनाडे महाराज की पूजा-अर्चना समाज के साथ गणतंत्र दिवस पर्व मनाया गया। इस अवसर पर समाज के वरिष्ठ सदस्य हरिकृष्ण साकुरे, विजय बनवाकर, सचिव चंद्रशेखर बावनकर, उपाध्यक्ष संतोष समरीत शामिल थे। युवा मंडल अध्यक्ष प्रकाश समरीत ने बताया कि संत महाराज की पूजा-अर्चना पश्चात महिला मंडल अध्यक्ष मंजू बुटले द्वारा भारतमाता के तैल्य चित्र पर माल्या अर्पण कर तिरंगा ध्वज फहराया गया और सामाजिकजनों द्वारा राष्ट्रगान कर गणतंत्र दिवस मनाया गया। इस अवसर पर समाज के वरिष्ठजन, महिला-पुरूष व युवक-युवती उपस्थित थे। उक्त जानकारी समाज के सदस्य वासुदेव गायधनी व सूर्यकांत साकुरे ने दी।

### बौद्ध समाज ने मनाया गणतंत्र दिवस



गणतंत्र दिवस के उपलक्ष्य में बौद्ध समाज द्वारा गणतंत्र दिवस कार्यक्रम आयोजित किया गया है। कार्यक्रम में समाज के सदस्यगण, महिला कार्यकर्ता, युवा साथियों व समिति आजीवन एवं साधारण सदस्य शामिल हुए। सबसे पहले समाज द्वारा अंबेडकर चौक, कलेक्ट परिसर एवं सिविल लाइन स्थित अंबेडकर संस्कृतिक भवन में ध्वजारोहण किया गया। साथ ही विचार गोष्ठी एवं मिष्ठान वितरण कर कार्यक्रम का समापन किया गया गया। यह जानकारी विनोद श्रीरंगे द्वारा दिया गया।

### मोहारा जल संयंत्र गृह

गणतंत्र दिवस पर मोहारा जल संयंत्र गृह में आयोजित कार्यक्रम में नगर निगम आयुक्त अतुल विश्वकर्मा ने ध्वजारोहण किया। प्लांट में आयोजित कार्यक्रम में ध्वजारोहण उपरांत राष्ट्रगान के माध्यम से अधिकारी-कर्मचारियों ने ध्वज को सलामी दी। कार्यक्रम में यूके रामटेके, प्रणय मेश्राम, गरिमा वर्मा, अनुप पाण्डे, तिलक राज ध्रुव, रोमाली शेन्डे व युगराज कोमरे सहित प्लांट के कर्मचारी उपस्थित थे।

## सार समाचार

### प्रेस क्लब में अध्यक्ष सचिन और हाउसिंग सोसाइटी में मिथिलेश ने फहराया झंडा

**राजनांदगांव** । 77वें गणतंत्र दिवस के अवसर पर स्थानीय प्रेस क्लब में अध्यक्ष सचिन अग्रहरि द्वारा राष्ट्रीय ध्वज फहराकर ध्वज को सलामी दी गई। इस दौरान उपस्थित पत्रकारजनों ने राष्ट्रपिता महात्मा गांधी के तैलचित्र पर माल्यार्पण करते हुए उन्हें पुष्पांजलि अर्पित की और देश की आजादी के लिए अपने प्राणों की आहूति देने वाले वीर शहीदों को नमन किया। झंडा वंदन पश्चात राष्ट्रगान संपन्न किया गया।



**आवासीय परिसर में लहराया तिरंगा-** गणतंत्र दिवस के अवसर पर पत्रकार कॉलोनी कौरिनभाठा गोकुल नगर के सामने आवासीय परिसर क्षेत्र में हाउसिंग सोसाइटी के अध्यक्ष मिथिलेश देवांगन ने राष्ट्रीय ध्वज फहराकर तिरंगे झंडे को सलामी दी। वहीं उपस्थित सदस्यों द्वारा राष्ट्रगान पश्चात भारतमाता की जयघोष के नारे लगाए गए । **पत्रकार साथी रहे उपस्थित-** 77वें गणतंत्र दिवस के अवसर पर आयोजित झंडा वंदन कार्यक्रम में प्रेस क्लब के सचिव अनिल त्रिपाठी, कोषाध्यक्ष बसंत शर्मा, हाउसिंग सोसायटी के उपाध्यक्ष वीरेंद्र बहादुर सिंह, वरिष्ठ पत्रकार अशोक पांडे, किशोर शिल्लेदार, परमानंद रजक, जयदीप शर्मा, मोहन कुलदीप, कमलेश सिमनकर, हफीज खान, नीरा साहू, उत्तम पांडे, ऋषि मिश्रा, राहुल गौतम, घनश्याम पाटल सहित अन्य पत्रकागण उपस्थित थे।

### शिशु मंदिर में विद्यारंभ संस्कार

**बांधाबाजार**। सरस्वती शिशु मंदिर बांधाबाज़ार में बसंत पंचमी के अवसर पर सरस्वती पूजन एवं विद्यारंभ संस्कार का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में द्वारका खंडेलवाल, गोपेन्द्र गुप्ता, भारत सिंह चौहान एवं राम मंदिर के पुजारी संतोष मिश्रा शामिल हुए। कार्यक्रम में विद्यार्थियों के पालक एवं नागरिक बड़ी संख्या में उपस्थित थे।



### पंचायत सचिव सम्मानित



**साल्हेवारा**। ग्राम पंचायत कोपरी को पीएम जनमन आवास योजना के तहत उत्कृष्ट कार्य करने के लिए सम्मानित किया गया है। ग्राम पंचायत कोपरी के सचिव को योजना अंतर्गत आवासों का निर्माण निर्धारित समय में पूर्ण करने पर कलेक्टर ने प्रशस्ति पत्र प्रदान किया।

### बांधाबाजार मंडई आज

**बांधाबाजार**। ग्राम में मंडई का आयोजन कल 28 जनवरी को किया गया है। गुरुवार को आरू साहू का सांस्कृतिक कार्यक्रम रखा गया है। यह जानकारी सरपंच युवराज नेताम ने देते हुए अंचल के लोगों से शामिल होने का आव्हान किया है।

### शत-प्रतिशत मतदान करने की शपथ

**मोहला**। राष्ट्रीय मतदाता दिवस के अवसर पर कलेक्ट्रेट सभागार में कलेक्टर तुलिका प्रजापति की उपस्थिति में जिला स्तरीय कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर लोकतंत्र के महत्व, निष्पक्ष मतदान की आवश्यकता की जानकारी दी गई। नए युवा मतदाताओं, नागरिकों, अधिकारियों और कर्मचारियों को मतदाता जागरूकता का संदेश दिया गया। उन्हें मताधिकार का सही उपयोग करने प्रेरित किया गया। कार्यक्रम में नवीन मतदाताओं को बेच लगाकर कर सम्मानित किया गया। कलेक्टर श्रीमती प्रजापति ने मतदाता जागरूकता के लिए उत्कृष्ट कार्य करने वाले बीएलओ को सम्मानित किया। कलेक्टर ने भावी मतदाताओं से अपील करते हुए कहा कि 18 वर्ष की आयु पूर्ण करने जा रहे सभी नागरिक मतदाता सूची में अपना नाम अवश्य जुड़वाएं। इस अवसर पर शत-प्रतिशत मतदान करने की शपथ दिलाया गया।

### नर्मदा महोत्सव की तैयारी जोरों पर

**सड़क अतरिया**। आगामी 30 जनवरी से प्रारंभ होने वाले तीन दिवसीय नर्मदा मेला महोत्सव की तैयारी जोर पकड़ लिया है। महोत्सव को शुरू होने में अब दो दिन का समय शेष है। शासन प्रशासन महोत्सव का सफल



आयोजन के जुट गए है। मंदिर एवं मेला परिसर की साफ सफाई, मंदिर का रंग-रोगन, मुख्य मार्गों में प्रवेश द्वार सहित अन्य कार्य पूर्ण कर लिया गया। शेष कार्यों को गति दिया जा रहा है। उल्लेखनीय है कि नर्मदा का पुन्नी मेला प्राचीन एवं ऐतिहासिक मेला है। जिसे डेढ़ दशक से सांस्कृतिक एवं पर्यटन विभाग तथा शासन प्रशासन के सहयोग से महोत्सव के रूप में मनाया जाता है। इस बार भी महोत्सव में दिग्गज नेता सामिल होगे। वही संध्या समय प्रदेश के ख्याति प्राप्त कलाकार अपनी कला से दर्शकों को भाव विभोर करेंगे। मेला में बीस हजार से भी अधिक दर्शनार्थी अपनी आस्था प्रकट करने तथा मेला लुफ्त उठाने पहुंचते है। लोगों की आस्था को ध्यान में रखते हुए। माता रानी का दर्शन, पुन्नी में कुंड स्नान एवं कार्यक्रम स्थल में चाक चौबंद व्यवस्था बना गया है। मेले में शांति व्यवस्था बरकरार रखने पुलिस के जवान तैनात रहेंगे। वही पेय जल, चिकित्सा, विद्युत एवं सुरक्षा का भी बंदोबस्त रहेगा। नर्मदा मेला महोत्सव में पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल, सांसद संतोष पांडेय, पर्यटन बोर्ड अध्यक्ष नीलू शर्मा, विधायक यशोदा वर्मा, पूर्व विधायक कोमल जंघेल, गिरवर जंघेल, जिला पंचायत अध्यक्ष प्रियंका खम्हन ताम्रकार, उपाध्यक्ष विक्रांत सिंह, कालेश्वर साह खुशरो शामिल होंगे। महोत्सव में सोनहा बादर, दूध मोंगरा, संग संगवारी के कलाकार अपनी प्रस्तुति देंगें।

## पूर्व में अनेक बार हुआ था आंदोलन

# मोहारा बस्ती क्षेत्र से हटी शराब दुकान, लंबे समय की मांग पूरी

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

शहर के मोहरा बस्ती के सामने स्थित शराब दुकान को यहां से स्थानांतरित कर दिया गया है। लंबे समय से इस क्षेत्र के लोग यहां से शराब दुकान हटाने मांग कर रहे थे। इसके लिए लोगों को कई बार आंदोलन भी करना पड़ा।

कृषि उपज मंडी के पीछे स्थित देशी-अंग्रेजी शराब दुकान को यहां से स्थानांतरित कर दिया गया है। कुछ माह पूर्व यहां से एक दुकान को हटाकर लखोली बायपास रोड में शिफ्ट किया गया। वहीं अब यहां देशी कंपोजिट शराब दुकान को हटाकर रेवाडीह बायपास रोड पर संचालित किया जा रहा है। इन दोनों ही क्षेत्र में आसपास कोई बड़ी बस्ती नहीं है। मोहरा बस्ती के सामने संचालित शराब दुकान की वजह से महिलाओं, स्कूली छात्राओं को काफी समस्याएं हो रही थी। खासकर यहां शाम होते ही सड़क पर जमघट लगने लगता था। जिससे दुर्घटना की संभावना बनी हुई थी। वहीं आसपास डिस्पोजल से गंदगी भी फैल रही थी।




#### क्षेत्र के लोगों को मिली राहत

कृषि उपज मंडी के पीछे 2 शराब दुकान संचालित थी। जिसमें एक देशी शराब दुकान और एक विदेशी शराब दुकान यहां संचालित हो रही थी। मोहारा बस्ती क्षेत्र में एक बड़ी आबादी होने के चलते लोगों को समस्याएं हो रही थी। अब इस शराब दुकान के यहां से हटने से मोहरा क्षेत्रवासियों को राहत मिली है।

#### दुर्घटना की संभावना

मोहरा बस्ती के सामने से हटाई गई शराब दुकान के स्थानांतरण के बाद इसे बस्ती से दूर ले जाने का प्रयास किया गया है, लेकिन जिस जगह पर शराब दुकान संचालित हो रही है, वहां पर भारी वाहनों का दबाव रहता है। ऐसे में शराब दुकान में आने वाली भीड़ सड़क पर भी दिखाई देती है। यहां पर स्टॉपर ब्रेकर भी नहीं है। जिससे कभी भी दुर्घटना होने की संभावना है, दिखाई देती है।

## स्वदेशी मेले में हस्तनिर्मित बैग बने आकर्षण का केंद्र

**राजनांदगांव**। शहर के स्टेट स्कूल मैदान में 22 से 28 जनवरी तक चल रहे स्वदेशी मेले में आत्मनिर्भर भारत की सशक्त तस्वीर देखने को मिल रही है। मेले में जहां एक ओर देशी उत्पादों की विविधता लोगों को आकर्षित कर रही है। वहीं रूचि महिला मंडल द्वारा निर्मित हस्तनिर्मित बैग अपनी गुणवत्ता, डिजाइन और उपयोगिता के कारण विशेष पहचान बना रहे हैं। हर आयु वर्ग के लोग इन बैगों की ओर खींचे चले आ रहे हैं। जिससे स्टॉल पर दिनभर भीड़ बनी हुई है।

गौरतलब है कि स्वदेशी मेले में रूचि महिला मंडल का स्टॉल महिलाओं की मेहनत और हुनर की जीवंत मिसाल बनकर उभरा है। यहां प्रदर्शित बैग न केवल आकर्षक रंगों और डिज़ाइनों में उपलब्ध है, बल्कि उनकी मजबूती और फिनिशिंग भी ग्राहकों को खासा प्रभावित कर रही है। यही कारण है कि मेले में आने वाला लगभग हर आगंतुक इन बैगों को हाथ में लेकर देखने से खुद को रोक नहीं पा रहा।

ज्ञात हो कि रूचि महिला मंडल का संचालन महिला उद्यमी रचना शर्मा द्वारा किया जा रहा है, जो सैकड़ों महिलाओं को रोजगार से जोड़कर



उन्हें आत्मनिर्भर बना रही है। घर की चार दीवारी से निकलकर महिलाएं अपने हुनर को पहचान दे रही है और आर्थिक रूप से सशक्त बन रही है। यह पहल न केवल रोजगार का माध्यम है, बल्कि महिलाओं के आत्मविश्वास को भी नई उड़ान दे रही है। मेले में आए खरीदारों का कहना है कि इन हस्तनिर्मित बैगों की गुणवत्ता बड़े ब्रांड्स को भी टक्कर देती है। जबकि कीमतें सभी लोगों की पहुंच में है। स्वदेशी उत्पादों को अपनाने की भावना के साथ लोग इन बैगों की खरीदारी कर रहे हैं और महिलाओं के इस प्रयास की खुले दिल से सराहना कर रहे हैं। स्वदेशी मेला सामाजिक बदलाव और महिला सशक्तिकरण का संदेश भी दे रहा है। रूचि महिला मंडल का यह प्रयास यह साबित करता है कि यदि सही मार्गदर्शन और अवसर मिले, तो महिलाएं न केवल अपने परिवार, बल्कि पूरे समाज की आर्थिक तस्वीर बदलने की क्षमता रखती है।

## राकेश, धरम व गोपाल सम्मानित



हरिभूमि न्यूज ⏭ तुमड़ीबोड़

दीनदयाल उपाध्याय आडिटोरियम रायपुर में आयोजित राज्य स्तरीय सम्मान समारोह में तुमड़ीबोड़ के तीन राहवीरों का सम्मान किया गया जिसमें ग्राम के राकेश शर्मा, धरम जैन और गोपाल पटेल शामिल है।

तीनों को मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय, परिवहन मंत्री केदार कश्यप ने प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया। सम्मानित होने वाले राकेश शर्मा, गोपाल पटेल धरम जैन को टाइगर क्लब और व्यापारी संघ के अध्यक्ष अजय जैन, संरक्षक सुरेश जैन, ग्राम पटेल अमरोतन साहू, सरिता मदन साहू, अर्जुन साहू, लीलाधर साहू, भूपेन्द्र सोनवानी, पीताम्बर साहू सहित अन्य ने बधाई दी है।

## इंडियन डेंटल एसोसिएशन का इंस्टॉलेशन सेरेमनी

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

इंडियन डेंटल एसोसिएशन द्वारा अपना प्रथम शैक्षणिक कार्यक्रम एवं इंस्टॉलेशन सेरेमनी आयोजित किया गया । इस कार्यक्रम में बड़ी संख्या में दंत चिकित्सकों की उपस्थिति रही ।

कार्यक्रम के शैक्षणिक सत्र में डॉ. ब्रजेश दम्मानी ने टॉप्सी टर्वी विषय पर व्याख्यान प्रस्तुत किया। अपने व्याख्यान में उन्होंने टेम्परोमैंडिबुलर जॉइंट की क्लिनिकल महत्ता, ऑक्लूज़न की भूमिका तथा टेम्परोमैंडिबुलर विकारों के निदान एवं प्रबंधन पर विस्तार से प्रकाश डाला। व्याख्यान के पश्चात कार्यक्रम में सांसद संतोष पांडेय भी उपस्थित रहे । वहीं डॉ. दिवाकर रंगारी एवं डॉ. अभिजीत देवघरे सहित अन्य गणमान्य अतिथि आयोजन में शामिल हुए।



**पदाधिकारियों ने ली शपथ**

इंडियन डेंटल एसोसिएश के आयोजन अवसर पर राजनांदगांव कार्यकारिणी का शपथ ग्रहण समारोह संपन्न हुआ, जिसमें नवनिर्वाचित पदाधिकारियों ने अपने दायित्व ग्रहण किए। इस कार्यकारणी में अध्यक्ष डॉ. अनिरुद्ध गांधी, सचिव डॉ. नुपुर सरकार, कोषाध्यक्ष डॉ. नितेश जैन, अध्यक्ष निर्वाचित डॉ. दीपिका जैन, पूर्व अध्यक्ष डॉ. मनुप्रीत कौर, उपाध्यक्ष डॉ. अंकुर पृथियानी, डॉ. श्रीकांत पारख, संयुक्त सचिव डॉ. अनुष्का देवघरे, सहायक सचिव डॉ. रीना पाटीला, संपादक डॉ. जय टांक, सीडीई प्रतिनिधि डॉ. अरिहंत गोलछा, सीडीएच प्रतिनिधि डॉ. प्रशांत कोठारी, राज्य शाखा प्रतिनिधि डॉ. मंजरी गांधी, कार्यकारिणी सदस्य डॉ. रीमा पृथियानी, डॉ. आकाश कटियारा, डॉ. सिद्धि छाजेड, डॉ. श्रुति जैन ने शपथ ली ।

## लोकार्पण...



**राजनांदगांव**। विधायक तथा विधानसभा अध्यक्ष डॉ.रमन सिंह ने 25 जनवरी को दिग्विजय क्लब स्थित स्पोर्ट्स काम्प्लेक्स का लोकार्पण किया। साथ ही बैडमिंटन कोर्ट में सांसद संतोष पांडे के साथ बैडमिंटन खेला। इस दौरान कलेक्टर जितेंद्र यादव, पुलिस अधीक्षक अंकित शर्मा सहित गणमान्य नागरिक मौजूद थे।

### आज शाम नहीं होगी पेयजल सप्लाई

**राजनांदगांव**। ग्रीष्म ऋतु के पूर्व निगम सीमाक्षेत्र के पानी टंकियों की सफाई कराई जा रही है। जिसमें से आरके नगर पानी टंकी (क्षमता 16.00 लाख लीटर) की सफाई कार्य किया जाना है। इस वजह से उक्त टंकी से कल 28 जनवरी को शाम के समय पेयजल आपूर्ति बाधित रहेगी। 29 जनवरी सुबह से पानी सप्लाई यथावत रहेगी। नगर निगम आयुक्त अतुल विश्वकर्मा ने बताया 28 को आरके नगर टंकी सप्लाई क्षेत्र आरके नगर, अनुपम नगर, सहदेव नगर, कौरिनभाठा, सर्किट हाउस, सृष्टि कालोनी, कुंज विहार कालोनी, गायत्री कालोनी, जलतरंग कालोनी, हाउसिंग बोर्ड कालोनी, बर्फानी आश्रम, महेश नगर, आशीर्वाद कालोनी, हरिओम नगर, रिद्धी -सिद्धी कालोनी, गोकुल नगर, लक्ष्मीनगर, जीवन ए-कालोनी, गांधी नगर, चंद्रा कालोनी एवं आशा नगर क्षेत्र में पेयजल सप्लाई बाधित रहेगी।

## वार्षिकोत्सव में प्रतिभावान छात्र छात्राओं का सम्मान




**सड़क अतरिया**। वेद विज्ञान विद्या मंदिर हिन्दी अंग्रेजी माध्यम इंटरनेशनल विद्यालय सड़क अतरिया तथा एआईआईटी ग्रुप के संयुक्त तत्वाधान में रविवार को वार्षिकोत्सव का आयोजन किया गया है।

कार्यक्रम में संचालकों सर्व प्रथम विद्यालय के अत्याधुनिक प्रवेश द्वारा एवं परिसर हुऐ हुऐ सौंदर्यीकरण का पूजा अर्चना कर लोकार्पण किया। तत्पश्चात विद्यालय के संचालक राजेश देवांगन, परस राम देवांगन, मनहरण जंघेल एवं अन्य अतिथियों द्वारा दीप प्रज्वलित कर शुभारंभ किया गया। छात्रों ने एकल एवं सामूहिक गीत प्रस्तुत किया। कार्यक्रम का शुभारंभ कामियां एवं साथी के गणेश वंदना से हुआ। नोशी ने सरस्वती वंदना की प्रस्तुति दिया। कार्यक्रम में पूर्वी एवं आस्था के देश भक्ति गीत पर दर्शक भाव विभोर हुए। सारांश एवं साथी के रोली पोली गीत ने जमकर तालियां बटोरी। माहिका एवं साथी की प्रस्तुत मामी पापा गीत एवं भाव ने दर्शकों को मंत्र मुग्ध कर दिया। इसी प्रकार धात्री, मोनिका, सिमरन, ज्योति, दूशिका, धात्री, आरोही, शिवकुमार, चेतन, मिशिका, सांची, पूर्वी, रागनी, रिया, माहिका, अंकिता, तमन्ना, भेनू, योगिता, जया, मेघा, अशफाक, जीवन, दीपांशु, किरण, चंचल, तनिष्क, कुमकुम, हिना, वंशिका, संध्या अन्य की प्रस्तुति भी सराहनीय रही। कार्यक्रम में मंच पर विद्यालय के पूर्व एवं प्रतिभावान छात्रों को सम्मानीत किया गया। जनप्रतिनिधियों ने ग्रामीण क्षेत्र में विद्यालय के छात्रों को मिल रही बेहतर सुविधा एवं छात्रों के विकास के लिए प्रशंसा के पुल बांधे।

#### जनप्रतिनिधि हुए शामिल

कार्यक्रम में जिला पंचायत अध्यक्ष प्रियंका खम्हन ताम्रकार, मोतीलाल जंघेल, अशोक जंघेल, राधे मोहन वैष्णव, लोमश वैष्णव, महेश जैन, रामकृष्ण वैष्णव, आशा देवांगन, योगेश देवांगन, योगिता देवांगन, नारायण देवांगन, रोहित देवांगन, गिरीश सोनी, भूषण देवांगन, पन्ना लाल जंघेल, घसिया राम, प्यारे लाल साहू, प्राचार्य रवि चन्दन, लेखू राम श्रीवास, मनोज यादव, डी आनंद, कैलाश पटेल, सुरेश साहू, सरगम गुप्ता, नंद किशोर साहू, जागेंद भारती, रैमुन बंजारे, सत्यभामा साहू, वर्षा जंघेल, पायल तम्बोली, पायल देवांगन आदि शामिल हुए।

### 30 को मटन मार्केट बंद

राजनांदगांव। राज्य शासन के निर्देशानुसार गांधी निर्वाण दिवस के उपलक्ष्य में 30 जनवरी को नगर निगम सीमाक्षेत्र में स्थित पशुवध गृह एवं मटन मार्केट पूर्णरूपेण बंद रहेंगे। नगर निगम आयुक्त अतुल विश्वकर्मा ने स्वास्थ्य विभाग को उक्त दिवस पर पशुवध एवं विक्रय कार्य पूर्णतः प्रतिबंधित सुनिश्चित करने कहा है।

आयुक्त श्री विश्वकर्मा ने स्वास्थ्य विभाग को उक्त दिवस पर मांस विक्रय करते पाए जाने पर मांस जब्त करने, 5000 रुपए अर्थदंड वसूलने एवं संबंधित के विरूद्ध यथोचित कानूनी कार्रवाई करने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने समस्त स्वच्छता निरीक्षकों से कहा कि उपरोक्त आदेश का कड़ाई से पालन करना सुनिश्चित करें एवं अपने संबंधित क्षेत्रों में पर्यवेक्षण रखे।

## केंद्रीय मंत्री शिवराज का डोंगरगढ़ में स्वागत

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

भारत सरकार के केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान आज एक दिवसीय प्रवास पर चंद्रगिरी पर्वत डोंगरगढ़ पहुंचे, जहां पर आचार्य विद्यासागर संग्राहलय भूमिपूजन एवं मां बम्बलेश्वरी मंदिर के दर्शन कार्यक्रम में जिला भाजपा के पदाधिकारियों ने डोंगरगढ़ पहुंचकर उनका स्वागत अभिनंदन किया।

इस दौरान जिला भाजपा अध्यक्ष कोमल सिंह राजपूत, महामंत्री सौरभ कोठारी, डिकेश साहू, कोषाध्यक्ष भावेश बैद, जिला उपाध्यक्ष तरूण लहरवानी, मनोज निर्वाणी, दादूराम सोनकर, यश पारख, जिला मीडिया प्रभारी अमर लालवानी सहित जिला भाजपा के पदाधिकारी उपस्थित थे।

समारोह पश्चात बम्लेश्वरी मंदिर दर्शन कर शिवराज सिंह चौहान ने देश की समृद्धि एवं प्रगति की मनोकामना व्यक्त की और उन्होंने छतीसगढ़ की धार्मिक नगरी की भूरी-भूरी प्रशसा भी की। इस दौरान उनके साथ छत्तीसगढ़ शासन के शिक्षा मंत्री गजेंद्र यादव, सांसद संतोष पांडे एवं जिला भाजपा अध्यक्ष कोमल सिंह राजपूत उपस्थित थे।

जिला भाजपा अध्यक्ष कोमल सिंह राजपूत ने बताया कि वह कृषक भी हैं और कृषि उपज मंडी में उपाध्यक्ष का दायित्व निभा चुके हैं। साथ ही विद्यार्थी परिषद से लेकर बजरंग दल और वर्तमान में भाजपा के जिला अध्यक्ष के पद पर हैं।

शिवराज सिंह चौहान ने हेलीपैड पर कोमल को अपने साथ हेलीकॉप्टर में बिठाया और रायपुर ले उड़े। कार्यक्रम में प्रदेश उपाध्यक्ष रामजी भारती, रमन डोंगरे, प्रदीप गांधी, शशिकांत द्विवेदी, जिला भाजपा के महामंत्री सौरभ कोठारी, डीकेश साहू, कोषाध्यक्ष भावेश बैद, जिला उपाध्यक्ष तरूण लहरवानी, किसान मोर्चा के जिला अध्यक्ष दादूराम सोनकर, अमित जैन, मनोज निर्वाणी, जसमीत बन्नोआना, जैन मेश्राम, अनिल सिन्हा, पारख सहित अन्य कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## मतदाता दिवस पर मतदान करने छात्रों को किया प्रेरित

हरिभूमि न्यूज ⏭ अर्जुनी

स्थानीय नवीन महाविद्यालय में गत दिनों प्राचार्य के निर्देशानुसार राष्ट्रीय मतदाता दिवस मनाया गया। इस अवसर पर बीकाम अंतिम की खुशबू देवांगन ने मतदान के महत्व, योगेश ने स्वस्थ मतदान पर अपने विचार रखे। गोवर्धन ने मतदान पर कविता प्रस्तुत किया।

इसी क्रम में बीएम अंतिम की रितु, टिकेश्वरी ने चुनाव आयोग के बारे में बताया। मिथिलेश ने अधिक से अधिक मतदान पर जोर दिया। अतिथि व्याख्याता ओम प्रकाश सहारे ने मतदान पर विस्तृत चर्चा की। उन्होंने 18 वर्ष पूर्ण होने पर मतदाता सूची में नाम जुड़वाने पर बल दिया। संयोजक ज्ञानेश्वर देवांगन भारतीय चुनाव पर संक्षिप्त जानकारी दी। अंत में प्राचार्य डॉ अंजना ठाकुर ने मतदान जागरूकता पर बल दिया। इस अवसर पर अतिथि व्याख्याता डॉ संजू सिंह, डॉ हेमलता, डॉ लव वर्मा, योगिता ठाकुर, चांदनी पराते, चंद्रकांत कुंभकार, मोनिश खान, खेलन साहू उपस्थित थे। संचालन सुश्री शुभी जैन ने किया।










विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771-4242213, 7987119756, 9303508130

## सार समाचार

### दक्षिण ब्लॉक मंडल के अध्यक्ष बने आफताब



**राजनांदगांव।** अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के महासचिव एवं छत्तीसगढ़ प्रभारी सचिन पायलट के अनुमोदन से छत्तीसगढ़ प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष दीपक बैज ने संगठन सृजन कार्यक्रम के तहत मंडल कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष की नियुक्ति का आदेश जारी किया। इस आदेश के तहत राजनांदगांव शहर के दक्षिण ब्लॉक में आफताब अहमद को मंडल अध्यक्ष के रूप में नियुक्त किया। आफताब अहमद ने इस नियुक्ति पर शहर कांग्रेस अध्यक्ष जितेंद्र मुदलियार, शहर कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष कुलबीर सिंह छाबड़ा, संगठन सृजन के तहत दक्षिण ब्लॉक प्रभारी हनी ग्रेवाल सहित अन्य का आभार व्यक्त किया।

### इंदामरा मंड़ई 5 को

**राजनांदगांव।** ग्राम इंदामरा में आगामी 5 फरवरी को मंडई-मेला का आयोजन रखा गया है। रात्रि में मनोरंजन के लिए छत्तीसगढ़ी लोक कला मंच कारी बदरिया ग्राम मोखा तहसील गुरूर जिला बालोद का सांस्कृतिक कार्यक्रम रखा गया है। परमानंद वर्मा युवा कांग्रेस नेता एवं अध्यक्ष लोधी समाज इंदामरा ने बताया कि आसपास क्षेत्रों से बहुत ही बड़ी मड़ई मनाया जाता है। श्री वर्मा ने लोगों को अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होने की अपील की है।

### युगांतर स्कूल में स्वागत भोज आयोजित

**राजनांदगांव।** नेशनल जैनिज्म फिलेटलिक सोसाइटी के नवनिर्वाचित अध्यक्ष महावीर कुंदूर हुबली कर्नाटक, महासचिव तेजकरण जैन



राजनांदगांव एवं निवृत्तमान अध्यक्ष डॉ. प्रदीप जैन बालोद के स्वागत में युगांतर पब्लिक स्कूल राजनांदगांव द्वारा स्वागत भोज का आयोजन किया गया। उल्लेखनीय है कि डाक सामग्रियों की प्रदर्शनियों के माध्यम से जैन धर्म के उद्देश्यों के प्रचार-प्रसार हेतु 2011 में गठित इस सोसाइटी का दो दिनी सम्मेलन श्री केवल्यधाम जैन श्वेताम्बर महातीर्थ में आयोजित था। जिसमें भारत के 10 राज्यों के 60 प्रतिनिधियों ने भाग लिया। दूसरे दिन तीर्थयात्रा की समाप्ति के साथ पधारे सभी सदस्यों का स्वागत किया गया। नगर के तेजकरण जैन के महासचिव नियुक्त होने पर उनका भी विशेष स्वागत किया गया। इस अवसर पर विद्यालय के चेयरमैन अजय सिंगी, वाइस चेयरमैन अखराज कोटड़िया, प्राचार्य मधुसूदन नायर, पीआरओ स्पोर्ट्स ऑफिसर दिनेश प्रताप सिंह उपस्थित रहे।

### 6 को नामदेव समाज का सामूहिक विवाह आयोजन

**राजनांदगांव।** नामदेव समाज के बहुप्रतिक्षित आदर्श सामूहिक विवाह का आयोजन आगामी 6 फरवरी को कान्हा गार्डन रोशन परिसर मेला ग्राउंड के सामने इंदौर रोड कसरावद जिला खरगोन मप्र में आयोजित किया जा रहा है। उपरोक्त सामूहिक विवाह में अब तक कुल 6 जोड़ों का विवाह पंजीयन एवं विवाह कार्यक्रम तय हो चुका है। उक्त जानकारी दिनेश नामदेव ने दी।

### पेंशनर्स एसोसिएशन ने बीईओ से की मुलाकात

**राजनांदगांव।** पेंशनर्स एसोसिएशन छग प्रदेश जिला राजनांदगांव के



प्रतिनिधि मंडल द्वारा सेवानिवृत्ति शिक्षिका श्रीमती गायत्री देवांगन के प्रकरण को लेकर 27 जनवरी को विकासखंड शिक्षा अधिकारी राजनांदगांव राजूराम साहू से मुलाकात किया। इस अवसर पर केपी सिंह, राजेश कुमार रथी, बीटी वाल्दे, जीआर देवांगन उपस्थित रहे।

### 90 युवक-युवतियां परिचय सम्मेलन में हुए शामिल

**राजनांदगांव।** जिला सतनामी सेवा समिति पं.क्र. 5041 राजनांदगांव के तत्वावधान में सामाजिक व्यवस्था को मजबूत करने के उद्देश्य से जिला



सतनामी समाज प्रत्येक वर्ष की भांति इस वर्ष भी संभाग स्तरीय सतनामी समाज युवक-युवती परिचय सम्मेलन का आयोजन किया गया। जिसमें जिला के साथ-साथ विभिन्न जिले से विवाह योग्य 90 युवक-युवातियों ने भाग लिया। सम्मेलन में सुबह से शाम 6 बजे तक चला। कार्यक्रम का शुभारंभ गुरु गद्दी की पूजा-आरती कर दीप प्रज्जवलित कर किया गया। तत्पश्चात अतिथियों का स्वागत कर परिचय सम्मेलन का कार्य चलता रहा।

### छात्र अमित का सीआईएसएफ में चयन

**राजनांदगांव।** डोंगरगांव ब्लॉक के ग्राम सुखरी निवासी रामबेलास एवं श्रीमती सरिता के पुत्र अमित कुमार का चयन सीआईएसएफ में हुआ है।



प्रारंभ से ही मेधावी रहे अमित कुमार की प्रारंभिक शिक्षा प्राथमिक शाला सुखरी एवं माध्यमिक तथा उच्चतर शिक्षा हाई स्कूल सोनेसरार में हुई है। वर्तमान में वे दिग्विजय महाविद्यालय में बीएससी छठवें सेमेस्टर में नियमित छात्र के रूप में अध्यनरत है। अमित के परिवार में माता-पिता के अलावा एक बड़ी बहन पायल है। अमित के पिता ने बताया कि उनके परिवार में अमित पहला व्यक्ति है, जो सरकारी नौकरी में जा रहा है। अमित की उपलब्धि में दिग्विजय महाविद्यालय के रजिस्ट्रार दीपक परगनिहा ने हर्ष व्यक्त करते बताया कि अमित महाविद्यालय में नियमित विद्यार्थी के साथ-साथ एनसीसी नेवल का कैडेट भी है। जिसने एनसीसी नेवल में बी. सर्टिफिकेट पास कर लिया है। महाविद्यालय परिवार छात्र के पैरामिलिट्री में चयन पर गौरवान्वित है।

### धनगांव में निषाद जयंती आयोजित

**राजनांदगांव।** निषाद समाज परिक्षेत्र सांकरदाहरा खुज्जी व पंचगईहा चारभाठा कुल्हाड़ी के तत्वावधान में श्रीराम भक्त गुहाराज निषाद जयंती



समारोह 22 जनवरी को भगवान श्रीरामचंद्र की प्राण-प्रतिष्ठा पर्व पर श्रीराम-जानकी मंदिर धनगांव के पवित्र प्रांगण में आयोजित हुई। मीडिया प्रभारी चैनकुमार सोनवानी निषाद ने बताया कि इस पर्व पर सीमा निषाद ग्राम मोखली का नोयल निषाद ग्राम चांदो के साथ आदर्श विवाह समारोह का आयोजन हुआ। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि जिला पंचायत अध्यक्ष किरण रविन्द्र वैष्णव व अध्यक्षता गौतरिहा निषाद क्षेत्रीय अध्यक्ष निषाद समाज सांकरदाहरा ने की।

### लोकार्पण पर विस अध्यक्ष ने की सामुदायिक भवन और लाईब्रेरी की घोषणा

# नांदगांव के पत्रकारों की एकजुटता प्रदेशभर में बनी मिसालः डॉ.रमन

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह सोमवार को 10 एकड़ में निर्मित पत्रकार आवासीय परिसर के लोकार्पण एवं भूमिपूजन कार्यक्रम में शामिल हुए।

विस अध्यक्ष डॉ. सिंह ने 3 करोड़ 79 लाख 91 हजार रुपए की लागत से पत्रकार आवासीय परिसर का लोकार्पण किया तथा परिसर में 49 लाख रुपए की लागत से पानी टंकी सम्पवेल एवं पाईप लाइन विस्तार कार्य के लिए भूमिपूजन किया। विस अध्यक्ष डॉ. सिंह ने कहा कि संस्कारधानी राजनांदगांव का गौरवशाली इतिहास रहा है और आज उसी में क्रम एक नया नाम जुड़ रहा है। गणतंत्र दिवस पर पत्रकार कॉलोनी में लोकर्पण एवं भूमिपूजन किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि राजनांदगांव संस्कारधानी से उन्हें बहुत सारी जिम्मेदारियां और ताकत मिली है।

विस अध्यक्ष डॉ. सिंह ने कहा कि राजनांदगांव के पत्रकारों की मेहनत, परिश्रम और एकजुटता से पत्रकार कॉलोनी का निर्माण किया गया है। उन्होंने कहा कि प्रदेशभर के लिए राजनांदगांव के पत्रकारों की एकजुटता एक अच्छा उदाहरण है। उन्होंने कहा कि व्यक्ति के जीवन की सबसे बड़ी उपलब्धि उसका मकान होता है। 141 पत्रकारों को अपना आवास मिलेगा। पत्रकार गणतंत्र को पोषित, पल्लिवत करने वाले कलम के जादूगर होते है। यहां रानी सूर्यमुखीदेवी के नाम से आवासीय परिसर होगा। उन्होंने सभी को पत्रकार कालोनी के लिए शुभकामनाएं दी। डॉ. सिंह ने सामुदायिक भवन, लाईब्रेरी और दो हाई मास्ट लाईट एवं एक सड़क के निर्माण कराने की बात कही।

इस अवसर पर अध्यक्ष छत्तीसगढ़ पर्यटन मंडल नीलू शर्मा, पूर्व सांसदअभिषेक सिंह, पूर्व सांसद प्रदीप गांधी, कोमल सिंह राजपूत, सुरेश एच. लाल, जितेन्द्र मुदलियार, प्रेस क्लब के संरक्षक जितेन्द्र मिश्रा, अशोक पाण्डेय, सुशील कोठारी, पूर्व सचिव शंशाक तिवारी, प्रेस क्लब हाऊसिंग सोसायटी के पूर्व अध्यक्ष अतुल श्रीवास्तव, प्रेस क्लब के सचिव अनिल त्रिपाठी, कोषाध्यक्ष बसंत शर्मा, सहित पत्रकारगण और परिवारजन उपस्थित थे। आभार प्रदर्शन विरेन्द्र बहादुर ने किया।




#### हर घर में होगा एयर कंडिशनर : बहादुर अली

औद्योगिक प्रतिष्ठान एबीस के प्रमुख एवं समाजसेवी बहादुर अली ने कहा कि आज का दिन खुशी का दिन है, जहां 141 पत्रकार एक साथ रहने वाले हैं। उन्होंने कहा कि ऐसे पत्रकार जिनका आवास तीन वर्ष में पूर्ण होगा, उनके घर में एबीस की ओर से एयर कंडिशनर की सुविधा प्रदान की जाएगी। उन्होंने कहा कि अब पत्रकारिता के संबंध पारिवारिक संबंधों में बदल जाएंगे।

#### सामूहिक प्रयासों से सपना पूरा - डॉ.हिमांशु द्विवेदी

वरिष्ठ पत्रकार डॉ. हिमांशु द्विवेदी ने कहा कि पत्रकार बिरादरी के सामूहिक प्रयासों और शासकीय सहयोग से आवास का सपना पूरा हुआ। संस्कारधानी राजनांदगांव के पत्रकारों ने एकजुटता का परिचय देते छत्तीसगढ़ में एक उदाहरण प्रस्तुत किया है कि एक साथ रहकर जीवन संवार सकते हैं। यहां पानी, बिजली सहित अन्य सुविधाएं बहुत अच्छी है।

#### सपने साकार करने का सौभाग्य : सचिन

प्रेस क्लब के अध्यक्ष सचिन अग्रहरि ने आवासीय परिसर के संबंध में जानकारी दी। उन्होंने कहा कि आपसी समन्वय, समझ के साथ सकारात्मकता से यह कार्य संभव हो सका है। साहित्य, संस्कृति एवं कला की त्रिवेणी संस्कारधानी में एक नया अध्याय जुड़ा है, जहां सभी के सहयोग से कलम के पुजारियों को एक ही परिसर में अपने एवं अपने परिवार के लिए जीवनभर के सपने को साकार करने का सौभाग्य प्राप्त हो रहा है।

#### तेजी के साथ विकास : मिथलेश

प्रेस क्लब हाऊसिंग सोसायटी के अध्यक्ष मिथलेश देवांगन ने कहा कि पत्रकार आवासीय परिसर लोकार्पण एवं भूमिपूजन कार्यक्रम के अविस्मरणीय पलों के सभी साक्षी बने है। पानी, बिजली एवं अन्य सुविधाओं को ध्यान में रखते तेजी से कार्य किया जा रहा है और छह महीने में कालोनी पूरी तरह से विकसित हो जाएगी।

### साइंस कॉलेज में कार्यशाला आयोजित



**राजनांदगांव।** शासकीय शिवनाथ विज्ञान महाविद्यालय राजनांदगांव में 16 जनवरी को राष्ट्रीय गणित दिवस पर गणित विभाग के तत्वावधान में "गणित, कला एवं रचनात्मकता" विषय पर एक दिवसीय कार्यशाला, विभिन्न प्रतियोगिताएं एवं अतिथि व्याख्यान का आयोजन किया गया।

यह कार्यक्रम महाविद्यालय की प्रभारी प्राचार्य डॉ. निर्मला उमरे के मार्गदर्शन में संपन्न हुआ। डॉ. चेतन कुमार साहू डोंगरगांव मुख्य अतिथि एवं वक्ता के रूप में उपस्थित रहे। साथ ही प्रो. ओंकारलाल श्रीवास्तव ने भी वक्ता के रूप में सहभागिता दी। डॉ. चेतन कुमार साहू का व्याख्यान डॉ. चेतन कुमार साहू ने अपने व्याख्यान में गणित को एक खेल के साथ-साथ जीवन का आधार बताते इसके महत्व पर प्रकाश डाला। डॉ. साहू ने पीपीटी के माध्यम से रामानुजन से संबंधित रिसर्च पेपर, हार्डी को लिखा गया पत्र एवं अन्य ऐतिहासिक दस्तावेजों की वास्तविक छायाचित्र प्रस्तुत कर विद्यार्थियों को प्रेरित किया। प्रो. ओंकारलाल श्रीवास्तव का व्याख्यान प्रो. ओंकारलाल श्रीवास्तव ने अपने व्याख्यान में भारतीय ज्ञान परंपरा पर प्रकाश डालते विद्यार्थियों को प्राचीन पुस्तकों एवं ग्रंथों के अध्ययन की आवश्यकता बताई। पीपीटी के माध्यम से उन्होंने प्राचीन भारतीय ग्रंथों में निहित गणितीय सूत्रों को प्रस्तुत किया और समझाया कि भारतीय ज्ञान परंपरा कितनी प्राचीन, समृद्ध एवं विकसित रही है।

## वेतन पैकेज पर कार्यक्रम

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

शासकीय दिग्विजय स्वशासी स्नातकोत्तर महाविद्यालय राजनांदगांव में राज्य सरकार वेतन पैकेज विषय पर एक दिवसीय जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम राज्य सरकार एवं भारतीय स्टेट बैंक (एसबीआई) के मध्य हस्ताक्षरित समझौता ज्ञापन (एमओयू) के अंतर्गत आयोजित हुआ। कार्यक्रम का उद्देश्य शासकीय कर्मचारियों को वेतन पैकेज से संबंधित बैंकिंग सुविधाओं के साथ-साथ स्वास्थ्य बीमा (हेल्थ इंश्योरेंस) एवं अन्य बीमा योजनाओं की विस्तृत जानकारी प्रदान करना था।

कार्यक्रम का आयोजन एवं संचालन महाविद्यालय के आईक्यूएसी सेल द्वारा प्राचार्य डॉ. सुचित्रा गुप्ता के मार्गदर्शन एवं आईक्यूएसी समन्वयक यूनुस रज़ा बेग के नेतृत्व में किया गया। इस अवसर पर भारतीय स्टेट बैंक के विशिष्ट अतिथि वक्ताओं ने प्राध्यापकों एवं कर्मचारियों को संबोधित किया। मुख्य वक्ता जे. कंपा ने राज्य सरकार वेतन पैकेज की प्रमुख विशेषताओं, वेतन खाते, विभिन्न बीमा, एटीएम कार्ड, ऋण सुविधाओं एवं डिजिटल बैंकिंग सेवाओं की विस्तार से जानकारी दी। विनीत किशोर बस्के ने वेतन खातों से जुड़ी अतिरिक्त सुविधाओं, सरल बैंकिंग प्रक्रियाओं तथा कर्मचारियों के लिए उपलब्ध विशेष योजनाओं पर प्रकाश डाला। वहीं सुनील तांडेकर ने स्वास्थ्य बीमा एवं सामान्य बीमा योजनाओं के महत्व को रेखांकित किया। कार्यक्रम के दौरान अधिकारी-कर्मचारियों द्वारा वेतन पैकेज एवं स्वास्थ्य बीमा से संबंधित अनेक प्रश्न पूछे गए।

## तीरंदाजी पौराणिक काल की महत्वपूर्ण विद्याःनीलू

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव



संस्कारधानी तीरंदाजी संघ जिला इकाई राजनांदगांव द्वारा युवा दिवस पर एक दिवसीय तीरंदाजी प्रतियोगिता का आयोजन 18 जनवरी को अंतर्राष्ट्रीय हॉकी स्टेडियम राजनांदगांव में किया गया। स्वामी विवेकानंद के आदर्शों को लेकर प्रतियोगिता का उद्देश्य युवाओं में पारंपरिक खेलों के प्रति रूचि जागृत करना एवं खेल प्रतिभाओं को प्रोत्साहित करना था।

प्रतियोगिता के समापन समारोह में मुख्य अतिथि पर्यटन मंडल अध्यक्ष नीलू शर्मा व अध्यक्षता महापौर मधुसूदन यादव ने की। विशिष्ट अतिथि के रूप में भाजपा उत्तर मंडल अध्यक्ष सुमित भाटिया, कस्तूरबा महिला मंडल संरक्षक शारदा तिवारी, सचिव साधना तिवारी तथा गेमू कुंजाम शामिल हुए। कार्यक्रम के अंत में अतिथियों द्वारा प्रतियोगिता के विजेता व उपविजेता खिलाड़ियों को विशाल ट्रॉफ़ी देकर पुरस्कृत किया गया। समापन समारोह में राहुल साहू, राधेश्याम गुप्ता, कुशल रजक, अंजलि यादव, भूपेंद्र सिंहा, जतिन यादव, राहुल साहू सहित अन्य लोग शामिल थे।

#### सराहनीय पहल, सहयोग का दिया आश्वासन

समापन समारोह को संबोधित करते मुख्य अतिथि नीलू शर्मा ने कहा कि तीरंदाजी हमारे पौराणिक काल की एक महत्वपूर्ण विद्या है। जिसका उल्लेख रामायण और महाभारत जैसे महान ग्रंथों में मिलता है। उन्होंने कहा कि प्राचीन समय में तीरंदाजी का उपयोग युद्ध और खेल दोनों के रूप में किया जाता था। आज के समय में इस पारंपरिक खेल को पुनः प्रोत्साहित किया जाना अत्यंत सराहनीय पहल है। उन्होंने संस्कारधानी तीरंदाजी संघ के प्रशिक्षकों एवं पदाधिकारियों के प्रयासों की सराहना करते भविष्य में हर संभव सहयोग का आश्वासन दिया।

#### निखर रही खेल प्रतिभाएं

महापौर मधुसूदन यादव ने कहा कि संस्कारधानी तीरंदाजी संघ जिला इकाई राजनांदगांव विगत वर्षों से निरंतर ऐसे प्रेरणादायक कार्यक्रमों का आयोजन कर रहा है। संघ शहर के साथ-साथ ग्रामीण क्षेत्रों में भी तीरंदाजी खिलाड़ियों को प्रशिक्षण देकर खेल प्रतिभाओं को निखारने का कार्य कर रहा है। उन्होंने कहा कि वर्तमान समय में जब बच्चे मोबाइल और टीवी तक सीमित होते जा रहे हैं, ऐसे में खेलों के माध्यम से उनके शारीरिक एवं मानसिक विकास के लिए किए जा रहे प्रयास अत्यंत प्रशंसनीय है।

## किसानों को न हो दिक्कत : कलेक्टर

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव



कलेक्टर जितेन्द्र यादव ने शनिवार को कलेक्टोरेट सभाकक्ष में धान खरीदी के दृष्टिगत ग्रामीण कृषि विस्तार अधिकारियों, पटवारियों, समिति प्रबंधक एवं डाटा एंट्री ऑपरेटरों की बैठक ली।

कलेक्टर ने कहा कि धान खरीदी के बचे हुए शेष दिनों में सभी अधिकारी-कर्मचारी सक्रियता एवं तत्परता से कार्य करेंगे। उन्होंने कहा कि किसानों को किसी तरह की दिक्कत नहीं होना चाहिए। उन्होंने एग्रीस्टेक पोर्टल में किसानों के पंजीयन, रकबा सुधार एवं धान बिक्री से संबंधित समस्याओं की जानकारी ली। उन्होंने धान के उठाव में प्रगति लाने के निर्देश दिए। धान की एंट्री, भौतिक सत्यापन तथा निरीक्षण का कार्य लगातार करने कहा। उन्होंने कहा कि मिलर्स द्वारा धान के उठाव की सतर्क एप के माध्यम से निगरानी की जा रही है। इसके लिए निर्धारित प्रावधानों के अनुरूप धान का उठाव कार्य करने कहा। कलेक्टर ने कहा कि धान खरीदी के शेष दिनों में अंतर्राज्यीय सीमाओं के चेक पोस्ट पर कोचियों एवं बिचौलियों के धान के अवैध परिवहन को रोकने लगातार कड़ी कार्रवाई जारी रखें। कलेक्टर श्री यादव ने कहा कि सभी नोडल अधिकारी धान उपार्जन केन्द्रों में निरंतर निरीक्षण जारी रखें। उन्होंने धान की सुरक्षा के लिए कैप कव्हर, पानी की निकासी के लिए ड्रेनेज व्यवस्था के संबंध में निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि धान उपार्जन केन्द्रों में संग्रहित धान के रख-रखाव एवं सुरक्षा के लिए समुचित व्यवस्था होनी चाहिए। उन्होंने एग्री स्टेक पोर्टल में रकबा सुधार एवं किसानों का नवीन पंजीयन, रकबा संशोधन के संबंध में जानकारी ली। बैठक में अपर कलेक्टर प्रेमप्रकाश शर्मा, उप संचालक कृषि टीकम सिंह ठाकुर, जिला खाद्य अधिकारी रविन्द्र सोनी, डिप्टी कलेक्टर अनिकेत साहू सहित अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।

## टप्पा में ग्रामीण शिविर आयोजित

**राजनांदगांव।** संस्कार सिटी कॉलेज ऑफ एजुकेशन ठाकुरटोला द्वारा 2026 के प्रशिक्षणार्थियों के साथ मिलकर शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला टप्पा में एक दिवसीय ग्रामीण शिविर का आयोजन किया गया। इस शिविर का उद्देश्य ग्रामीणों में गौ रक्षा के महत्व को समझाना और छात्रों को सामाजिक गतिविधियों में भागीदारी का अनुभव प्रदान करना था।




शिविर के दौरान बी.एड प्रथम वर्ष के प्रशिक्षणार्थियों ने पहले एक जागरूकता रैली निकाली, जो टप्पा ग्राम के मुख्य मार्गों से होते हुए लोगों तक गौरक्षा के विषय में संदेश पहुंचाने का कार्य किया। इसके बाद छात्रों ने एक सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किया। जिसमें गाय के दूध के पोषक तत्वों और गौ तस्करी को रोकने के महत्व पर आधारित एक नुक्कड़ नाटक का मंचन किया। इस नाटक के माध्यम से ग्रामीणों को गौमाता की सुरक्षा और उसके दूध से होने वाले स्वास्थ्य लाभों के बारे में महत्वपूर्ण जानकारी दी गई। प्राचार्य डॉ. गुरप्रीत कौर ने शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला के प्रधानाचार्य को धन्यवाद स्वरूप स्मृति चिन्ह भेंट किया। इस शिविर ने छात्रों को न केवल सामाजिक कार्यों के महत्व का एहसास कराया, बल्कि उन्हें समुदाय में सकारात्मक बदलाव लाने प्रेरित किया। कार्यक्रम में विद्यार्थियों और शिक्षकों ने मिलकर ग्रामीणों के बीच एकजुटता और समाज सेवा का संदेश फैलाया, जो निश्चित ही आने वाले समय में गौरक्षा के संदर्भ में एक मजबूत कदम साबित होगा।

## जिस घर में रामचरितमानस का पाठ होता है उस घर में लड़ाई नहीं होती : बृजेश्वरी

**राजनांदगांव।** जिस घर में रामचरितमानस का पाठ होता है, उस घर में कभी लड़ाई नहीं होती। लड़ाई का मुख्य कारण दिमाग का अपसेट होना होता है, जब दिमाग सही नहीं होता, तब लड़ाई होती है। मनुष्य का सभी चीज सेट रहता है, केवल दिमाग ही अपसेट रहता है। उक्त उद्गार बुधवार को मानस कोकिला बृजेश्वरी देवी ने अनुपम नगर स्थित अनुपम वाटिका के अयोध्या धाम में प्रकट की।




श्रीराम कथा के तीसरे दिन मानस कोकिला बृजेश्वरी देवी ने कहा कि देवता बनना सहज है, किन्तु मनुष्य बनना उतना ही कठिन है। मानव जन्म लेते ही रोना पड़ता है। रोना भी एक कला है। बच्चे का रोना एक अलग महत्व रखता है। उन्होंने कहा कि किसी घर में जब बच्चा पैदा होता है तो वहां जो आनंद का माहौल होता है, वह काफी सुखद होता है। अयोध्या में भी चार-चार बच्चों ने जन्म लिया तो फिर अयोध्या में कितना आनंद का माहौल होगा, इसका सहज ही अनुमान लगाया जा सकता है। उन्होंने बताया कि राम महा विष्णु है और भरत विष्णु। उन्होंने अयोध्या में चारों बच्चों राम, भरत, शत्रुहन के नामकरण के बारे में विस्तार से बताया। बृजेश्वरी देवी ने कहा कि इस दुनिया में दो ग्रंथ है एक महाभारत तो दूसरा रामचरितमानस। मोक्ष पाना है तो महाभारत का पाठ करो और यदि जीवन जीने की कला सीखनी है तो रामचरितमानस का पाठ करो। उन्होंने कहा कि रामायण तो कई है, किन्तु रामचरितमानस एक ही है। यह ग्रंथ लोगों को आसानी से समझ में आ सके, इस तरह लिखी गई है। उन्होंने कहा कि श्रीराम आनंद के सागर हैं। रामचरितमानस से हम जीवन जीने की कला को आसानी से समझ सकते हैं।

कथा के तीसरे दिन प्रसाद की व्यवस्था विश्व ब्राह्मण महिला मंडल और आदर्श महिला मंडल द्वारा की गई थी। प्रसाद व्यवस्था में सहयोग आदर्श महिला मंडल की रंजना अग्रवाल, मोहिनी शुक्ला, अर्पिता मिश्रा, अभिलाषा ठाकुर, सीमा पांडे, ममता अवस्थी, शोभा रायचेलवार, मंजरी शर्मा, सुशीला जायसवाल, शीला गुप्ता और ब्राह्मण महिला मंडल की मौसमी शर्मा, दीपा गुरू, डॉ. पायल शर्मा तथा रंजना शर्मा द्वारा किया गया। यह जानकारी मीडिया प्रभारी विमल हाजरा ने दी।



## आन-बान-शान के साथ फहराया तिरंगा, विद्यार्थियों ने दी मनमोहक सांस्कृतिक कार्यक्रम की प्रस्तुतियां

# शहर व क्षेत्र में हर्षोल्लास के साथ मनाया गया 77 वां गणतंत्र दिवस

हरिभूमि न्यूज ▶▶|कवर्धा

कवर्धा जिले में 77वां गणतंत्र दिवस हर्षोल्लास और देशभक्ति के माहौल में मनाया गया। जिला मुख्यालय के पीजी कॉलेज मैदान में आयोजित मुख्य समारोह में शासकीय एवं निजी शैक्षणिक संस्थानों के विद्यार्थियों ने देशभक्ति, लोककला, लोकगीत और सांस्कृतिक प्रस्तुतियों से दर्शकों का मन मोह लिया। कार्यक्रम की शुरुआत सरस्वती शिशु मंदिर, होली क्रॉस स्कूल और दिशा पब्लिक स्कूल के विद्यार्थियों की एरोबिक प्रस्तुति से हुई। इसके बाद गुरुकुल पब्लिक स्कूल ने ऑपरेशन सिंदूर, कस्तूरबा गांधी आवासीय विद्यालय बोड़ला ने छत्तीसगढ़ महतारी एवं गौधन, अभ्युदय स्कूल ने इंडियन फोक डांस तथा अशोका पब्लिक स्कूल ने यूनिटी ऑफ इंडिया विषय पर प्रस्तुति दी। वहीं एससी-एसटी प्री मैट्रिक छात्रावास कवर्धा और ज्ञानदीप पब्लिक स्कूल बिरकोना ने छत्तीसगढ़ी रीमिक्स पर शानदार नृत्य प्रस्तुत किया।



### प्राथमिक व पूर्व माध्यमिक शाला मक्के में राष्ट्रीय पर्व गणतंत्र दिवस बड़ी धूमधाम से मनाया गया



**कवर्धा।** शासकीय प्राथमिक व पूर्व माध्यमिक शाला मक्के संकुल केन्द्र पथर्रा में गणतंत्र दिवस राष्ट्रीय पर्व प्रति वर्ष 26 जनवरी को मनाया जाता है। इस वर्ष 2026 में भारत का 77वां गणतंत्र दिवस मनाया गया, जिसमें स्कूल के सभी छात्र छात्राओं द्वारा प्रभात फेरी निकालकर गांव की मुख्य चौक चौराहों व गली-मोहल्ले से होते हुए स्कूल परिषर पहुंचे, जहां संस्था प्रमुखों के द्वारा ध्वजारोहन किया गया। तत्पश्चात सांस्कृतिक कार्यक्रम जिसमें छात्र छात्राओं गायत्री, संतोषी, नमृता, श्रद्धा, प्रियंका, रूखमणि, रूपांजलि, नीलम नंदरानी, संजू, लोकेश्वरी, गायत्री, पूर्णिमा सोनम, विशाखा, यश, भुवेंद, भूपेंद्र, धैर्य, डेविड, खिलेश, हीरालाल, मिथिलेश, अरुण, कुनाल सूर्यपाल, तुषार, घनश्याम, लोकेश, डिकेन्द, पुष्कांत, तरुण, शिवहरि, कान्हा, अनुराज, नागेश्वर, जयशंकर, एवन, लक्ष्मण, मुस्कान, रोशनी, पल्लवी, मोनिका, ममता, हेमपुष्पा, साक्षी, मोनिका, पार्वती ने देश-प्रदेश के संस्कृति को सांस्कृतिक कार्यक्रम के माध्यम से बिखेरा गया। और कार्यक्रम में भाग लिए हुए सभी प्रतिभागियों को पुरुस्कार देकर सम्मानित किया गया। इस दौरान प्राथमिक शाला प्रधान पाठिका श्रीमती एलवीना विलसन, प्रधान पाठक कपूरराम चंद्रवंशी, शिक्षक युगल साहू, कौशल खांडे, श्रीमती भानुप्रिया साहू तथा नगर के समस्त गणमान्य नागरिक सहित छात्र छात्राएं उपस्थित थें।

### हॉयर सेकेंण्डरी स्कूल रणवीरपुर में शान से लहराया तिरंगा



**रणवीरपुर।** प्रतिवर्षानुसार की भांति इस वर्ष भी 26 जनवरी गणतंत्र दिवस हॉयर सेकेंण्डरी स्कूल रणवीरपुर में धूमधाम व हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। संस्था के प्राचार्य डीएस उइके द्वारा ध्वजारोहण किया गया। इस गरिमामयी कार्यक्रम में गणमान्य नागरिक एवं अतिथियों की उपस्थिति भी विशेष रूप से रही, जिनमे संस्था के अध्यक्ष चेतन शुक्ला, बसंत बोहरा, राजू पारख, मुकेश जैन, देवनाथ यादव, भोज लाल साहू, परमानंद शर्मा, श्रवण नेताम, श्रीमती बिसा नेताम, श्रीमती मीना पटेल, श्रीमती कौशिल्या साहू, राजू पटेल, संतोष वैष्णव, राजेश सेन, चोवा सोनी, राजेंद्र मारकंडे, मनीष सोनी उपस्थित थें। वहीं ध्वजारोहण के पश्चात छात्र छात्राओं की प्रभात फेरी रैली नगर भ्रमण किया गया। साथ ही साथ विद्यार्थियों द्वारा शानदार मनमोहक सांस्कृतिक कार्यक्रम, भाषण, गीत-संगीत की प्रस्तुतियां दी गई। इस गरिमामयी कार्यक्रम में संस्था के शिक्षक एवं शिक्षिका श्रीमती ममता देवांगन, रामेश्वर लहरे, एससी देवांगन, प्रवीण ताम्रकार, श्रीमती लता साहू, एमएस बघेल, शशांक यादव, विकास देवांगन, अरुण दास, श्रीमती हंसा गहरवार, श्रीमती बसंती ठाकुर, अदिति वर्मा, उमेश श्रीवास, चंद्रकांत साहू, शिव यादव एवं अशरफ खान सहित छात्र छात्राएं व ग्रामवासी गण उपस्थित थें।

### मूक बधिर स्कूल में उत्साह व उमंग के साथ मनाया राष्ट्रीय पर्व 26 जनवरी



**बरबसपुर।** विकासखंड कवर्धा अंतर्गत ग्राम पंचायत सिंघनपुरी में स्थित मूक-बधिर स्कूल में चार जिले के बच्चे अध्ययन कर रहे हैं, मूक-बधिर स्कूल में राष्ट्रीय पर्व 26 जनवरी गणतंत्र दिवस का त्यौहार धूमधाम से मनाया गया, कार्यक्रम के मुख्य अतिथि श्रीमती अभिलाषा पांड़ा, उपसंचालक समाज कल्याण, विशेष अतिथि अधीक्षक देवकुमार कौशिक ने वीर शहीदों और महापुरूषों की याद कर नमन किया। इसके बाद मुख्य अतिथि द्वारा गरिमामय माहौल में ध्वजारोहण किया गया, ध्वजारोहण के पश्चात राष्ट्रगान बाद स्कूल के बच्चे व स्टॉफ ने राष्ट्रीय ध्वज को सलामी दी। स्कूल परिषर पर वंदे मातरम्, जय हिंद, इंकलाब जिंदाबाद का नारा से गूंजता रहा। दृष्टि बाधित एवं श्रवण बाधित छात्र छात्राओं ने सांस्कृतिक कार्यक्रम में देश भक्ति गीतों की शानदार प्रस्तुत कर ग्रामीणों का मन-मोह लिया। इस कार्यक्रम में अधीक्षक देवकुमार कौशिक, शिक्षक गण लक्ष्मी चंद्रा, जागेश्वरी चंद्रा, पत्रिका कोसले, आरती, मनहरण यादव, राजू महोबिया, धनंजय चंद्रवंशी व समस्त कर्मचारी, ग्रामीण व पालक गण तथा छात्र छात्राएं उपस्थित थें।

### क्षेत्रों में आन-बान-शान से फहराया गया तिरंगा



**कोलेगांव।** विकासखंड पंडरिया के विभिन्न ग्रामीण क्षेत्रों में 26 जनवरी गणतंत्र दिवस का पावन पर्व हर्षोल्लास, देशभक्ति और गौरव के साथ मनाया गया। इस अवसर पर आन-बान-शान से तिरंगा झंडा फहराया गया तथा भारत माता की विधि-विधान से पूजा कर दीप प्रज्जवलन किया गया। वहीं ग्राम पंचायत स्तर पर ध्वजारोहण, ग्राम सरपंचों द्वारा ध्वजारोहण किया गया, जिनमें प्रमुख रूप से कोलेगांव-भगतपुर में सुरेश धुर्वे, पीपरमाटी में कपिल चंद्राकर, मोहतरा कला में श्रीमती वर्षा निलेश चंद्रवंशी, सेमरकोना में श्रीमती उत्तरा धुर्वे, कंझेटा में भागीरथी सोनवानी, अमलीमालगी में मनहरण साहू, कुआंमलगी में लीलाराम साहू, भटरूसे में डॉ संतोष नेताम, खैलटुकरी में श्रीमती गुलाबी साहू, रेहूटा में श्रीमती कांति झरिया, निगापुर में दिलीप बघेल, पेंड्रीकला में सुनील जोशी, घोरपेंड्री में श्रीमती सरिता अजय चंद्राकर, खैरवार में श्रीमती उदसिया बाई यादव, कोईलारी कला में श्रीमती शारदा पप्पू यादव सहित जनपद सदस्यों द्वारा भी विभिन्न स्थानों पर ध्वजारोहण किया गया, जिनमें छत्र किशोर सानू तिवारी, श्रीमती ममता विजय शुक्ला, श्रीमती उर्वशी माखन चंद्रवंशी, सुखचंद भास्कर, चंद्रभान गायकवाड साथ ही साथ विद्यालय एवं संस्थानों में हाई स्कूल में अध्यक्ष विकास पांडेय, मोहन चंद्रवंशी, दिनेश चंद्रवंशी, डॉ संतोष साहू द्वारा विद्यालय परिसर में तिरंगा फहराया गया। वहीं सेवा सहकारी समिति अध्यक्ष रामाधार शर्मा के साथ मोहन चंद्रवंशी एवं सुधा राम साहू की उपस्थिति में भी ध्वजारोहण सम्पन्न हुआ। जिसमें छात्र-छात्राओं की रही विशेष भागीदारी रही। इस 77वां गणतंत्र दिवस के अवसर पर छात्र-छात्राओं द्वारा प्रभात फेरी निकाली गई, राष्ट्रगीत का सामूहिक गायन हुआ तथा छोटे-छोटे बच्चों ने देशभक्ति से ओत-प्रोत सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए, जिसने उपस्थित जनसमूह का मन मोह लिया। कार्यक्रम के अंत में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले छात्र-छात्राओं को प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय पुरस्कार प्रदान किए गए तथा प्रसाद वितरण किया गया। इस अवसर पर शिक्षक-शिक्षिकाएं, छात्र-छात्राएं एवं बड़ी संख्या में सम्मानित नागरिक उपस्थित थें।

### कुण्डा में जगह जगह गणतंत्र दिवस पर शान से फहराया तिरंगा

**कुण्डा।** गणतंत्र दिवस भारत गणराज्य का एक राष्ट्रीय पर्व है जो प्रति वर्ष 26 जनवरी को मनाया जाता है,



इस वर्ष 26 जनवरी 2026 को भारत अपना 77 वां गणतंत्र दिवस बड़े धूमधाम एवं हर्षोल्लास के साथ मनाया। एक स्वतंत्र गणराज्य बनने एवं देश में कानून का राज स्थापित करने लिए 26 नवंबर 1949 को भारतीय संविधान सभा द्वव्य अपनाया गया और 26 जनवरी 1950 को लागू किया गया। वहीं सोमवार को पूरे भारत भर में गणतंत्र दिवस मनाया, इसी क्रम में ग्राम कुण्डा में सरकारी संस्थानों एवं निजी संस्थानों के साथ-साथ सार्वजनिक स्थानों में भी आन-बान-शान से तिरंगा फहराया गया। जिसमें गणतंत्र दिवस का मुख्य समारोह शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय कुण्डा परिसर में संस्कृतिक कार्यक्रम के साथ सम्पन्न हुआ, ग्राम पंचायत कुण्डा परिसर में सरपंच हरेंद्र चंद्राकर, उपसरपंच मुमताज अहमद, शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय कुण्डा परिसर में अध्यक्ष दिनेश मिश्रा, नवीन महाविद्यालय परिसर में अध्यक्ष पुरषोत्तम निर्मलकर, सेवा सहकारी समिति परिसर में अध्यक्ष अमन खनूजा, बीआरसी पब्लिक स्कूल कुण्डा में पूर्व मंडल अध्यक्ष रामस्वरूप साहू, सरदार पब्लिक स्कूल परिसर में सरपंच हरेंद्र चंद्राकर, जिला ओबीसी मोर्चा कृष्णा चंद्राकर, विधायक कार्यालय कुण्डा परिसर में मण्डल अध्यक्ष बालमुकुंद चंद्रवंशी, भारतमाता चौक में मण्डल अध्यक्ष ओबीसी मोर्चा ध्वजाराम चंद्राकर, जनपद सदस्य अंबिका गोलू सोनवानी, प्राथमिक शाला परिसर में संतराम चंद्राकर, सुधाराम साह, दया टंडन, आंगनबाड़ी केंद्र क्र.1 में पंच श्लेखा सोलंकी, गायत्री साहू, आंगनबाड़ी 02 में पंच कांति परवाना, कल्याणी सोनवानी, आंगनबाड़ी 03 में पंच मनोज भास्कर, कृष्णा बंजारे, आंगनबाड़ी 04 में पंच भूपेंद्र चंद्राकर, चैतन्य सोनी, आंगनबाड़ी 05 में पंच रुकसाना पुष्पा साहू, आंगनबाड़ी 06 में पंच रमेश सारथी, भागवत साहू, आंगनबाड़ी 07 में पंच शकुंतला चंद्राकर, खिलेश्वरी साहू, आंगनबाड़ी 08 पंच नंदकिशोर साहू, राजकुमार साहू, राजीव गांधी चौक में पूर्व सरपंच श्रीमती छेदीन बिहारी चंद्राकर, वार्ड क्र.14 में पूर्व सरपंच श्रीमती छेदीन चंद्राकर, पूर्व सरपंच कुलेश्वर चंद्राकर, गुरुनानक चौक में पंच भूपेंद्र चंद्राकर, जनपद सदस्य अंबिका गोलू सोनवानी, आरक्षी केंद्र में थाना प्रभारी लवानिया, महिला बाल विकास में परियोजना अधिकारी बृजेश सोनी, बालक आश्रम में अध्यक्ष गणेश सोलंकी, बालिका आश्रम में पूर्व जनपद अध्यक्ष सेवाराम कुर्रे, तहसील कार्यालय में तहसीलदार प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में प्रभारी डॉ आनंद, पेट्रोल पम्प में संचालक रामस्वरूप साहू, महाराणा प्रताप चौक में उपसरपंच मुमताज अहमद, पंच वागीश चंद्राकर, जिला सहकारी बैंक में प्रबंधक सरस्वती शिशु मंदिर में रामस्वरूप साहू ने ध्वजारोहण किया। इस अवसर पंचायत प्रतिनिधि एवं गणमान्य नागरिक सहित ग्रामीण जन बड़ी संख्या में उपस्थित थें।

### पोंड़ी में हर्षोल्लास के साथ मनाया गया 77वां गणतंत्र दिवस

हरिभूमि पोंड़ी। स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट अंग्रेजी हिंदी माध्यम स्कूल पोंड़ी में 77वां गणतंत्र दिवस बड़े ही



हर्षोल्लास एवं गरिमामय वातावरण में मनाया गया। कार्यक्रम की शुरुआत ध्वजारोहण के साथ हुई, जिसमें शाला विकास प्रबंधन समिति अध्यक्ष वेद साहू एवं विद्यालय के प्राचार्य एसके गुप्ता ने तिरंगा फहराया। इसके पश्चात राष्ट्रगान का सामूहिक गायन किया गया। गणतंत्र दिवस के अवसर पर विद्यालय परिसर में विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रमों का भव्य आयोजन किया गया। छात्र-छात्राओं द्वारा देशभक्ति गीत, नृत्य, नाटक एवं प्रेरणादायक प्रस्तुतियों ने उपस्थित जनसमूह का मन मोह लिया। कार्यक्रमों के माध्यम से विद्यार्थियों ने देशप्रेम, संविधान की गरिमा एवं राष्ट्रीय एकता का संदेश दिया। सांस्कृतिक कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में गौ सेवा आयोग अध्यक्ष बिशेषर पटेल उपस्थित थें, वहीं विशिष्ट अतिथियों में भाजपा जिला उपाध्यक्ष जयराम साहू, जनपद सदस्य सदभावना रवि वर्मा, सरपंच प्रतिनिधि मोतीराम साहू, उप सरपंच मुकेश कुम्भकार, दिलीप श्रीवास्तव, शाला प्रबंधन समिति अध्यक्ष वेद साहू, संतोष साहू, शिव नारायण यादव, टीएस अवस्थी व गणमान्य नागरिक गण उपस्थित थें।

# सड़क सुरक्षा पर आधारित सजीव झांकी का प्रदर्शन

हरिभूमि न्यूज ▶▶|कवर्धा

गणतंत्र दिवस के पावन अवसर पर पीजी कॉलेज ग्राउंड कवर्धा में आयोजित मुख्य समारोह में कबीरधाम पुलिस यातायात द्वारा सड़क सुरक्षा पर आधारित एक सजीव, प्रभावशाली एवं सामाजिक सरोकार से जुड़ी झांकी का प्रदर्शन किया गया। यह झांकी वास्तविक जीवन की परिस्थितियों पर आधारित थी, जिसका उद्देश्य आमजन, विशेषकर मनचले युवाओं को सड़क पर जिम्मेदार एवं अनुशासित व्यवहार अपनाने का स्पष्ट संदेश देना था।

झांकी में प्रतीकात्मक दृश्यों के माध्यम से यह दर्शाया गया कि किस प्रकार तेज गति, बिना हेलमेट, ट्रिपल सवारी एवं नशे की अवस्था में वाहन चलाना गंभीर सड़क दुर्घटनाओं का कारण बनता है। प्रस्तुति में सड़क हादसे के बाद युवक के जीवन पर पड़ने वाले दुष्परिणामों के साथ-साथ उसके माता-पिता एवं परिवार की टूटती उम्मीदों को यथार्थ और भावनात्मक ढंग से प्रस्तुत किया गया। इसका उद्देश्य किसी प्रकार का भय उत्पन्न करना नहीं, बल्कि वास्तविकता को सामने रखकर युवाओं में जिम्मेदारी, आत्मसंयम और संवेदनशीलता की भावना विकसित करना था। इसके साथ ही झांकी में यातायात जागरूकता रथ को भी सम्मिलित किया गया, जिसके माध्यम से सुरक्षित एवं अनुशासित यातायात का सकारात्मक पक्ष प्रदर्शित किया गया। इसमें यह संदेश दिया गया कि हेलमेट एवं सीट बेल्ट का उपयोग, निर्धारित गति सीमा में वाहन चलाना,



नशे से दूरी तथा यातायात नियमों का पालन करने से न केवल स्वयं का जीवन सुरक्षित रहता है, बल्कि परिवार और समाज भी सुरक्षित रहता है।

कार्यक्रम के दौरान नाबालिगों को दोपहिया वाहन सौंपने वाले अभिभावकों को भी जागरूक किया गया और उनसे अपील की गई कि बच्चों की सुरक्षा सर्वोपरि है। अभिभावकों की जिम्मेदारी है कि वे अपने बच्चों को यातायात नियमों के प्रति सजग बनाएं और किसी भी प्रकार की लापरवाही से बचें। पीजी कॉलेज ग्राउंड में आयोजित गणतंत्र दिवस समारोह में छत्तीसगढ़ शासन के कैबिनेट मंत्री लखनलाल देवांगन द्वारा ध्वजारोहण किया गया। इस अवसर पर उन्होंने कबीरधाम पुलिस की सड़क सुरक्षा संबंधी इस पहल की सराहना करते हुए कहा कि इस प्रकार के जागरूकता कार्यक्रम ही सड़क दुर्घटनाओं को रोकने की दिशा में सबसे प्रभावी माध्यम हैं। उन्होंने पुलिस अधीक्षक सहित पूरे पुलिस विभाग को इस सार्थक प्रयास के लिए बधाई दी। भले ही इस झांकी को कोई औपचारिक पुरस्कार प्राप्त नहीं हो सका, किंतु अपनी विषयवस्तु, प्रस्तुति की वास्तविकता और सामाजिक संदेश के कारण यह झांकी पूरे समारोह में जनमानस के आकर्षण का केंद्र बनी रही। आम नागरिकों, युवाओं एवं अभिभावकों द्वारा इस झांकी की सराहना की गई और इसे एक प्रभावी, प्रेरणादायक तथा दूरगामी सकारात्मक संदेश देने वाली प्रस्तुति बताया गया। कबीरधाम पुलिस की इस पहल ने यह स्पष्ट संदेश दिया कि पुलिस का उद्देश्य केवल चालान या कार्यवाही करना नहीं, बल्कि समाज को जागरूक कर दुर्घटनाओं को रोकना और युवाओं को सुरक्षित भविष्य की दिशा में मार्गदर्शन देना है।

# जिला शिक्षा अधिकारी को प्राथमिक प्रधान पाठक की पदोन्नति में शीघ्रता लाने सौंपा ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ▶▶|कवर्धा

जिला अध्यक्ष के नेतृत्व में जिला शिक्षा अधिकारी कवर्धा से मिलकर प्राथमिक प्रधान पाठक के पर शीघ्र पदोन्नति के संबंध में चर्चा किया गया। जिसमे जिले में प्राथमिक प्रधान पाठक के पदोन्नति के लिए वरिष्ठता सूची जारी करने एवं गोपनीय चरित्रावली कार्य में तेजी लाते हुए शीघ्रता से डीपीसी करके पदोन्नति करने के संबंध चर्चा किया गया। साथ ही प्रधान पाठक के पद की पदोन्नति में काउंसलिंग के लिए फेडरेशन सुझाव दिया गया, कि जो सहायक शिक्षक जहां पदस्थ है। उन्हें वही पदस्थापना करना एवं जो शिक्षक सेवानिवृत्त के करीब है उन्हें काउंसलिंग की वरिष्ठता सूची में पहले क्रम में रखने और जो शिक्षक काउंसलिंग में शामिल नहीं होता है, तो प्रतीक्षा सूची से काउंसलिंग के माध्यम पद पूर्ति करने के संबंध में विस्तारपूर्वक चर्चा किया गया। इस अवसर पर छत्तीसगढ़ सहायक शिक्षक समग्र शिक्षक फेडरेशन जिला कबीरधाम के जिला अध्यक्ष प्रेम नारायण शर्मा, जिला कार्यकारी



अध्यक्ष केशलाल साहू, उपाध्यक्ष नवीन सिंह ठाकुर, प्रहलाद वैष्णव, हितेंद्र सोम, शंकर पाली, अशोक विनायक, झुमुक लाल बंछोर, राकेश खरे, उमेश ठाकुर, अर्चना तिवारी, रश्मि केशरवानी सहित बड़ी संख्या में शिक्षकों की उपस्थिति रही।

**:: आम सूचना ::**

मैं अपने पक्षकार श्री राधेश्याम भोई आ. फागूराम भोई जो कि अपने सगी मां, बहनो एवं भाइयों से नियुक्त मुख्तियारनामा से अधिकृत होकर जो निवासी मुनमुना थाना व तहसील कुकदूर, जिला कबीरधाम छ.ग. हाल मुकाम-ग्राम-महमंद (लालखदान) थाना तोरवा तहसील व जिला बिलासपुर छ.ग. से अधिकृत एवं उनके निर्देशानुसार आम जनता को सूचनार्थ एवं प्रकाशन करता हूं कि मेरे पक्षकार के स्वामित्व एवं आधिपत्य की भूमि ग्राम- मुनमुना, प.ह.नं. 11, तहसील कुकदूर, जिला कबीरधाम छ.ग. जिसका खसरा क्रमांक-161/35 रकबा 4.80 एकड़ उक्त भूमि मेरे पक्षकारो को पैतृक विरासत से प्राप्त हुई है, जिसे वे दिनांक 01/01/2025 को अपनी घरेलू आवश्यकतानुसार श्री रामचंद पटेल एवं अमरचंद पटेल दोनो निवासी-ग्राम पाढ़ी थाना व तहसील पंडरिया जिला कबीरधाम को विक्रय विलेख उपपंजीयक कार्यालय पंडरिया मे निष्पादन कराया था, जहां उक्त बिक्रित की प्रतिफल राशि रूपये 8,00,000/- (आठ लाख रूपये) का भुगतान श्री रामचंद पटेल के खाता क्रमांक- 20264212256 भारतीय स्टेट बैंक शाखा पंडरिया जिला कबीरधाम (छ.ग.) का कुल 16 धनादेश प्रति धनादेश राशि रूपये 50,000/-(पचास हजार रूपये) उप पंजीयक कार्यालय के समक्ष प्रदान की गई थी, परन्तु समाहरण मे पक्षकार को सूचित की गई कि धनादेश जारीकर्ता के खाते मे अपर्याप्त राशि है, इसलिए धनादेश राशि आपको भुगतान नही हो सकता तब मेरे पक्षकार क्रेतागणों से स्वयं संपर्क कर उक्त धनादेश राशि भुगतान करने का निवेदन किया, जिस पर वे राशि रूपये 8,00,000/- शीघ्र भुगतान करने का विश्वास व अश्वासन दिये, तब अपने अधिवक्ता के माध्यम से विधिक सूचना अनावेदकगणो के पते पर भेजी गई थी, परन्तु वे कोई जवाब पेश नही किये व अभी मेरे पक्षकारगणो को विसवस्त सूत्रो से जानकारी मिली है, कि वे भूमि ख.क्र. 161/90 रकबा 0.9710 हे. एवं खसरा क्रमांक 161/89 रकबा 0.9710 हे. को अपने नाम पर नामांतरण कराकर किसी अन्य व्यक्ति को बिक्री कर पंजीयन कार्यालय पंडरिया मे विक्रय विलेख का निष्पादन शीघ्र ही वे कराने के लिए, लगे हुए है, इस संबंध मे मेरा पक्षकार श्रीमान पंजीयन कार्यालय पंडरिया के समक्ष विक्रय विलेख पंजीयन रोके जाने हेतु आवेदन विधिवत दिनांक 28/01/2026 को आपत्ति आवेदन प्रस्तुत करेगा, तत्पश्चात शीघ्र ही मेरे पक्षकार द्वारा निष्पादित विक्रय विलेख दिनांक 01/01/2025 को शून्य एवं निरस्त घोषित कराने हेतु समक्ष व्यवहार न्यायालय के समक्ष व्यवहारवाद पेश करेगा, अतः आम जनता, संस्था कार्यालय को सूचित किया जाता है, कि उक्त भूमि के संबंध मे क्रय विक्रय संबंधी संव्यवहार न करे, अन्यथा उन्हे न्यायालयीन कार्यवाही मे उलझना होगा तथा उन्हे इस भूमि मे कोई हक व अधिकार प्राप्त नही होगा। सो सूचना जाने।

स्थान- बिलासपुर दिनांक- 27/01/2026

भवदीय
सुशील कुमार पात्रे, अधिवक्ता
लायर्स चेम्बर जरहाभाठा बिलासपुर (छ. ग.)
मो.नं. – 9424160536, 6260497644

### कांग्रेस का मनरेगा बचाओ संग्राम, जन चौपाल में केंद्र सरकार के खिलाफ एकजुट हुए ग्रामीण



**हरिभूमि कुण्डा/कोलेगांव।** देशव्यापी मनरेगा बचाओ संग्राम अभियान के तहत सोमवार को ग्राम अतरिया खुर्द में कांग्रेस पार्टी द्वारा जन चौपाल एवं जनसंपर्क कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस अवसर पर बड़ी संख्या में ग्रामवासी, मजदूर, किसान एवं कांग्रेस कार्यकर्ता शामिल हुए और एक स्वर में मनरेगा योजना को बचाने का संकल्प लिया। जन चौपाल का आयोजन ब्लॉक अध्यक्ष उतरा दिवाकर के नेतृत्व में तथा मनरेगा बचाओ संग्राम के सेक्टर प्रभारी प्रशांत परिहार और मंडल अध्यक्ष दामापुर प्रमोद पात्रे के मार्गदर्शन में संपन्न हुआ। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए सेक्टर प्रभारी प्रशांत परिहार ने कहा कि मनरेगा केवल एक योजना नहीं, बल्कि गांव के गरीब, मजदूर और किसानों के आत्मसम्मान एवं रोजगार का संवैधानिक अधिकार है। उन्होंने आरोप लगाया कि केंद्र की भाजपा सरकार द्वारा योजना में बदलाव कर इसे कमजोर करने का प्रयास किया जा रहा है, जिससे ग्रामीण रोजगार व्यवस्था ठप होने की कगार पर है। कांग्रेस पार्टी इस मुद्दे को गांव-गांव से लेकर संसद तक मजबूती से उठा रही है। ब्लॉक अध्यक्ष उतरा दिवाकर ने कहा कि भाजपा सरकार का ध्यान केवल उद्योगपतियों पर है, जबकि गांव, गरीब, मजदूर और किसान उपेक्षित हैं। मनरेगा में बदलाव इसका ताजा उदाहरण है। उन्होंने महात्मा गांधी के नाम से जुड़ी योजना में नाम परिवर्तन को भी दुर्भाग्यपूर्ण बताया। वहीं मंडल अध्यक्ष प्रमोद पात्रे ने कहा कि यदि मनरेगा कमजोर हुआ तो ग्रामीणों को फिर से रोजगार के लिए पलायन करना पड़ेगा। यह योजना गांवों के लिए जीवनरेखा थी, जिसे बदलना गरीबों के साथ अन्याय है। इस जन चौपाल में उतरा दिवाकर, प्रशांत परिहार, प्रमोद पात्रे, बद्री खांडे, रामावतार सिंगरौल, भरत साहू, शिव कुमार चौहान, अंशु साहू, सेलेश दिवाकर, साधेलाल अनंत, दिनेश पांडेय, हरिकपूर राजपूत, रोशन यादव, कौशल मानिकपुरी, राजेंद्र चंद्रवंशी, लखन सिंगरौल, कलम सिंह, संजय चंद्रवंशी, राधे घृतलहरे, शिव कुमार यादव, हेमू साहू, मनीष डाहिरे, मनीष साहू, जोहन, गोविन्द यादव, कृपाल साहू, धनेश कुमार सहित अनेक कांग्रेस कार्यकर्ता एवं ग्रामीण उपस्थित थें।










विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771-4242213, 7987119756, 9303508130

## खबर संक्षेप

### नगर पालिका अध्यक्ष ने किया ध्वजा रोहण



**कवर्धा।** गणतंत्र दिवस के पावन अवसर पर नगर पालिका परिषद कार्यालय भवन में नगर पालिका अध्यक्ष चन्द्रप्रकाश चंद्रवंशी व भारतमाता प्रतिमा सौंदर्यीकरण स्थल में आहिरवार समाज से जीवन लाल आहिरवार ने ध्वजारोहण किया। डॉ.भीमराव अंबडेकर उघान में श्रीमती मनीषा साहू पार्षद वार्ड क्रमांक 20, रानी झांसी बालोद्यान में नगर पालिका उपाध्यक्ष पवन जायसवाल, शारदा संगीत महाविघालय में श्रीमती चित्ररेखा कुंभकार पार्षद वार्ड क्रमांक 15 एवं जय स्तंभ गांधी मैदान में डोनेश राजपूत पार्षद वार्ड क्रमांक 06 ने ध्वजारोहण किया। इसके साथ ही जय स्तंभ चौक में नव निर्मित शहीदों की प्रतिमा पर नगर पालिका परिवार ने माल्यार्पण कर शहीदों को नमन किया। इस अवसर पर नगर पालिका के समस्त पार्षदगण, अधिकारी, कर्मचारी, स्वच्छता दीदी व वरिष्ठ नागरिक अधिक संख्या में उपस्थित थे।

### भारतीय किसान संघ ने किया ध्वजारोहण



**कवर्धा।** बलराम भवन, कवर्धा में भारतीय किसान संघ द्वारा 77 वें गणतंत्र दिवस समारोह का गरिमामय आयोजन किया गया। इस अवसर पर संघ के पदाधिकारी एवं कार्यकर्ताओं की उपस्थिति में जिलाध्यक्ष डोमन चंद्रवंशी के द्वारा ध्वजारोहण किया गया। गणतंत्र दिवस के साथ-साथ ही भारतीय किसान संघ के प्रमुख आयोजनों में से एक भारत माता पूजन भी श्रद्धा एवं भावनात्मक वातावरण में संपन्न हुआ। कार्यक्रम के दौरान भारत माता के चित्र का विधिवत पूजन कर राष्ट्र की एकता, अखंडता एवं समृद्धि के लिए संकल्प लिया गया। समारोह में भारतीय किसान संघ के जिलाध्यक्ष, जिला कार्यकारिणी के पदाधिकारी एवं बड़ी संख्या में संघ के सक्रिय कार्यकर्ता उपस्थित थे। सभी ने संविधान के आदर्शों, किसान हित, स्वदेशी विचारधारा एवं राष्ट्रसेवा के प्रति अपनी प्रतिबद्धता दोहराई।

### कलेक्ट्रेट में कलेक्टर ने फहराया तिरंगा ध्वज



**कवर्धा।** गणतंत्र दिवस के अवसर पर कलेक्ट्रेट कार्यालय में कलेक्टर गोपाल वर्मा ने तिरंगा ध्वज फहराया। इसके पूर्व उन्होंने परिसर में स्थापित राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की प्रतिमा पर पुष्प माला चढ़ाकर उनको नमन किया। कलेक्टर ने इस अवसर पर उपस्थित सभी अधिकारी-कर्मचारियों को गणतंत्र दिवस की बधाई एवं शुभकामनाएं दी। कलेक्टर गोपाल वर्मा ने जिला कार्यालय के सभाकक्ष में अधिकारियों-कर्मचारियों को प्रदेश और देश के हित में कर्तव्यनिष्ठ होकर कार्य करने की अपील की। इस अवसर पर अपर कलेक्टर विनय कुमार पोयाम, नरेन्द्र कुमार पैकरा, सहित विभिन्न विभागों के जिलाधिकारी एवं कर्मचारीगण उपस्थित थे।

### गणतंत्र दिवस में सामूहिक गायन का आयोजन



**कवर्धा।** गणतंत्र दिवस के गौरवपूर्ण अवसर पर राष्ट्रगीत वंदे मातरम् की रचना के 150 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में कवर्धा जिला मुख्यालय स्थित आचार्य पंथ श्री गृंध मुनि नाम साहेब शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय पीजी.कॉलेज मैदान में गणतंत्र दिवस के मुख्य अतिथि उद्योग व जिले के प्रभारी मंत्री लखनलाल देवांगन, कलेक्टर गोपाल वर्मा, पुलिस अधीक्षक धमेन्द्र सिंह सहित उपस्थित विद्यार्थियों, जनप्रतिनिधियों, शिक्षकों तथा नागरिकों द्वारा सामूहिक रूप से वंदे मातरम् गीत का गायन किया गया।

### ग्राम कोदवा में नवधा रामायण का आयोजन

**कोदवागोडान।** प्रतिवर्षानुसार इस वर्ष भी ग्राम कोदवा गोडान में नवधा रामायण का आयोजन बीते 23 जनवरी बसंत पंचमी से शुरू हो चुका है, जो 1 फरवरी तक चलेगा। ग्राम पुरोहित श्री मुरारी पाठक के आचार्यत्व में प्रतिदिन अखंड पाठ और हवन पूजन के अलावा मानस मंडलियों द्वारा मानस गान और प्रवचन का कार्यक्रम होता है। राम कथा की बहती गंगा से गांव का वातावरण आध्यात्मिक और राममय हो गया है, जहां प्रतिदिन मानस मंडलियां आकर श्री रामकथा का गायन वादन और व्याख्या करती हैं। वहीं समय समय पर बाहर से आए विद्वानों का प्रवचन भी होता है, जिससे ग्रामीणों को रामायण की शिक्षा और ज्ञान प्राप्त हो रहा है। ग्रामीणों के सामूहिक सहयोग से आयोजित इस आयोजन में अंचल से प्रतिदिन मानस मंडलियां आकर अपनी प्रस्तुति दे रही हैं। यह आयोजन न केवल ग्रामीणों के लिए एक धार्मिक उत्सव है, बल्कि यह उनके बीच एकता और सहयोग की भावना को भी बढ़ावा देता है।

### प्रकरण निराकरण शिविर का आयोजन 29 को

**कवर्धा।** छत्तीसगढ़ राज्य के 25 वर्ष पूर्ण होने के अवसर पर प्रदेश में रजत महोत्सव का आयोजन किया जा रहा है। कार्यालय संभागीय संयुक्त संचालक, कोष लेखा एवं पेंशन, दुर्ग द्वारा कबीरधाम एवं बेमेतरा जिले के समस्त शासकीय कार्यालयों में कार्यरत अधिकारी, कर्मचारियों के सेवा-पुस्तिका में लंबित वेतन निर्धारण जांच का अनुमोदन तथा सेवानिवृत्त, मृत्यु पश्चात लंबित पेंशन प्रकरणों के निराकरण के लिए 29 जनवरी 2026 को जिला कोषालय कवर्धा में सुबह 10 बजे से कार्यालयीन समय पर एक दिवसीय शिविर का आयोजन किया जा रहा है। जिले के समस्त कार्यालय प्रमुख, आहरण एवं संवितरण अधिकारी उक्त शिविर में संभागीय संयुक्त संचालक, कोष लेखा एवं पेंशन, दुर्ग द्वारा आपत्ति किये गये प्रकरणों के निराकरण एवं अन्य लंबित पेंशन प्रकरणों तथा वेतन निर्धारण के प्रकरणों की जांच के लिए अपने कार्यालय के पेंशन, स्थापना से संबंधित अधिकारी, कर्मचारी को पूर्ण तैयारी कर, आवश्यक दस्तावेजों एवं अभिलेखों सहित उपस्थिति के लिए निर्देशित करने कहा गया है।

---

**अपराध:** हत्या की आशंका, जांच में जुटा पुलिस प्रशासन, क्षेत्र में सनसनी

# ग्राम पैलपार के कुंआ में पड़ा मिला अज्ञात व्यक्ति का शव

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कवर्धा

कबीरधाम जिले के थाना सहसपुर लोहारा अंतर्गत चौकी रणवीर क्षेत्र के सीमावर्ती ग्राम पैलपार में उस समय सनसनी फैल गई, जब गांव के एक कुंआ में अज्ञात व्यक्ति का शव मिला। यह क्षेत्र थान खम्हरिया नगर सीमा से लगा हुआ बताया जा रहा है। ग्रामीणों द्वारा कुंआ में शव देखे जाने की सूचना पुलिस को दी गई। सूचना मिलते ही सहसपुर लोहारा पुलिस और चौकी रणवीरपुर की टीम मौके पर पहुंची। काफी मशक्कत के बाद शव को कुआं से बाहर निकाला गया। शव की स्थिति देखकर प्रथम दृष्टया मामला संदिग्ध प्रतीत हो रहा है, जिसके चलते हत्या की आशंका जताई जा रही है। हालांकि फिलहाल यह स्पष्ट नहीं हो पाया है कि मामला हत्या का है या आत्महत्या का। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पंचनामा कार्रवाई के बाद पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। पुलिस मामले की जांच में जुट गई है। इस घटना से क्षेत्र में सनसनी और दहशत देखी जा रही है।



#### नहीं हुई मृतक की पहचान

पुलिस प्रशासन से मिली जानकारी के अनुसार अभी तक मृतक की पहचान नहीं हो पाई है जिसके लिए प्रयास किए जा रहे हैं। पुलिस आसपास के गांवों और इलाकों में गुमशुदा व्यक्तियों की जानकारी जुटा रही है, ताकि शव की पहचान की जा सके और घटना के कारणों का खुलासा हो सके। पुलिस का कहना है कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट और जांच के बाद ही स्थिति स्पष्ट हो पाएगी। फिलहाल पुलिस मामले की हर पहलू से जांच कर रही है।

#### जिले में नहीं थम रहे अपराध

यहां बताना लाजिमी होगा कि जिले की खस्ताहाल और चौपट कानून व्यवस्था के बीच लगातार इस तरह की घटनाएं सामने आ रही है। बीते दिनो इसी तरह से एक अज्ञात व्यक्ति का शव कवर्धा कोतवाली अंतर्गत लालपुर नर्सरी में खून से लतपथ अवस्था में पड़ा मिला था, जिसकी धारदार हथियार से हत्या की गई थी। बताया जाता है की अभी तक न तो मृतक का अतापता चला है और हत्या करने वालों का कोई सुराग मिल पाया है। इसी प्रकार अभी कुछ दिन पूर्व ही अज्ञात लोगों ने कवर्धा नगर स्थित जी श्याम नगर निवासी एक व्यक्ति के घर में घुसकर उसे करंट लगाकर मारने का प्रयास किया और मौके से फरार हो गए। लेकिन रिपोर्ट के बाद भी आरोपी अभी तक लापता है।

---

## डीएवी मुख्यमंत्री पब्लिक स्कूल में डॉ. वीरेन्द्र साहू ने किया ध्वजारोहण

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कवर्धा



डीएवी मुख्यमंत्री पब्लिक स्कूल में गणतंत्र दिवस के अवसर पर जिला पंचायत सभापति डॉ. वीरेंद्र साहू द्वारा ध्वजारोहण किया गया। इस अवसर पर स्कूली बच्चों ने अनुशासित मार्चपास्ट कर तिरंगे को सलामी दी। कार्यक्रम के दौरान बच्चों द्वारा रंगारंग एवं मनमोहक सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दी गईं, जिनकी उपस्थितजनों ने सराहना की। विद्यालय का प्रतिनिधित्व करते हुए विभिन्न खेलों में राष्ट्रीय एवं राज्य स्तर पर उत्कृष्ट प्रदर्शन कर विजय प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों को मंच से सम्मानित एवं पुरस्कृत किया गया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए जिला पंचायत सभापति डॉ. वीरेंद्र साहू ने कहा कि हमें अपने गणतंत्र पर गर्व है, क्योंकि भारत का संविधान विश्व का सबसे विस्तृत संविधान है। हमारा संविधान देश की आत्मा है, जो प्रत्येक नागरिक को उसके मौलिक अधिकारों के साथ-साथ कर्तव्यों का भी बोध कराता है। यह संविधान जीवन को सरल, सहज और समरस बनाते हुए राष्ट्र प्रथम की भावना को जागृत करता है। उन्होंने कहा कि आज का दिन देश को स्वतंत्रता दिलाने वाले वीर शहीदों एवं संविधान निर्माता सभी विद्वान महानुभावों को नमन करने का दिन है। संविधान में निहित कर्तव्यों के ईमानदार निर्वहन से ही भारत वर्ष 2047 तक एक विकसित राष्ट्र बनेगा। कार्यक्रम में प्रमुख रूप से जनपद सदस्य श्रीमती लक्ष्मी तामेश्वर साहू, सरपंच अनुसुईया चंद्रवंशी, ग्राम पटेल अशोक साहू, सोसायटी अध्यक्ष बलराम साहू, ग्राम पंच बटुक साहू, मोहन साहू, सुखचैन चंद्रवंशी, सागर साहू, महेंद्र साहू, विद्यालय के प्राचार्य जीडी साहू आदि उपस्थित थे।

---

# जिले के धान खरीदी केन्द्रों में जाम की स्थिति

## नहीं हो रहा उठाव, बफर लिमिट से कई गुना धान जाम



■ खपरी में बफर लिमिट से 6 गुना अधिक धान जाम

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कवर्धा

जिले में समर्थन मूल्य पर धान खरीदी अपने अंतिम चरण में पहुंच चुकी है, लेकिन धान के समय पर उठाव और परिवहन की समुचित व्यवस्था नहीं होने से कई उपार्जन केन्द्रों में गंभीर जाम की स्थिति बन गई है। इसका सीधा असर किसानों के साथ-साथ समिति कर्मचारियों पर भी पड़ रहा है। विकासखंड कवर्धा अंतर्गत सेवा सहकारी समिति खपरी-झलमला में धान खरीदी लगभग पूरी हो चुकी है। केवल दो-तीन किसानों से करीब 1000 क्विंटल धान खरीदी शेष है। समिति में अब तक 1207 किसानों से कुल 63,165.60 क्विंटल धान की खरीदी की जा चुकी है। इसके मुकाबले मिलर्स द्वारा मात्र 7,730 क्विंटल और संग्रहण केन्द्र द्वारा केवल 12,493.94 क्विंटल धान का उठाव किया गया है, जो कुल खरीदी की तुलना में बेहद कम है। इसी का परिणाम है कि वर्तमान में केन्द्र्र परिसर में लगभग 42,941 क्विंटल धान जाम पड़ा हुआ है, जबकि खपरी उपार्जन केन्द्र की निर्धारित बफर लिमिट केवल 7,200 क्विंटल है। यानी केन्द्र में क्षमता से लगभग छह गुना अधिक धान जमा हो चुका है। समिति प्रबंधक राकेश चंद्रवंशी ने बताया कि केन्द्र में चारों ओर बारदाने और धान के ढेर लगे हुए हैं, जिससे नए किसानों को समिति कार्यालय तक पहुंचने में भी परेशानी हो रही है। अत्यधिक भंडारण के कारण कर्मचारियों को दिन-रात रखवाली करनी पड़ रही है। यदि शीघ्र उठाव नहीं हुआ तो सूखत और अन्य नुकसान की आशंका भी बढ़ जाएगी। अब तक किसानों को नगद भुगतान के रूप में 9 करोड़ 99 लाख 33 हजार 166 रुपए दिए जा चुके हैं, जबकि ऋण वसूली के रूप में 4 करोड़ 97 लाख 91 हजार 908 रुपए का समायोजन किया गया है। इस तरह कुल मिलाकर लगभग 14 करोड़ 97 लाख 25 हजार रुपए की धान खरीदी हो चुकी है।

#### धान उठाव के प्रति गंभीरता नहीं

इधर, बफर लिमिट से कई गुना अधिक धान जमा होने के बावजूद संबंधित विभागों द्वारा ठोस कार्रवाई नहीं की गई है। न तो मिलर्स के खिलाफ प्रभावी कदम उठाए गए हैं और न ही परिवहन एजेंसियों पर कोई सख्ती दिखाई दे रही है। विभागीय उदासीनता के चलते समिति प्रबंधन और कर्मचारी लगातार दबाव में काम कर रहे हैं। स्थानीय स्तर पर मांग की जा रही है कि धान का शीघ्र उठाव सुनिश्चित किया जाए, ताकि केन्द्रों पर बनी जाम की स्थिति समाप्त हो और किसानों व कर्मचारियों को राहत मिल सके।

---

## राजपूत क्षत्रीय समाज छत्तीसगढ़ जिला कबीरधाम दो सूत्रीय मांगों को लेकर सौंपा ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कवर्धा



राजपूत क्षत्रीय समाज छत्तीसगढ़ जिला कबीरधाम के कार्यकर्ताओं व पदाधिकारियों ने अपनी विभिन्न मांगों को लेकर कलेक्टर को ज्ञापन सौंपा है।

इस संबंध में समाज के पदाधिकारियों ने अपने ज्ञापन में कहा है कि यूजीसी द्वारा 13 जनवरी 2026 को 4 काले नियमों को लागू कर सवर्ण विद्यार्थियों के साथ कुठाराघात किया है। दिग्विजय सिंह की अध्यक्षता वाली सर्वदलीय संसदीय समिति ने उच्च शिक्षा में जातिगत भेदभाव रोकने के नाम पर सवर्ण विद्यार्थियों के भविष्य में अंधेरा कर दिया है। समाज ने बताया कि इस नियम का सेक्शन 3 अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता, समानता और व्यक्तिगत आजादी के अधिकारों का उल्लंघन है। इससे सामान्य वर्ग के विद्यार्थी स्वघोषित अपराधी हो जाएंगे। वोट बैंक की राजनीति में सर्वदलों ने इस पर अपनी सहमति दी है। इसे तत्काल वापस लिया जाना चाहिए, अन्यथा हमारा समाज उग्र आंदोलन करेगा। साथ ही राजपूत क्षत्रीय समाज छत्तीसगढ़ जिला कबीरधाम ने ज्योतिष्पीठाधीश शंकराचार्य स्वामी अविमुक्तेश्वरानन्द सरस्वती के साथ प्रयागराज प्रशासन द्वारा जिस प्रकार दुर्व्यवहार किया जा रहा है, उसका बुरजोर विरोध करते हुए निंदा की है।

सामाजिक पदाधिकारियों ने मांग की है कि यूपी शासन-प्रशासन अतिशीघ्र ज्योतिष्पीठाधीश शंकराचार्य स्वामी अविमुक्तेश्वरानन्द सरस्वती से चर्चा कर उन्हे पूर्ण सम्मान प्रदान करे। अन्यथा इस मामले में भी हमारे समाज के द्वारा उग्र आंदोलन किया जाएगा।

---

### कलेक्टर ने अपने निवास में फहराया तिरंगा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कवर्धा

कलेक्टर गोपाल वर्मा ने गणतंत्र दिवस के अवसर पर 26 जनवरी को जहां जिला कार्यालय में ध्वजा रोहण किया वहीं उन्होने सुबह अपने निवास परिसर में भी तिरंगा ध्वज फहराया। उन्होंने गणतंत्र दिवस की सभी को बधाई और शुभकामनाएं दी। इस अवसर पर अधिकारी कर्मचारियों ने उपस्थित होकर राष्ट्रीय ध्वज को सलामी दी और राष्ट्रगान गाया।

---

### जिला पंचायत में अध्यक्ष ईश्वरी साहू ने धूमधाम से फहराया तिरंगा



**कवर्धा।** जिला पंचायत कबीरधाम में 77 वां गणतंत्र दिवस हर्षोल्लास के साथ मनाया गया और इस दौरान जिला पंचायत अध्यक्ष ईश्वरी साहू ने तिरंगा ध्वज फहराकर सभी को शुभकामनाएं देते हुए अपने कर्तव्यों का बोध कराते हुए राष्ट्र को आगे बढ़ाने के लिए प्रेरणा दी। जिला पंचायत प्रांगण में आयोजित कार्यक्रम के दौरान प्रभारी मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत कबीरधाम विनय कुमार पोयाम, जिला पंचायत सदस्य रामकुमार भट्ट, वीरेंद्र साहू, श्रीमती पूर्णिमा साहू, जिला पंचायत सदस्य प्रतिनिधि मनीराम साहू, विजय पटेल, लोक चंद साहू सहित जिला पंचायत के अधिकारियों कर्मचारियों एवं अन्य जनप्रतिनिधियों ने आपस में एक दूसरे को शुभकामनाएं देकर खुशियां बाटी। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए जिला पंचायत अध्यक्ष ईश्वरी साहू ने कहा कि पूरे विश्व में भारत का लोकतंत्र आदर्श के रूप में विद्यमान है जहां सभी धर्म जाति संप्रदाय के लोग एक साथ मिलकर राष्ट्र की प्रगति पर अग्रसर है तथा संविधान ने सबके अधिकारों को संरक्षित कर प्रगति का समान अवसर दिया है। सन 2047 तक अपने भारत देश को विकसित राष्ट, बनाने के लिए विकसित भारत गारंटी फॉर रोजगार एंड आजीविका मिशन ग्रामीण योजना के महत्व को रेखांकित करते हुए ग्रामीणों को इससे जोड़ने का आह्वान भी किया गया।

---

### कवर्धा के पास बनेगा ओशो आश्रम, तीन दिवसीय ध्यान शिविर सम्पन्न

**कवर्धा।** शहर में आयोजित तीन दिवसीय ओशो आवासीय ध्यान शिविर रविवार को सफलतापूर्वक संपन्न हो गया। इस शिविर में दिल्ली, उत्तर प्रदेश, कैनेडा सहित छत्तीसगढ़ के विभिन्न जिलों से आए ओशो प्रेमियों और स्थानीय साधकों ने तीन दिनों तक ध्यान साधना कर मानसिक शांति और आत्मिक ऊर्जा का अनुभव किया। शिविर का संचालन कर रहे स्वामी बोधीमन्यू ने बताया कि ध्यान व्यक्ति को तनाव, भय और भ्रम से मुक्त कर चेतना के उच्च स्तर तक ले जाता है, और यही ओशो दर्शन का मूल संदेश है। वहीं शिविर के आयोजक स्वामी प्रेम कृष्ण ने जानकारी दी कि कवर्धा के समीप बरभंवर क्षेत्र में एक स्थायी ओशो आश्रम की स्थापना की तैयारी चल रही है। इसके लिए लगभग 12 एकड़ भूमि का चयन किया गया है। प्रस्तावित आश्रम देश-विदेश से आने वाले ओशो प्रेमियों के लिए ध्यान और साधना का प्रमुख केंद्र बनेगा। स्वामी प्रेम कृष्ण के अनुसार, आश्रम निर्माण की प्रक्रिया अगले छह माह से एक वर्ष के भीतर पूरी करने का लक्ष्य रखा गया है। इसी उद्देश्य से लोगों को ध्यान के प्रति जागरूक करने और ओशो विचारधारा से जोडने के लिए इस आवासीय ध्यान शिविर का आयोजन किया गया।

---

**उद्योग व जिले के प्रभारी मंत्री लखनलाल देवांगन ने कवर्धा के मुख्य समारोह में तिरंगा ध्वज फहराया**

# कबीरधाम जिले में उत्साह और उमंग के साथ मनाया गया गणतंत्र दिवस

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कवर्धा

कवर्धा जिला मुख्यालय के आचार्य पंथ श्री गृंध मुनि नाम साहेब शासकीय स्नात्कोत्तर महाविद्यालय पीजी कॉलेज) मैदान में 77 वां गणतंत्र दिवस समारोह उत्साह और उमंग के साथ मनाया गया। गणतंत्र दिवस पर उद्योग व जिले के प्रभारी मंत्री लखनलाल देवांगन ने पीजी कॉलेज मैदान में आयोजित मुख्य समारोह में तिरंगा ध्वज फहराया। मंत्री श्री देवांगन ने रंगबिरंगे गुब्बारे आसमान में छोडे। उन्होंने तिरंगा ध्वज फहराकर परेड का निरीक्षण किया और परेड की सलामी ली तथा जनता के नाम मुख्यमंत्री के संदेश का वाचन किया। इस अवसर पर वंदे मातरम् रचना के 150 वर्ष पूर्ण होने पर राष्ट्रीय गीत वंदे मातरम् का सामूहिक गायन किया गया। इस अवसर पर कलेक्टर गोपाल वर्मा, पुलिस अधीक्षक धमेन्द्र सिंह, डीएफओ निखिल अग्रवाल सहित वरिष्ठ नागरिक उपस्थित थे। समारोह स्थल पर जिले के शासकीय एवं निजी शैक्षणिक संस्थानों के स्कूली बच्चों ने देश भक्ति, लोक कलाओं, लोक गीतों और लोक परंपराओं पर शानदार प्रस्तुति देकर दर्शकों का दिल जीता। दर्शकों ने तालियों की गड़गड़ाहट से उनका उत्साहवर्धन किया। विभिन्न विभागों द्वारा विकास पर आधारित झांकिया निकाली गई तथा उत्कृष्ट कार्य करने वाले अधिकारी-कर्मचारियों को मुख्य अतिथि द्वारा प्रशिस्त पत्र दिया गया। परेड की विभिन्न टुकड़ियों ने देश भक्ति की धुन पर कतारबद्ध होकर सधे हुए कदमों में अनुशासनशीलता के आकर्षक मार्च पास्ट किया। इस अवसर पर सशस्त्र प्लाटून जिला पुलिस बल, नगर सेना के जवानों ने हर्ष फायर किया। गणतंत्र दिवस के अवसर पर 11 परेड दलों ने परेड कंमाडर पुष्पेन्द्र सिंह और सेकेण्ड कमाण्डर त्रिलोक प्रधान के नेतृत्व में प्लाटूनों ने आकर्षक मार्चपास्ट कर मुख्य अतिथि को सलामी दी।



मंच संचालन अवधेश श्रीवास्तव एवं श्रीमती मीरा देवांगन द्वारा किया गया। उद्योग व जिले के प्रभारी मंत्री लखनलाल देवांगन ने मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के संदेश को बताते हुए कहा कि उच्च शिक्षा में भी हमने राष्ट्रीय शिक्षा नीति को लागू किया है। पिछले महीने हमने कबीरधाम में मेडिकल कॉलेज भवन के निर्माण कार्य का शुभारंभ किया है। मुझे लगता है कि छत्तीसगढ़ की रजत जयंती यात्रा को समझना है, तो यहां मेडिकल शिक्षा के विकास को समझना होगा। पहले यहां रायपुर में ही मेडिकल कॉलेज था, अब प्रदेश में 15 मेडिकल कॉलेज स्वीकृत हो चुके हैं। हमारी सरकार ने बिलासपुर में मल्टी सुपर स्पेशलिटी हॉस्पिटल के माध्यम से स्वास्थ्य सुविधाओं को सुदृढ़ किया है। इसके साथ ही कोनी में शासकीय फिजियोथेरेपी कॉलेज के लिए भूमि का चिन्हांकन भी कर लिया गया है। हमने एमबीबीएस की पढ़ाई हिंदी में कराने की व्यवस्था आरंभ की है। आईआईटी की तर्ज पर हम राज्य के जशपुर, बस्तर, कबीरधाम, रायपुर और रायगढ़ में प्रौद्योगिकी संस्थाओं का निर्माण करने जा रहे हैं। हमारी युवा आबादी हमारे लिए बड़ी संभावना है। हम राष्ट्रीय स्तर की संस्थाओं को प्रदेश में ला रहे हैं। नवा रायपुर को हम एडुसिटी के रूप में विकसित कर रहे हैं। हम निफ्ट, नाइलिट और फॉरेंसिक यूनिवर्सिटी जैसे संस्थान यहां आरंभ कर रहे हैं। युवाओं को पढ़ने-लिखने की बेहतर जगह मिल पाए, इसके लिए हम रायपुर नालंबा परिसर के तर्ज पर 34 नगरीय निकायों में अत्याधुनिक लाईब्रेरी बना रहे है।